CMYK

अधिकतम : 19° C
न्यूनतम : 12° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार 19 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 186 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 1 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में हंगामा, लगे मोहन भागवत गो बैक के नारे पेज 2



अभिषेक शर्मा टॉप पर कायम, ईशान किशन की लम्बी छलांग खेल टाइम्स



खेतों की मेढ़ पर खड़ा ग्लोबल वार्मिंग का सच सम्पादकीय



अमेरिका से दूसरे दौर की बातचीत रचनात्मक : अराघची पेज 12

# भारत AI क्षेत्र में असाधारण प्रगति को तैयार: पिचाई

## ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली पहुंचे गूगल चीफ, पीएम मोदी से की मुलाकात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने राजधानी दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। पिचाई भारत में आयोजित ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने आए हैं और 20 फरवरी को समिट में मुख्य भाषण देंगे।

भारत पहुंचने पर पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत लौटकर खुशी हो रही है और यहां हमेशा की तरह गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान श्री सुंदर पिचाई से मिलकर बेहद खुशी हुई। हमने एआई के क्षेत्र में भारत द्वारा किए जा रहे कार्यों और इस क्षेत्र में हमारे प्रतिभाशाली छात्रों और पेशेवरों के साथ गूगल कैसे काम कर सकता है, इस बारे में चर्चा की। पिचाई ने कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में असाधारण प्रगति के लिए तैयार है और गूगल देश के एआई परिवर्तन में साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एआई हमारे जीवन का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बदलाव है, जो स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर डायग्नोस्टिक्स से लेकर किसानों को रियल-टाइम अलर्ट देने जैसे बड़े स्तर की चुनौतियों को हल करने में सक्षम है। पिचाई ने भारत की विविधता, बहुभाषी -शेष पृष्ठ दो पर



**अमेरिका, भारत और दक्षिणी गोलार्ध के कई क्षेत्रों के बीच एआई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नए सबसी केबल रूट विकसित किए जाएंगे**

### एआई एक्सपो को एक दिन के लिए बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** इंडिया एआई एक्सपो समिट 19 फरवरी (आज) को आम लोगों के लिए बंद रहेगा और एक अतिरिक्त दिन 21 फरवरी को खोलने का फैसला किया गया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 20 फरवरी के अलावा एक्सपो अब 21 फरवरी को भी आम लोगों के लिए खुला रहेगा, हालांकि सुरक्षा पाबंदियों और अन्य कार्यक्रमों को देखते हुए 19 फरवरी को आम लोगों के लिए एक्सपो बंद रहेगा। आगंतुकों को परेशानी से बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की बढ़ती दिलचस्पी को देखते हुए एक्सपो का समय पहले ही रात आठ बजे तक बढ़ा दिया गया है। इस बदलाव के साथ एक्सपो 20 और 21 फरवरी को आम लोगों के लिए खुला रहेगा, जबकि सुरक्षा व्यवस्था कारणों से 19 फरवरी को आम लोगों के लिए बंद रहेगा।

### गलगोटिया यूनिवर्सिटी एआई समिट से बाहर

**पहले चीनी रोबोट, फिर ड्रोन को अपना बताया, कांग्रेस बोली- सरकार ने देश की इमेज खराब की**

**नई दिल्ली।** चीनी रोबोट और कोरियन ड्रोन को अपना प्रोजेक्ट बताने वाली गलगोटिया यूनिवर्सिटी को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एक्सपो से बाहर निकाल दिया गया है। आयोजकों ने पहले यूनिवर्सिटी के पवेलियन की बिजली काटी, फिर ताला लगाकर बेरीकेडिंग कर दी गई। यह कार्रवाई उस वीडियो के वायरल होने के बाद हुई है, जिसमें यूनिवर्सिटी ने एक चाइनीज कंपनी के रोबोटिक डॉग को अपनी खुद की खोज बताया था। चीनी रोबो डॉग के साथ ही यूनिवर्सिटी ने कोरियन कंपनी के एक ड्रोन को भी अपना बताया था। इस पूरे मामले पर कांग्रेस ने कहा कि सरकार ने देश की इमेज खराब की है। चीनी मीडिया ने हमारा मजाक उड़ाया है। यह भारत के लिए वाकई शर्मिंदगी की बात है। चीन की कंपनी यूनिट्री ने इस रोबोटिक डॉग को बनाया है, लेकिन यूनिवर्सिटी ने इसे अपना इंवेंशन बताया था। वीडियो में यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर नेहा सिंह कह रही हैं कि इस रोबोटिक डॉग का नाम ओरियन है। इसे गलगोटिया यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने तैयार किया है। उन्होंने ये भी कहा कि यूनिवर्सिटी एआई के क्षेत्र में 350 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।

### एआई समिट में शामिल होने दिल्ली पहुंचे ब्राजील के राष्ट्रपति सिल्वा

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा. सिल्वा पांच दिवसीय भारत दौरे पर बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनका स्वागत विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने किया। विदेश विभाग ने आधिकारिक एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी। बताया ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा. सिल्वा, राजकीय दौरे पर नई दिल्ली आए हैं। उनका विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने स्वागत किया। एमईए ने उनकी यात्रा के दौरान होने वाली अहम बैठक का भी जिक्र किया। आगे लिखा कि इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति लूला इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेंगे और फिर पीएम नरेंद्र मोदी संग द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। मंत्रालय ने इस दौरे को दोनों देशों की साझेदारी को मजबूत करने वाला करार दिया है। इस एक्स पोस्ट में आगे लिखा है कि भारत और ब्राजील के बीच करीबी और कई तरह के रिश्ते हैं। ये रिश्ते, जो रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचे हैं।

### पहला रोज़ा

## संयम और सब्र सिखाता है रोज़ा

इस्लाम मजहब में रोजा, मजहब का सुतून भी है और रूह का सुकून भी। रोजा रखना हर मुसलमान पर फर्ज है। रोजा रखना तुम्हारे लिए ज्यादा भला है अगर तुम जानो। अल्लाह के इस कौल में जो बात साफ तौर पर नजर आ रही है वे यही है कि रोजा भलाई का डाकिया है। रोजा संयम और सब्र सिखाता है। पहला रोजा ईमान की पहल है। सुबह सेहरी करके दिनभर कुछ न खाना-पीना या सोते रहकर शाम को इफ्तार करने का नाम रोजा नहीं है। यानी रोजा सिर्फ भूख-प्यास पर कंट्रोल का नाम नहीं है। बल्कि हर किस्म की बुराई पर कंट्रोल का नाम है। सेहरी से रोजा शुरू होता है।




# क्या भाजपा के मुख्यमंत्री ही देते हैं हेट स्पीच: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने पूछे तीखे सवाल, याचिका पर सुनवाई से इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 12 प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा दायर एक जनहित याचिका की कड़ी आलोचना की और यह कहकर याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया कि यह भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाती है। याचिका में सांविधानिक अधिकारियों के उन बयानों और टिप्पणियों को नियंत्रित करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई थी, जो सांविधानिक मर्यादा के अनुरूप नहीं माने जाते।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि उठाया गया मुद्दा गंभीर है, लेकिन याचिका अपने मौजूदा रूप में कुछ खास व्यक्तियों को ही निशाना बनाती हुई दिख रही है। अदालत ने यह भी कहा कि वह ऐसी किसी याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकती, जिससे यह लगे कि मामला किसी एक व्यक्ति या राजनीतिक दल के खिलाफ है। याचिका में हिमंता बिस्वा सरमा, पुष्कर सिंह धामी, योगी आदित्यनाथ, और नितेश राणे सहित कुछ नेताओं के बयानों का उल्लेख किया गया था। याचिकाकर्ताओं का दावा था कि उन्होंने शोध के दौरान करीब 30 आपत्तिजनक सार्वजनिक बयानों की पहचान की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि इस मामले में तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत है। उन्होंने दलील दी कि स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है और अदालत को इस पर कुछ ठोस कदम उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि याचिका किसी एक व्यक्ति को निशाना बनाने के लिए नहीं है। पीठ ने टिप्पणी की कि याचिका में कुछ लोगों का चयन किया गया है, जबकि अन्य को नजरअंदाज किया गया है, जो उचित नहीं है। अदालत ने सुझाव दिया कि याचिकाकर्ता मौजूदा याचिका वापस लेकर केवल सांविधानिक सिद्धांतों पर केंद्रित नई याचिका दाखिल करें और यह सुनिश्चित करें कि वह किसी विशेष व्यक्ति या दल के खिलाफ न लगे।

### मोदी सरकार ने एआई विश्व सम्मेलन को बनाया तमाशा: राहुल

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने एआई शिखर सम्मेलन को लेकर मोदी सरकार पर बुधवार को हमला किया और कहा कि इस वैश्विक मंच का लाभ उठाने की बजाय मोदी सरकार अपने प्रचार के लिए इस्तेमाल कर इसका तमाशा बना रही है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सम्मेलन से भारतीय प्रतिभाओं को लाभ मिलना चाहिए था, लेकिन सरकार पूरे शिखर सम्मेलन को अव्यस्थित कर इसे जनसंपर्क का तमाशा बना दिया है।

# ममता सरकार बोली: ईडी केंद्र का हथियार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**एजेंसी ने कहा: हमें बंगाल में धमकाया गया**

**सुप्रीम कोर्ट बोला: हम तय करेंगे कौन हथियार और किसे धमकाया गया**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में आई-पैक से जुड़े रेड मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान ममता सरकार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ईडी का उन राज्यों में हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है, जहां विपक्ष की सरकार है।

वहीं केंद्रीय एजेंसी ने पलटवार करते हुए कहा कि हम किसी के हथियार नहीं हैं। बंगाल में ममता सरकार ने हमें धमकाया। दोनों पक्षों के बीच बहस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसका हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है और किसे धमकाया जा रहा है, यह हम तय करेंगे। ईडी ने आई-पैक रेड मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। ईडी का आरोप है कि 8 जनवरी को आई-पैक के ऑफिसों पर रेड के दौरान सीएम ममता बनर्जी और बंगाल पुलिस के अधिकारियों ने उनकी कार्रवाई में रुकावट डाली। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 18 मार्च तक टाल दी है। इससे पहले 3 फरवरी को सुनवाई टाली गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का ईडी की जांच में बाधा डालना बहुत गंभीर मुद्दा है।

# 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर 16 मार्च को चुनाव

**अधिसूचना 26 फरवरी को जारी की जाएगी**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 10 राज्यों से राज्यसभा की रिक्त होने वाली 37 सीटों के लिए चुनाव का कार्यक्रम बुधवार को घोषित करते हुए मतदान की तिथि 16 मार्च निर्धारित की। चुनाव आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार इन चुनावों के लिए अधिसूचना 26 फरवरी को जारी की जाएगी।

नामांकन पत्र पांच मार्च तक दाखिल किए जा सकेंगे और छह मार्च को इनकी जांच की जाएगी। नौ मार्च तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 16 मार्च को कराया जाएगा और उसी दिन मतगणना होगी। चुनाव प्रक्रिया 20 मार्च तक संपन्न कर ली जाएगी। अप्रैल में राज्यसभा से कार्यकाल समाप्त होने वाले सदस्य महाराष्ट्र से डा. भगवत किशनराव कराड, डा. सैयद फौजिया तहसीन अहमद खान, प्रियंका विक्रम चतुर्वेदी, शरद चंद्र गोविंद राव पवार, धैर्यशील मोहन पाटिल, रजनी अशोक राव, रामदास बांडू आठवले, ओडिशा से ममता मोहंता, मुजिबुल्ला खान, सुजीत कुमार, निरंजन बिशी, तमिलनाडु से एनआर एलंगो, पी. सेल्वारासु, एम. थंबी दुरै, तिरुचि शिवा, डा. कनिमोझी एनवीएन सोमु और जीके वासन हैं। पश्चिम बंगाल से साकेत गोखले, ऋतब्रत बनर्जी, बिकाश रंजन भट्टाचार्य, मौसम नूर (पांच जनवरी 2026 से सीट रिक्त), सुब्रत बख्शी, असम से रामेश्वर तेली, भुवनेश्वर कलिता, अजीत कुमार भुइयां, बिहार से अमरेन्द्र धारी सिंह, प्रेम चंद्र गुप्ता, राम नाथ ठाकुर, उपेन्द्र कुशवाहा, हरिवंश नारायण सिंह, छत्तीसगढ़ से कवि तेजपाल सिंह तुलसी, फूलो देवी नेताम, हरियाणा से किरण चौधरी, रामचंद जांगड़ा, हिमाचल प्रदेश से इंदु बाला गोस्वामी, तेलंगाना से डा. अभिषेक मनु सिंघवी और के आर सुरेश रेड्डी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिबंधित संगठन पीएफआई का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े एक मामले में पिछले तीन साल से फरार चल रहे एक आरोपी को बुधवार को कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लौटा था, तभी एनआईए ने उसे हिरासत में ले लिया गया। यह आरोपी केरल के मलप्पुरम जिले के वलांचेरी निवासी मोइदीनकुट्टी पी. है। और वह केरल में पीएफआई के शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण का समन्वयक था। वह सितम्बर 2022 में मामला दर्ज होने के बाद से ही फरार हो गया था।

### तीन शावकों के जन्म से चीता की संख्या बढ़कर हुई 38

**नई दिल्ली।** कूनो नेशनल पार्क में तीन शावकों के जन्म के बाद चीतों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो गई है। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीकी चीता और दूसरी बार मां बनी गामिनी के तीन चीते के बच्चों के जन्म की घोषणा की। श्री यादव ने सोशल मीडिया पर यह खबर साझा करते हुए लिखा कि कूनो में तीन नए शावकों का स्वागत हुआ, दक्षिण अफ्रीका से चीतों के आने के तीन साल पूरे होने के मौके पर कुनो में एक नया अध्याय शुरू हुआ।

# भविष्य में डेटा और एआई से जीती जाएगी जंग

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सेना की युद्धक तैयारी को बेहतर बनाएगा एआई**

**एआई की मदद से अब मशीनें पहले ही बता देंगी कौन सा सिस्टम कब खराब हो सकता है**

**नई दिल्ली।** इंडियन आर्मी अब टेक्नोलॉजी के मोर्चे पर कई बड़ी पहल कर रही है। राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान सेना ने साफ कर दिया कि आने वाले समय की लड़ाई सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जीती जाएगी।

बुधवार को स्मार्टाइजिंग द किल चेन विषय पर हुए एक खास सेमिनार में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत के दिग्गज और बड़े शिक्षण संस्थानों के विशेषज्ञ जुटे। इसका मकसद था, कैसे एआई के जरिये हथियारों, वाहनों, ड्रोन और दूसरे सैन्य प्लेटफॉर्म्स को इतना स्मार्ट बनाया जाए कि युद्ध के हर चरण में तेजी, सटीकता और प्रभावशीलता बढ़े। एआई की मदद से अब मशीनें पहले ही बता देंगी कि कौन सा सिस्टम कब खराब हो सकता है, किस हिस्से में दिक्कत आने वाली है और कहां संसाधन पहले से भेजने होंगे। यानी अब मरम्मत बाद में नहीं, पहले से तैयारी होगी। यहां डीजी ईएमई लेफ्टिनेंट जनरल राजीव कुमार साहनी ने कहा कि उद्योग जगत के पास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर ऑपरेशनल सटीकता प्रभावी बनाने का बड़ा अवसर है। बड़ी मात्रा में सेंसर से मिलने वाले डेटा को कार्रवाई योग्य जानकारी में बदला जा सकता है। उभरते खतरों का पहले से अनुमान लगाया जा सकता है और पुराने हथियार सिस्टम को आधुनिक, डेटा-सक्षम और स्मार्ट प्लेटफॉर्म में अपग्रेड किया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्नत एनालिटिक्स के जरिये इंजीनियरिंग सपोर्ट को तेज करना जरूरी है, ताकि ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स अधिक मजबूत और सक्रिय बन सके। साथ ही उन्होंने भविष्य के युद्ध में निर्णायक बढ़त हासिल करने के लिए मानव रहित हवाई प्रणालियों, काउंटर-यूएएस सिस्टम और रोबोटिक प्लेटफॉर्म्स में एआई के एकीकरण पर भी विस्तार से चर्चा की। सेना मौजूदा हथियार सिस्टम और प्लेटफॉर्म्स को भी स्मार्ट बना रही है। उनमें सेंसर लगाए जा रहे हैं। इससे बिना ज्यादा खर्च किए मौजूदा संसाधनों की ताकत कई गुना बढ़ाई जा सकेगी। सेमिनार में यह भी चर्चा हुई कि ड्रोन, काउंटर-ड्रोन सिस्टम और रोबोटिक प्लेटफॉर्म्स में एआई का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे स्पष्ट है कि भविष्य के युद्धों में इंसान से ज्यादा मशीनों की भूमिका होगी और जो सेना टेक्नोलॉजी में आगे होगी।

# राहुल गांधी देश की सुरक्षा के लिए खतरा: रिजिजू

**कहा: उनके नक्सलियों से रिश्ते, संसद में उनका बर्ताव बचकाना**

**ऐसा नेता विपक्ष इतिहास में नहीं देखा**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी भारत की सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक इंसान बन गए हैं। वे भारत विरोधी ताकतों से जुड़े हैं।

वे नक्सलियों, उग्रवादियों और जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों से मिलते हैं। रिजिजू ने आगे कहा कि संसद में राहुल गांधी का बर्ताव बचकाना और गैर-जिम्मेदाराना है। एक लीडर ऑफ अपोजिशन पूरे विपक्ष को रिप्रेजेंट करता है। संसद के बाहर जाकर लोगों को देशद्रोही कहना, ड्रामा वाले सिट-इन करना और एक अनपब्लिश्ड किताब लहराना। यह सब बच्चों जैसा बर्ताव है। हमने भारत के इतिहास में ऐसा लीडर ऑफ अपोजिशन कभी नहीं देखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम सिर्फ संसद में हंगामा करना है। कांग्रेस कहती है कि हम उन्हें बोलने नहीं देते। लेकिन जैसे ही वे (राहुल गांधी) अंदर आते हैं। हंगामा, बैनर और नारेबाजी शुरू हो जाती है।

# किसानों के प्रार्थना पत्रों पर खानापूर्ति

## संतोषजनक समाधान करने की जगह प्रार्थना पत्रों को निष्क्रिय करने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** किसान दिवस में किसानों की समस्याओं से संबंधित दिए गए प्रार्थना पत्रों पर संतोषजनक समाधान करने की जगह सिर्फ प्रार्थना पत्र को निष्क्रिय करने के लिए फर्जी खानापूर्ति करने पर भाकियू पदाधिकारियों ने आक्रोश जताया। जिस पर किसान दिवस के जिम्मेदार अधिकारियों ने भविष्य में सभी प्रार्थना पत्रों पर समय से संज्ञान लेते हुए एप्लीकेंट को भी सूचना देने के भरोसा दिलाने पर भाकियू पदाधिकारी शांत हुए और जिले भर के किसानों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र सौंपते हुए किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की।



भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने कहा कि जिले के अधिकारी किसानों की गंभीर समस्याओं के प्रति तत्परता न दिखाकर सिर्फ खानापूर्ति करने का ही परिणाम है कि आज किसान दिवस में मात्र चार भाकियू पदाधिकारी ही शामिल हुए है। जबकि जिले भर के किसान अपनी अनके समस्याओं से जूझ रहे है और अधिकारियों के छोटे-छोटे प्लेटफार्म पर किसानों का शोषण जारी है। फिर भी जिले भर के किसान और किसान नेता किसान दिवस में एप्लीकेशन लगाने नहीं आ पहुंच रहे है।

भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने कहां कि अधिकारियों द्वारा किसानों की समस्याओं के प्रति अनदेखी के कारण ही आज जिले भर से सभी विभागों के कई दर्जन अधिकारी किसान दिवस में किसानों के आने का इंतजार देख रहे हैं। अगर किसानों की समस्याओं पर सुनवाई होकर समाधान होने की जगह संबंधित अधिकारियों द्वारा सिर्फ खाना पूर्ति किए जाने की रिपोर्ट अग्रसारित करने और ऐसी रिपोर्ट अग्रसारित करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही अमल में लाई जाती, तो आज किसानों का किसान दिवस की कार्य प्रणालियों से मोह भंग न होता। कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। खेतों में बिजली कई जर्जर लाइन निकल रही हैं और कोई देखने वाला नहीं है। कहा कि खेत में गुलदार दिखाई देने के मामले बढ़ते जा रहे हैं और अब तक वन विभाग के अधिकारियों ने कोई तैयारी नहीं कि है। गुलदारों से निजात दिलाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, प्रदेश महासचिव ठाकुर रामावतार चौहान, जिला सचिव अमित मान और पूर्व युवा जिला संगठन मंत्री नुसरत कुरैशी ने किसान दिवस में जिले भर के किसानों व जन समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन सभी अधिकारियों को सौंपते हुए कहां कि अगर अबसे किसान दिवस में आने वाली शिकायतों में खानापूर्ति की गई, तो भाकियू किसान दिवस के दिन विकास भवन में आंदोलन किया करेगी।

किसान दिवस में उपनिदेशक कृषि घनश्याम वर्मा, जिला कृषि अधिकारी जसवीर तेवतिया, जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह, उपनिबंधक सहकारिता राजवीर सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. लोकेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# बाढ़ आपातकाल के लिए मॉक ड्रिल

### एनडीआरएफ समेत कई विभागों ने लिया गंगा बैराज पर हिस्सा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय आपदा मोचक बल (एनडीआरएफ) और जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के तहत बाढ़ आपातकाल से निपटने के लिए एक जिला स्तरीय मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया।

मॉक ड्रिल से पहले अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ एक टेबल टॉक बैठक हुई। इसमें एनडीआरएफ के अधिकारियों के साथ-साथ स्वास्थ्य, पंचायत, पशुपालन, सिंचाई और राजस्व विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह की अध्यक्षता में यह जिला स्तरीय मॉक एक्सरसाइज ठीक 2 बजे गंगा बैराज स्थल पर शुरू हुई। कार्यक्रम स्थल पर राजस्व विभाग ने टेंट, कुर्सियां, लंच पैकेट और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई थी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एम्बुलेंस तथा मेडिकल एवं पैरामेडिकल स्टाफ भी मौजूद था। एनडीआरएफ, पीएसी, होमगार्ड और आपदा मित्र के जवान बाढ़ से बचाव के लिए आवश्यक उपकरणों के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित थे। अग्निशमन विभाग के जवान और वाहन भी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी के साथ मौजूद थे। शीश महल को अस्थाई अस्पताल के रूप में व्यवस्थित किया गया था, जहां रेस्क्यू ऑपरेशन में बचाए गए बेहोश और घायल व्यक्तियों को उपचार के लिए भर्ती किया गया।

सायरन बजते ही, एनडीआरएफ के जवान मोटरबोट लेकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फंसे लोगों को बचाने के लिए निकले। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान उन्होंने डूबते हुए लोगों को बचाने के साथ-साथ बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। बेहोश और जख्मी लोगों को तैयार खड़ी एंबुलेंस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। कार्यक्रम के अंत में, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) ने अभ्यास में योगदान देने वाले आपदा मित्रों को लाइफ जैकेट सहित आपदा संबंधी उपकरण प्रदान किए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर रितु चौधरी, डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला, जिला मलेरिया अधिकारी, एनडीआरएफ के कमांडर सूर्य कुमार, आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव सहित पुलिस, स्वास्थ्य, होमगार्ड, फायर सेफ्टी, सिंचाई और राजस्व सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# विकास कार्यों के भुगतान के नाम पर गलत बिल वाउचर अपलोड

### ई-ग्राम स्वराज पोर्टल ने खोली सदाफल पंचायत की पोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत सदाफल में ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर दर्ज भुगतान विवरणों ने पंचायत की कार्यप्रणाली की पोल खोल कर रख दी है। सरकारी रिकॉर्ड से साफ हो गया है कि ग्राम में कराए गए लगभग सभी विकास कार्यों का भुगतान नियमों को ताक पर रखकर किया गया है। अलग अलग मदों में दिखाए गए कार्यों के नाम पर भले ही अलग हों, लेकिन भुगतान लगभग हर जगह एक ही ठेकेदार के खाते में गया है।

पोर्टल में उपलब्ध जानकारी के अनुसार 21 मई 2025 को ग्राम पंचायत सदाफल में हैंडपंप मरम्मत कार्य के नाम पर 5600 रुपये का भुगतान बहजाद अली कांट्रेक्टर को किया गया है, जबकि इस भुगतान के साथ जो वाउचर अपलोड किया गया है, वह हैंडपंप मरम्मत का न होकर केयर टेकर के मानदेय से संबंधित है। इस वाउचर में राशि 6000 रुपए दशाई गई है और भुगतान जय दुर्गा स्वयं सहायता समूह के नाम अंकित है। यानी जिस काम के लिए भुगतान दिखाया गया, उसका प्रमाणपत्र किसी और मदद का है। ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर नजर डालें तो यह भी सामने आता है कि ग्राम में चाहे हैंडपम्प मरम्मत हो या पानी की टंकी फिटिंग, बेंच खरीदनी हो या ई-लोडर की मरम्मत, साइन बोर्ड बनवाना हो या सीसी रोड का निर्माण, यहां तक कि दवा छिड़काव जैसे छोटे कार्य भी हो लगभग हर भुगतान एक ही ठेकेदार विजयपाल के नाम दर्शाया गया है। इससे स्पष्ट है कि पंचायत में विकास कार्यों की ठेकेदारी पूरी तरह तक व्यक्ति तक सीमित होकर रह गई है। सबसे गंभीर बात यह है कि सीसी रोड जैसे निर्माण कार्यों में नियमों के अनुसार मेजरमेंट बुक होना अनिवार्य है, जिसमें कार्य की लंबाई, चौड़ाई और गुणवत्ता का तकनीकी विवरण दर्ज रहता है, लेकिन पोर्टल पर एमबी की जगह सिर्फ ठेकेदार के लेटरहेड पर तैयार किया गया सामान्य बिल या बाउचर ही अपलोड किया गया है।

इस तरह हैंडपंप मरम्मत या टंकी फिटिंग जैसे तकनीकी कार्यों में भी किसी प्रकार की इंजीनियर रिपोर्ट या सत्यापन दस्तावेज नहीं हैं, सिर्फ साधारण बाउचर लगाकर भुगतान कर दिया गया है।

# तेज रफ्तार बाइक की कार से टक्कर, पांच घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कोतवाली देहात रोड पर कार मोड़ते समय तेज रफ्तार बाइक से टकरा गई, जिससे कार चालक सहित पांच घायल हो गए।

कोतवाली देहात-नहटौर मार्ग स्थित ग्राम सराय डेडूंबर निवासी चार छात्र शाहरुख, आमिर, रेहान और अनस बाइक पर सवार होकर ग्राम तुखमापुर रहमपुर स्थित किसान इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की परीक्षा देकर वायस अपने गांव लौट रहे थे। दोपहर के लगभग दो बजे जैसे ही वह नगीना बिजनौर मार्ग पर काली माता की प्रतिमा के पास पहुंचे तभी सामने की दिशा से आ रही एक टाटा इंडिगो कार चालक ने कार को दूसरी दिशा में बने बॉश नामक प्रतिष्ठान में जाने के लिए 90 डिग्री पर मोड़ दिया, जिससे तेज रफ्तार बाइक कार के दरवाजे पर जोर से टकरा गई। जिससे राजा का ताजपुर निवासी 61 वर्षीय कार चालक राजेश यादव पुत्र छोटे लाल व नाबालिग बाइक चालक शाहरुख गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पर बैठे तीन अन्य छात्र भी मामूली रूप से जख्मी हो गए। दुर्घटना में जहां बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं कार का चालक की विपरीत दिशा का दरवाजा भी अंदर की ओर धंस गया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से पांचों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों पक्षों के घायलों को जिला अस्पताल बिजनौर रैफर कर दिया।





एक अन्य हादसे में ग्राम मंझेड़ा निवासी 55 वर्षीय मुनीजा नगीना बस स्टेशन पर बस से उतरते समय पैर फिसलने के कारण गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

## डॉ. राखी आनंद अग्रवाल ने किया रूम डेकोरेट शॉप का शुभारंभ

**नजीबाबाद।** नगर के जलालाबाद रोड पर स्टैब्स ग्राउंड के पास रूम डेकोरेट शॉप का उद्घाटन डॉ. राखी आनंद अग्रवाल एवं डॉ. संदीप अग्रवाल ने फीता काटकर किया। प्रतिष्ठान के मालिक मौहम्मद दानिश एवं उनकी पत्नी अंजुम खान ने दोनों अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. राखी आनंद अग्रवाल एवं डॉ. संदीप ने कहा कि मिस्टर दानिश एवं अंजू खान ने प्रतिष्ठान खोलकर नजीबाबाद को सस्ती व अच्छी क्वालिटी की चादर, तकिया, तोलिया, सोफा व तकिया कवर के डेकोरेशन का सामान रखकर बहुत अच्छा कदम उठाया है। इस शॉप से लोगों को बहुत फायदा होगा।

## विधायक ने चुनाव आयोग को बताई एसआईआर की समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नौ सपा विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ से मिला और एसआईआर प्रकिया में हो रही गड़बड़ियों की शिकायत चुनाव आयोग से की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी विधायकों को किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने का आश्वासन दिया।

इस दौरान मौजूद रहे विधायक मनोज पारस ने नगीना विधानसभा क्षेत्र में आ रही विभिन्न समस्याओं को चुनाव आयोग के समक्ष रखा। जिनमें बीएलओ द्वारा फॉर्म-6 ऑनलाइन न करने या ऑनलाइन करने पर भी साइट पर पेंडिंग दिखाने, एसडीएम द्वारा जन्म प्रमाण पत्र जारी न करने, बीएलओ द्वारा बिना जन्म प्रमाण पत्र के फॉर्म-6 नहीं जमा करने, नोटिस प्राप्तकर्ताओं को अथॉरिटी लेटर बीएलओ के समक्ष उपस्थित होकर ही प्रस्तुत करने, बीएलओ की ट्रेनिंग अपूर्ण होने, बीएलओ पर जबरदस्ती नियुक्ति थोपने, फर्जी हस्ताक्षर से फॉर्म-7 भरने, बस्ता बनाने हेतु दी गई मतदाता सूची के पोलिंग पार्टी की सूची से भिन्न होने के संबंध में चर्चा की।

# रमजान के मद्देनजर शांति समिति की बैठक

### मिलजुल कर त्योहार मनाने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** माह ए रमजान अल मुबारक को लेकर थाना कोतवाली प्रांगण में शांति समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के गणमान्य व्यक्तियों सहित उलेमाओं की मौजूदगी रही।

बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष विजेन्द्र सिंह राठी ने कहा कि रमजान माह इबादत का महीना होता है। किसी भी धर्म का त्यौहार हो सभी को मिलजुल कर भाईचारा के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया।



शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक मनीष कुमार ने कहा कि आगामी त्यौहारों में पुलिस प्रशासन का सहयोग करे। सभी वक्ताओं ने रमजान अल मुबारक के मौके पर अफ्तार के समय बाइक द्वारा बाजारों व बस स्टैंड आदि से रोजा अफ्तार के सामान की खरीदारी करने वाले वाहन चालकों को पुलिस द्वारा परेशान एवं चैकिंग न करने या अपील की।

वक्ताओं ने बैठक में मौजूद लोगों से अपील की कि वह अपने नाबालिग बच्चों को दोपहिया व चार पहिया वाहन न चलाने दें। विशेष कर सहरी के समय तथा दुपहिया वाहन चालकों से हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की अपील की।

इस अवसर पर एसएसआई श्रीपाल सिंह, कस्बा इंचार्ज एसआई मनीष कुमार, एसआई राजीव कुमार, एसआई हरवीर सिंह, पूर्व विधायक, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व चेयरमैन नफीस अहमद कुरैशी, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी, मुफ्ती सईदुर्रहमान, मौलाना मुख्तयार अहमद, इमाम मस्जिद मरकज, सभासद कलवा कुरैशी, सभासद मुकीब खां सूरी, प्रधान पति रईस एड., समाजसेवी कमालुद्दीन अंसारी, शकील कुरैशी, प्रधान मौहम्मद उमर, प्रधान हरवंश सिंह सैनी, प्रधान पति वहीदुर्रहमान अंसारी, पूर्व प्रधान बलकार सिंह, नबील अहमद, रूपक ठाकुर, रोबिन सिंह नगर पालिका परिषद, मौलाना ओवैस दुलीचन्दपुर, प्रधान पति तसव्वुर कुरैशी, मौलाना मौहम्मद रियाज इमाम मनोहर वाली, हाफिज सबकसगीन, कारी मुस्तकीम आदि उपस्थित रहे।

## सरकार द्वारा भेजी गई आर्थिक सहायता का लाभ न मिलने से आक्रोश

**नगीना।** सरकार द्वारा काष्ठ कला व्यवसाय के उत्थान के लिए कई प्रकार की आर्थिक सहायताएं विभिन्न रूप से समय-समय पर भेजी जाती रही हैं। जिनमें मजदूर से लेकर उद्योगपतियों तक का ख्याल रखा गया है। वहीं दूसरी ओर इन आर्थिक सहायताओं का लाभ इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को न पहुंच कर कुछ तथाकथित संस्थाओं को पहुंच रहा है। तथाकथित संस्थाएं गरीब मजदूरों के प्रशिक्षण सहित विभिन्न उद्देश्यों को दिखाकर सरकार से आर्थिक सहायता तो ले आते हैं। परन्तु धरातल पर उसका लाभ मजदूर, कारीगर, व्यवसाई, उद्यमी आदि काष्ठ हस्तशिल्प क्षेत्र से जुड़े लोगों को नहीं पहुंच रहा है। काष्ठ हस्तशिल्प उद्योग से जुड़े लोगों ने कामन वेलफेयर फैसिलिटी सेंटर शुरू करने, प्रशिक्षण अनुदान की सहायता राशि से लोगों को प्रशिक्षण दिलाने, प्रशिक्षण केंद्र को प्रयोग में लाए जाने, मजदूरों व कारीगरों को पेंशन देने की मांग की है।

## नगीना के कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान में लिया भाग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** जिला संगठन द्वारा बिजनौर नगर में आयोजित इस कार्यक्रम में नगीना से पहुंचे भाजपाइयों में क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, पूर्व विधायक सतीश गौतम, प्रांतीय पार्षद रोहित कुमार रवि, क्षेत्रीय संयोजक फूल सिंह चौधरी, मंडल अध्यक्ष अंजलि मित्तल, सौरभ मित्तल, कयूम रायन, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, रजनी चंद्र कालरा, अनुज अग्रवाल, कुलदीप त्यागी, अशोक सैनी, रवि प्रजापति, तूफान सिंह सहित अन्य कई कार्यकर्ता इस मौके पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के महामंत्री हरिओम शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

## आशा कार्यकर्ताओं का धरना, बकाया वेतन दिलाने की मांग

**नजीबाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर आशा कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में 100 से अधिक आशा कार्यकर्ता शामिल हैं, जो बकाया वेतन और प्रोत्साहन राशि के भुगतान के साथ-साथ सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिए जाने की मांग कर रही हैं। आशा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उनसे टीबी, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, आभा आईडी, गोल्डन कार्ड, जननी सुरक्षा और प्रसव संबंधी विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के लिए अत्यधिक काम लिया जाता है। हालांकि, उन्हें इस काम के अनुरूप वेतन और प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया जाता है। उनकी प्रोत्साहन राशि पिछले चार महीने से लंबित है। उनकी प्रमुख मांगों में लंबित भुगतान को तत्काल जारी करना, उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा देना, संविदा श्रमिकों को निर्धारित मानदेय प्रदान करना, सुरक्षा की गारंटी, 50 लाख रुपये का सड़क दुर्घटना बीमा और प्रत्येक सीएचसी पर रुकने की उचित व्यवस्था शामिल है।

## यूपी हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाएं शुरू

**लखनऊ।** एशिया के सबसे बड़े शिक्षा बोर्ड के रूप में शामिल उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई। परीक्षा के पहले दिन प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने लखनऊ स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, विक्रमादित्य मार्ग (जियामऊ) परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा, निगरानी एवं परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत एआई....** पारिस्थितिकी और मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को नवाचार के लिए मजबूत आधार बताते हुए कहा कि यह वैश्विक स्तर पर एआई के लोकतांत्रिक उपयोग का एक मॉडल बन सकता है। उन्होंने जोर दिया कि एआई का विकास भरोसे, सुरक्षा और समावे. शिता को प्राथमिकता देते हुए होना चाहिए, ताकि तकनीक स्थानीय भाषाओं और संदर्भों में लोगों तक वास्तविक लाभ पहुंचा सके। इस दौरान पिचाई ने इंडिया-अमेरिका कनेक्ट इनिशिएटिव की भी घोषणा की, जिसके तहत अमेरिका, भारत और दक्षिणी गोलार्ध के कई क्षेत्रों के बीच एआई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नए सबसी केबल रूट विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गूगल भारत में फुल-स्टैक कनेक्टिविटी पर काम कर रहा है और भविष्य को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने भारत में 15 अरब डॉलर के एआई हब की योजना का भी जिक्र किया, जिसमें गीगावाट-स्तर की कंप्यूटिंग क्षमता और अंतर्राष्ट्रीय सबसी केबल गेटवे शामिल होगा, जिससे रोजगार सृजन और उन्नत एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही गूगल ने स्किलिंग कार्यक्रमों की भी घोषणा की, जिसमें अंग्रेजी और हिंदी में गूगल एआई प्रोफेशनल सर्टिफिकेट प्रोग्राम शामिल है, जो छात्रों और शुरुआती करियर के पेशेवरों को लक्षित करेगा। अन्य पहलों में कर्मयोगी भारत के साथ 2 करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारियों को समर्थन, अटल टिंकरिंग लैब्स के साथ 10,000 स्कूलों में जेन एआई टूल्स की शुरुआत और 30 मिलियन डॉलर का एआई फॉर साइंस इम्पैक्ट चैलेंज भी शामिल है। पिचाई ने कहा कि एआई का सबसे बड़ा प्रभाव तब होता है जब इसे समुदायों को समझने वाली संस्थाओं के साथ मिलकर विक. सित और लागू किया जाए, और इसी दिशा में आईआईटी, सरकारी एजेंसियों और स्थानीय संस्थानों के साथ साझेदारी के जरिये जिम्मेदारीपूर्ण और व्यापक स्तर पर एआई पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

## शासनादेशों के अनुपालन में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बुधवार को लोकतांत्रिक व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों की भूमिका और शासनादेशों के अनुपालन को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने स्पष्ट कहा कि यदि अधिकारियों के स्तर पर विधायकों से संबंधित शासनादेशों का पालन नहीं किया जाता है, तो यह सेवा नियमावली का उल्लंघन है और ऐसे मामलों में नियमानुसार कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि शासन स्तर से प्रस्तुत प्रकरणों में आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं और पूर्व में निर्गत आदेशों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास से ही जनप्रतिनिधि सदन में पहुंचे हैं। इस विश्वास की रक्षा करना शासन, प्रशासन और सभी संवैधानिक संस्थाओं का दायित्व है। संविधानिक प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तुत मामलों में अपेक्षित कार्रवाई करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सदन में होने वाली चर्चाएं, पारित संकल्प और प्रस्ताव संविधानसम्मत प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं और उनका अनुपालन कराना संवैधानिक दायित्व है। सदन के निर्णयों का सम्मान किया जाना चाहिए और सभी सदस्यों से अपेक्षा की गई कि वे मर्यादा का सम्मान करते हुए अपनी-अपनी संवैधानिक सीमाओं में कार्य करें।

# संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में हंगामा

### लखनऊ विश्वविद्यालय में लगे मोहन भागवत गो बैक के नारे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर लखनऊ प्रवास पर पहुंचे। संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के लखनऊ विश्वविद्यालय दौरे के दौरान बुधवार को परिसर में हंगामा हो गया। कार्यक्रम स्थल के बाहर एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस से जुड़े छात्रों ने जमकर नारेबाजी की और 'गो बैक' के नारे लगाए।

जानकारी के अनुसार, मोहन भागवत संघ के शताब्दी समारोह के तहत विश्व. विद्यालय पहुंचे थे। उनके आगमन से पहले ही एनएसयूआई और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों से जुड़े छात्र संगठनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेडिग पार करने की कोशिश की, जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए कई छात्रों को हिरासत में ले लिया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक स्थिति को जल्द ही नियंत्रित कर लिया गया और कार्यक्रम निर्धारित कार्यक्रमानुसार संपन्न हुआ। वहीं प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना था कि वे विश्वविद्यालय परिसर में संघ प्रमुख के आगमन का विरोध कर रहे थे। घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर में कुछ समय तक तनाव का माहौल रहा, हालांकि बाद में स्थिति सामान्य हो गई।यूजीसी कानून के विरोध में छात्रों ने भागवत के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### मंदिर, कुएं और श्मशान सभी हिंदुओं के लिए खुले हों, कोई भेदभाव न हो: भागवत

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने हिन्दू एकता पर बल देते हुए कहा कि मंदिर, कुएं और श्मशान सभी हिंदुओं के लिए खुले होने चाहिए, इनमें किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के माधव सभागार में मंगलवार देर शाम आयोजित कार्यकर्ता कुटुंब मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को यह समझाना होगा कि करियर का अर्थ केवल पैसा कमाना और उपभोग करना नहीं है। असली करियर वह है, जिसमें व्यक्ति समाज और देश के लिए कुछ कर सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जिससे बच्चे अमीर बनकर दान देना और दूसरों के लिए जीना सीखें। विद्या और धन देश के हित में अर्जित किए जाने चाहिए और बच्चों में यह संस्कार विकसित हों कि राष्ट्र सर्वोपरि है। डा. भागवत ने कहा कि संघ पूरे हिंदू समाज को एक मानता है और सामाजिक समरसता भाषणों से नहीं, बल्कि व्यवहार से आती है। इसके लिए व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर मेलजोल बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि संघ के कुटुंब में जाति-पाति का कोई स्थान नहीं है और यही भाव समाज में भी स्थापित करना होगा। समाज की मूल इकाई व्यक्ति नहीं, बल्कि परिवार है। सामा. जिक व्यवहार की पहली पाठशाला परिवार ही होता है।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद



पहला रोजा वक्त इफ्तार 19 फरवरी शाम 6:13

दूसरा रोजा वक्त सहरी 20 फरवरी सुबह 5:26



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौहम्मद गाजी

पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़
विधानसभा क्षेत्र




# युवक की मौत

## दो युवक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** सड़क हादसे में एक की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार चंदक की तरफ से बाइक पर आ रहे तीन युवकों की बाइक मंडावर के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंभे से टकरा गई। जिससे बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तीनों को एम्बुलेंस की मदद से तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि बाइक सवार विवेक उर्फ विक्की पुत्र राजकुमार और अतुल पुत्र योगेन्द्र निवासीगण आलमपुर उर्फ गंगावाला एवं मोहित पुत्र नरेश निवासी मौहल्ला शाहविलायत (मंडावर) तेजी के साथ आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ग्राम रतनपुर के पास पहुंची, तो सड़क किनारे खड़े खंभे से टकरा गई। घायल विवेक उर्फ विक्की (22 वर्ष) को बचाया नहीं जा सका। घायल दोनों युवकों का अस्पताल में उपचार जारी है।


मुकद्दस रमजान की बधाई

डॉ. मनोज वर्मा

वर्मा मैटरनिटी एवं
नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा




# थानाध्यक्ष राम प्रताप की कुशल कार्यशैली से बढ़ा जनविश्वास



## शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली में तैनात थानाध्यक्ष राम प्रताप अपनी निष्पक्ष, सख्त और पारदर्शी कार्यशैली के कारण चर्चाओं में हैं। कानून व्यवस्था के पालन में कठोरता और आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार ने उन्हें जनता के बीच विश्वास का प्रतीक बना दिया है।

थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सहानुभूतिपूर्वक सुनना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। वह प्रत्येक प्रार्थना-पत्र को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण पर बल देते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जहां कुछ अधिकारी शिकायतकर्ताओं से दूरी बनाए रखते हैं, वहीं थानाध्यक्ष राम प्रताप उनसे सीधे संवाद स्थापित कर समाधान का प्रयास करते हैं। हाल ही में वर्मा परिवार के दो भाइयों के बीच चल रहे विवाद को उन्होंने मात्र दस मिनट में समझौते के माध्यम से सुलझा दिया। लंबे समय से चला आ रहा यह प्रकरण उनकी सूझबूझ और संतुलित हस्तक्षेप से समाप्त हुआ, जिससे परिवार में पुनः सौहार्द स्थापित हो सका। पूर्व में हल्दौर में तैनाती के दौरान भी उन्होंने कई संवेदनशील मामलों का शीघ्र निस्तारण कर अपनी प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया था। क्षेत्रीय नागरिकों के अनुसार, उनकी सक्रियता से कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रही।

जनपद के विभिन्न थानों में तैनाती के दौरान उनकी कार्यशैली को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। नागरिकों का मानना है कि सख्ती और संवेदनशीलता का संतुलन ही एक सक्षम पुलिस अधिकारी की पहचान है, जिसे थानाध्यक्ष राम प्रताप प्रभावी ढंग से निभा रहे हैं। बताया जाता है कि वे भगवान शिव के प्रति गहरी आस्था रखते हैं और भोले बाबा में विश्वास रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ करते हैं।

## एक नजर

### आकिब ने योगी सरकार को सराहा



**बिजनौर।** युवा भाजपा नेता एड. आकिब युनुस ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना इबादत, सब्र, रहमत और गरीबों की मदद का संदेश देता है। आकिब युनुस ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में शांति, सुरक्षा और विकास का माहौल बना है। जिससे सभी समुदायों को बराबरी का लाभ मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। उन्होंने लोगों से रमजान के दौरान आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही जरूरतमंदों की मदद करने और देश व प्रदेश की तरक्की के लिए दुआ करने का भी आह्वान किया।

### रेहड़ में राजीव करेंगे बदमाशों का इलाज



**बिजनौर।** रेहड़ थाने की कमान अब थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा के हाथ में आ गई है। थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा ने एक मुलाकात में कहा कि शासन की मंशा के अनुसार मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं को संपूर्ण सुरक्षा प्रदान करना तथा थाना क्षेत्र को क्राइम फ्री बनाना, अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश का पालन करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक ने जो उन पर विश्वास जताकर रेहड़ थाने की कमान सौपी है, उसके लिए वह पुरा खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे। हरदोई निवासी राजीव कुमार वर्मा एक कुशल पुलिस अधिकारी माने जाते है। वह बदमाशों व अपराधियों को रियायत नहीं देते है।

# एसआईआर के बहाने लाखों वोट कटवाने की फिराक में भाजपा : इरफान मंसूरी



## साजिशों से सावधान रहने की जरूरत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज व इस्लाहुल मंसूर के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौ. इरफान मंसूरी ने कहा कि भाजपा सरकार एसआईआर के बहाने लाखों वोट कटवाने की फिराक में है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर साजिश रची जा रही है। तमाम ऐसी शिकायतें मिल रही है कि जिन मतदाताओं का नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में आ गया था, उनको भी नोटिस थमाया जा रहा है। कही उम्र और कही नाम के आगे पीछे सर नेम को आधार बना कर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने की गरज से चुनाव तक कागजों में ही उलझाए रखना चाहती है। उन्होंने कहा कि एसआईआर इसलिए हुआ था कि गैर कानूनी तौर पर जो विदेशी देश में रह रहे है, उनकी शिनाख्त हो। सरकार यह बताए कि अब तक कितने विदेशी नागरिक पकड़ में आए है। उनका सरकार खुलासा करे, वरना माना जाएगा कि सिर्फ और सिर्फ सरकार अपने फायदे के लिए परेशान कर रही है। उन्होंने साजिशों से सावधान रहने पर जोर दिया।

# दुबई में जिम्मी सिंह सम्मानित







## उत्तराखंड को फिल्म हब बनाने की दिशा में बड़ी उपलब्धि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दुबई में आयोजित एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय समारोह में देवभूमि फिल्म सिटी, देहरादून की चेयरमैन जिम्मी सिंह को 'बिजनेस एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उत्तराखंड में फिल्म निर्माण को नई दिशा देने और उद्योग के विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। जिम्मी सिंह ने देश और दुनिया में बिजनौर का नाम रोशन किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार देवभूमि फिल्म सिटी की स्थापना को प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। यहां फिल्म शूटिंग हेतु आधुनिक और विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की गई हैं। जिससे उत्तराखंड में फिल्मांकन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय कलाकारों, तकनीशियनों और युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि जिम्मी सिंह के प्रयासों और दूरदर्शी नेतृत्व के चलते उत्तराखंड तेजी से देश के उभरते फिल्म हब के रूप में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है।

समारोह में मौजूद वक्ताओं ने उनके विजन, नेतृत्व क्षमता और प्रदेश के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए इसे राज्य के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। उल्लेखनीय है कि जिम्मी सिंह हनुमंत अलवर दैवीय स्थल ट्रस्ट के माध्यम से समाज सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं और विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों व जनकल्याणकारी गतिविधियों में भी निरंतर योगदान दे रही हैं।

### शिवाला में कावेंद्र व उदयवीर अरेस्ट

**बिजनौर।** शिवाला कलां पुलिस ने सुरेश सिंह के पशु चोरी करने के आरोप में अमरोहा के ग्राम कमालपुर काजी निवासी कावेंद्र पुत्र रामपाल एवं हीमपुर दीपा के ग्राम खैरपुर निवासी उदयवीर पुत्र तेजपाल को गिरफ्तार किया है।

### राम सिंह व प्रेम सिंह गिरफ्तार

**बिजनौर।** नजीबाबाद के मौहल्ला पठानपुरा निवासी बदमाश शहजाद उर्फ मेगी पुत्र मोहसिन की फर्जी ढंग से जमानत लेने के आरोप में शहर कोतवाली पुलिस ने चांदपुर के ग्राम स्याऊ निवासी राम सिंह पुत्र छोटे सिंह एवं ग्राम जलीलपुर निवासी प्रेम सिंह पुत्र रामस्वरूप सिंह को गिरफ्तार किया है। इन्होंने जमानत के लिए फर्जी कागजात तैयार किए थे।


मुकद्दस रमजान की बधाई

विवेक सेन

सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम



संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20









मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

हाजी मौ. इलियास

पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौ. साईम राजा

मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली
जौहर हायर एजुकेशन
इंस्टीट्यूट, किरतपुर





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

अब्दुल मन्नान

चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर





रमजान माह की शुभकामनाएं

चौधरी रवि कुमार सिंह

चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

हाजी अब्दुल कादिर

वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर





रमजान माह की बधाई

मूलचन्द चौहान

पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

नजीबुल हसन

युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा







मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौहम्मद जैद रशीद

युवा समाजसेवी, नहटौर

अनस इकरार

चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

एम.आर पाशा

राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय
विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

वहाब कुरैशी

उत्तरी सहकारी समिति
के वाइस चेयरमैन
नहटौर





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

जावेद रहमान शम्सी

मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/
प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग
व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व
स्पोर्ट्स, धामपुर





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौ. आसिफ शान

चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर





मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद





अजमल उमर एड.

वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर





रमजान माह की शुभकामनाएं

रामअवतार सैनी

सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

राशिद हुसैन

पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू



# परीक्षा केंद्रों पर अचानक पहुंचीं डीएम

## कक्ष निरीक्षक के बिना आईडी के मिलने पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित परीक्षाओं को नकल विहीन एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सर्वप्रथम राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर का निरीक्षण किया, जहां सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाएं सही पाई गई। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण करने पर पाया गया कि सभी कैमरे संचालित हैं और सुचारू रूप से कार्यरत हैं। उसके बाद उन्होंने आरजेपी इंटर कॉलेज में संचालित परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एग्जामिनर द्वारा पहचान पत्र न लगाए जाने तथा महिला एग्जामिनर द्वारा अपना पर्स परीक्षा कक्षा में पाए जाने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि तत्काल व्यवस्था दुरुस्त कराएं और किसी भी अवस्था में परीक्षा केंद्रों में बिना पहचान पत्र के कोई भी कार्मिक ना पाया जाए। इसी के साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परीक्षा कक्षों में एग्जामिनर सहित कोई भी व्यक्ति कोई वस्तु, बैग आदि लेकर प्रवेश न कर सके। आरजीपी इंटर कॉलेज में निरीक्षण के दौरान सभी कैमरे संचालित पाए गए। परंतु रिमोट उपलब्ध न होने पर प्रधानाचार्य द्वारा मोबाइल पर सभी परीक्षा कक्षाओं की सजीव स्थिति का अवलोकन कराया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि तत्काल रिमोट की व्यवस्था सुनिश्चित करें और यदि कोई उपकरण खराब हो जाए तो तत्काल इसकी व्यवस्था कराएं ताकि व्यवस्था में किसी भी प्रकार का व्यवधान पैदा न हो सके।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, बोर्ड पर्यवेक्षक मनोज आर्य, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज एवं आरजीपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



# कब्रिस्तान के रास्ते के विवाद का पटाक्षेप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मौहल्ला किला स्थित हजरत दरगाह मोहिउद्दीन परिसर के बाहर कमकर बिरादरी के कब्रिस्तान में जनाजा ले जाने के रास्ते को लेकर जो विवाद पैदा हो गया था, उसका पटाक्षेप हो गया है।

गौरतलब है कि कमकर बिरादरी के लोगों का कहना था कि लगभग 150 वर्षों से हम अपने अजीजो के जनाजे को दरगाह परिसर में मस्जिद के सामने से पास में ही स्थित कब्रिस्तान ले जाकर दफनाते चले आ रहे हैं। दरगाह के जिम्मेदार लोगों द्वारा रास्ते को बंद कर दिया है और वहां दीवार व कमरे का निर्माण शुरू कर दिया गया। कमकर बिरादरी के लोगों ने इसका विरोध करते हुए दीवार को गिरा दिया था। वहीं दूसरी ओर दरगाह के जिम्मेदार लोगों का कहना था कि यह रास्ता नहीं बल्कि हमारी निजी संपत्ति है। कब्रिस्तान जाने के लिए दो रास्ते और है, उन्हें इस्तेमाल किया जा सकता है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति पैदा हो गई थी। दोनों ओर से थाने में एक दूसरे के खिलाफ तहरीर भी दे दी गई थी। इसी विवाद को निपटाने के लिए बुधवार की दोपहर रईस अहमद भट्टे वालों के मौहल्ला किला स्थित आवास पर नगर के जिम्मेदार व दोनों पक्षों के लोगों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें बताया गया कि जिस दीवार को तोड़ा गया था। उसका निर्माण पुनः कराया जाएगा और जनाजे का रास्ता हॉल कमरे से दिया जाएगा। जिम्मेदारों ने बताया कि इस बात से दोनों पक्षों में रजामंदी हो गई। इस फैसले को दोनों पक्षों ने मान लिया। बैठक में चेयरमैन अब्दुल मन्नान, रईस अहमद भट्टे वाले, पूर्व सभासद इरशाद अहमद, सभासद मौहम्मद आबिद, शब्बन जुनैदी, अयाज अहमद मावे वाले, पप्पू कश्मीरी, पूर्व सभासद अरशद चौधरी, अब्दुल वहाब, राशिद होटल वाले, मौहम्मद साजिद, अफजाल, हिफजान, फरमान, नायाब, सलीम, सरफराज, निसार अहमद, वकार कादरी, वसीम अत्तरी, अहमद नबी, मौहम्मद इकबाल, गुलाम साबिर, शब्बु चौधरी, मंजूर अहमद, मौहम्मद शोएब सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### रमजान शुरू होने के चलते बाजारों में रौनक

**नजीबाबाद।** मुकद्दस रमजान माह का महीना शुरू होने के चलते आज बाजारों में सुबह से ही काफी भीड़ व रौनक रही। रमजान माह का महीना गुरुवार से शुरू हो रहा है, आज रात ईशा की नमाज से पहली तराबीह शुरू होगी कल पहला रोजा है। इसके लिए लोगों ने रमजान के सामान खासकर सेहरी के सामान की आज बाजारों में पहुंचकर जमकर खरीदारी की। साथ ही लोगों ने रोजों के दौरान इफ्तार में इस्तेमाल होने वाले सामान खासकर चिप्स, पापड़ व अन्य जरूरी सामान की खरीदारी की। इस वजह से बाजारों में काफी भीड़ देखने को मिली। मस्जिदों में रमजान माह में होने वाली तराबीह के लिए साफ-सफाई के साथ नमाजियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

### नमाजों व रोजों की पाबंदी रखे : ज़फ़र हुसैन

**नजीबाबाद।** जमात इ इस्लामी हिंद के अमीर ए मुकामी (नगर अध्यक्ष) जफर हुसैन ने मुकद्दस रमजान माह की आमद पर खुशी का इजहार करते हुए सभी को इसकी मुबारकबाद पेश की। उन्होंने कहा कि रमजान में मुस्लिम समाज के लोग इसका पूरा एहेतराम करते हुए नमाज रोजों की पाबंदी रखे। रमजान माह में प्रत्येक मुसलमान रोजे रखने के साथ अपने बच्चों व घर वालों सबको रोजा रखने की ताकीद करें। पांचों टाइम की नमाज पढ़ने की ताकीद करें। रमजान माह में हर उस चीज से बचे जो बुराई की तरफ को ले जाती है। रमजान के पाक मुकद्दस महीने में किसी को भी किसी भी तरह किसी से कोई परेशानी न पहुंचनी चाहिए। यही रमजान का असल पैगाम है।

### शायर सरफराज साबरी सम्मानित

**नजीबाबाद।** आजाद चौक स्थित सैयद हाउस में एक शेरी महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें शायरों ने अपना बेहतरीन कलाम पेश कर खूब वाहवाही बटोरीं। इस मौके पर जलालाबाद के मशहूर शायर सरफराज साबरी को उर्दू अदब की खिदमत के लिए सम्मानित किया गया। शेरी महफिल के अध्यक्ष मोसूफ वासिफ ने कहा कि उर्दू की तरक्की व बढ़ावा देने के लिए उर्दू गोष्ठियों का आयोजन समय की अहम जरूरत है। शेरी महफिल के मुख्य अतिथि डॉ. आफताब नोमानी ने मशहूर शायर सरफराज साबरी की उर्दू साहित्य में की गई सेवाओं पर रोशनी डालते हुए कहा कि सरफराज साबरी लंबे समय से उर्दू साहित्य की सेवा कर रहे हैं। इस मौके पर हुसैन अहमद, अब्दुल अजीज मुल्तानी, अबरार सलमानी, नदीम सलमानी, अमजद सिद्दीकी, असलम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

### शराबी पति ने पत्नी व साली को पीटा

**हल्दौर।** मौहल्ला तोल्लावाला निवासी एक शराबी युवक बुधवार को घर पहुंचा, जहां उसकी पत्नी वैशाली तथा उसकी बहन प्रवेश (निवासी फड़ियापुर) मौजूद थीं। आरोप है कि किसी बात को लेकर कहासुनी होने पर युवक ने अपनी पत्नी के साथ लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। शोर-शराबा सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची बहन को भी कथित रूप से पीट दिया गया, जिससे दोनों को चोटें आईं। मारपीट के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल महिलाएं थाने पहुंची और लिखित शिकायत दी। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### गांजे की लत से बिगड़ती सेहत



**कालागढ़।** जनपद में गांजे के बढ़ते सेवन से स्वास्थ्य और सामाजिक ताने-बाने पर गंभीर असर पड़ रहा है। चिकित्सकों के अनुसार गांजे का लगातार सेवन मानसिक विकार, स्मरण शक्ति में कमी, अवसाद, चिंता, फेफड़ों से जुड़ी बीमारियां और हृदय संबंधी समस्याओं को जन्म दे सकता है। युवाओं में इसकी लत पढ़ाई, रोजगार और पारिवारिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि नशे से बचाव के लिए जनजागरूकता, परिवार की निगरानी, परामर्श केंद्रों की मदद और समय पर चिकित्सकीय सलाह बेहद जरूरी है। स्कूल कॉलेज स्तर पर जागरूकता अभियान, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना भी प्रभावी कदम माना जा रहा है। इसी बीच सूत्रों के हवाले से बड़ी खबर सामने आई है कि जनपद के कई थाना क्षेत्रों में भांग के लाइसेंसी ठेकों की आड़ में कथित रूप से गांजे की खुलेआम बिक्री हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह अवैध कारोबार लंबे समय से जारी है और कई बार इसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। सूत्रों का कहना है कि अवैध बिक्री से जुड़े वीडियो सामने आने पर उन्हें हटाने के लिए दबाव बनाया जाता है और मामलों को दबाने की कोशिश की जाती है। इससे नशा कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं और जिले में नशे का जाल फैलता जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि गांजा और अवैध कच्ची शराब अन्य नशे की लत ने कई परिवारों को प्रभावित किया है, जिससे सामाजिक और आर्थिक संकट गहराया है। यह भी आरोप है कि अवैध कारोबार के खिलाफ आवाज उठाने वाले कुछ पत्रकारों के साथ अभद्रता और दबाव की घटनाएं हुई हैं। ऐसे आरोपों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाया जा सके और कानून-व्यवस्था मजबूत रहे। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मुद्दे पर क्या कदम उठाते हैं या नहीं और जनपद में फैल रहे अवैध कच्ची शराब, गांजे नशे के नेटवर्क पर कब तक प्रभावी अंकुश लगा पाते है।

## परीक्षा केंद्रों पर रहा पुलिस बल मौजूद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं आज 18 फरवरी से शुरू हो गई हैं। यह परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक चलेंगी। जिले के 119 परीक्षा केंद्रों पर कुल 86,521 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। नजीबा. बाद में परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और नकल विहीन संपन्न कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की सघन चैकिंग की जा रही है। सभी केंद्रों पर पुलिस बल भी तैनात किया हुआ है। ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सके। जिला विद्यालय निरीक्षक डीआईओएस जयकरण यादव ने बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल के 45,429 और इंटरमीडिएट के 40,976 छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा दे रहे हैं।

परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जा रही हैं। पहली पाली सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक चलेगी। परीक्षा केंद्रों पर निगरानी के लिए 19 स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पांच जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। डीआईओएस जयकरण यादव ने केंद्रीय व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक और कक्ष निरीक्षकों की नियुक्ति की भी जानकारी दी गई है।

# रमजान पर सजी खजला-फेनी की दुकानें

## इबादत और रहमतों का दौर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मुकद्दस माह-ए-रमजान का आगाज होते ही पूरे नगर में रौनक और रूहानियत का माहौल बन गया है। चांद नजर आते ही लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारक. बाद दी और मस्जिदों में नमाज व तरावीह की तैयारियां शुरू हो गई।

रोजेदार सहरी और इफ्तार की तैयारी में जुट गए हैं। वहीं बाजारों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। रमजान के इस पवित्र महीने में जहां एक ओर रोजेदार अल्लाह की इबादत में मशगूल हैं। वहीं मस्जिदों में नमाज-ए-तरावीह और कुरआन पाक की तिलावत का सिलसिला शुरू हो चुका है। बच्चे, नौजवान और बुजुर्ग सभी इबादत के इस मुकद्दस महीने का स्वागत पूरे जोश और अकीदत के साथ कर रहे हैं।



उधर बाजारों में भी रौनक लौट आई है। खजला, फेनी, बिस्कुट, खजूर और तरह-तरह के फलों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है।

इफ्तार के लिए जरूरी सामान की खरीदारी तेज हो गई है और दुकानदारों ने भी खास तैयारियां कर रखी हैं। रमजान सिर्फ रोजा रखने का नाम नहीं बल्कि सब्र, रहमत, बरकत और गरीबों की मदद का पैगाम देता है। इस मुकद्दस मौके पर सभी रोज. ेदारों को चाहिए कि वे अपने मुल्क की अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के साथ-साथ अपने परिवार और समाज की बेहतरी के लिए भी खास दुआएं करें। यह महीना हमें आपसी भाईचारा, मोहब्बत और इंसानियत का सबक देता है। आइए इस रमजान हम सब मिलकर अपने दिलों को साफ करें और नेक राह पर चलने का अहद करें।

# सीएम युवा उद्यमी की समीक्षा बैठक

## यूको बैंक, यस बैंक एवं इंडियन ओवरसीज बैंक मीटिंग में अनुपस्थित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम युवा उद्यमी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने यूको बैंक, यस बैंक एवं इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा किसी भी मीटिंग में प्रतिभाग न करने और शासकीय रोजगारपरक योजनाओं में अपना सहयोग उपलब्ध न करने के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि उनकी ओर से उनके उच्च अधिकारियों को पत्र लिखवाएं ताकि उनके स्तर से उनके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जा सके।



उन्होंने कहा कि सीएम युवा उद्यमी योजना का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना है। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि प्रति ब्रांच प्रति माह दो लाभार्थियों को सीएम युवा उद्यमी योजना से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह कम से कम लक्ष्य है जो बैंक उक्त योजना में ज्यादा योगदान करेगा, उसको जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि 20 फरवरी को जिला उद्योग परिसर में लगने वाले मेले में सभी बैंकर्स अपने स्टाल लगाएं और सीएम युवा उद्यमी योजना सहित अन्य रोजगार परक योजनाओं के इच्छुक लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन करते हुए उनका आवेदन पत्र भरवाएं। उन्होंने योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत प्रकरणों तथा वितरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि पात्र युवाओं के आवेदन समयबद्ध ढंग से निस्तारित किए जाएं तथा बैंक स्तर पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए गए कि अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाए तथा उन्हें योजना से संबंधित समुचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने उद्योग विभाग को निर्देशित किया कि उक्त योजना का प्रचार-प्रसार के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के युवाओं तक योजना की जानकारी पहुंचाई जाए। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि सभी बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर स्वीकृत ऋणों के वितरण में आ रही बाधाओं को दूर करना सुनिश्चित करें तथा पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरी प्रक्रिया की डिजिटल मॉनिटरिंग भी करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया गया कि आवेदनों को अनावश्यक रूप से रोकने या देरी करने वाले अधिकारियों और बैंक शाखाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। युवाओं को विभाग के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सिंगल विंडो सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर उपयुक्त उद्योग अमित कुमार, एलडीएम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं बैंक प्रतिनिधि मौजूद थे।

# आवारा कुत्तों ने हमला कर बंदर को किया घायल

## सूचना के बाद भी वन विभाग ने नहीं ली सुध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** आवारा कुत्तों ने हमला कर बंदर को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

ग्राम मानियावाला स्थित कासमपुर गढ़ी बस स्टैंड पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया। चलते वाहन से टकराकर घायल बंदर पर आवारा कुत्तों ने हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार की शाम बस स्टैंड सड़क पार कर रहा एक बंदर वाहन की चपेट में आकर सड़क पर गिरकर घायल हो गया। घायल अवस्था में खुद को संभालने से पहले ही आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। स्थानीय राहगीरों व दुकानदारों ने कड़ी मशक्कत के बाद बंदर को कुत्तों से बचाया, लेकिन बंदर की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद वन विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। बंदर के घायल होने की घटना ने वन विभाग की



लापरवाही की पोल खोल दी। स्थानीय लोगों ने वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वन विभाग की कथित मिलीभगत से जंगल से मूल्यवान लकड़ियों की तस्करी धड़ल्ले से जारी है। परंतु वन जानवरों के प्रति वन विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। वन विभाग की बेजुबान जानवरों की जान की परवाह नहीं है। यदि किसी आम जन से बंदर या किसी जंगली जानवर से अपनी जान की सुरक्षा करते हुए मौत हो जाती है तो विभाग उसे पर कार्यवाही करने के लिए तुरंत पहुंच जाते है। घायल वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए रेस्क्यू टीम समय पर क्यों नहीं पहुंचती। समाचार लिखे जाने तक घायल बंदर रोड के किनारे बैठा हुआ था।

## रमजान, नवरात्रि और कांवड़ यात्रा में दिखती है एकता की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने पवित्र माह रमजान के अवसर पर नगरवासियों को मुबारकबाद देते हुए स्योहारा की सामाजिक एकता और भाईचारे की परंपरा को देश के लिए उदाहरण बताया।



श्री वर्मा ने कहा कि स्योहारा वह नगर है, जहां रमजान का पवित्र महीना हो, नवरात्रि का शुभ पर्व हो या सावन मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा हर त्योहार को सभी समुदायों के लोग मिल-जुलकर, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि रमजान के दौरान जहां मुस्लिम समाज इबादत रोजा और सेवा के कार्यों में जुटा रहता है। वहीं अन्य समुदायों के लोग भी पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ सहयोग करते हैं। इसी तरह नवरात्रि और सावन में कांवड़ यात्रा के दौरान मुस्लिम समाज भी व्यवस्था और स्वागत में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाता है। यह आपसी सहयोग ही स्योहारा की असली ताकत है। अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि नगर में वर्षों से चली आ रही गंगा-जमुनी तहजीब ने यहां की पहचान को और मजबूत किया है। त्योहारों के अवसर पर प्रशासन व्यापारी वर्ग सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों का समन्वय देखने लायक होता है। सभी मिलकर यह सुनिश्चित करते हैं कि हर पर्व शांतिपूर्वक, अनुशासन और आपसी सम्मान के साथ संपन्न हो।

# मगरिब की नमाज के बाद चांद का दीदार

## बाजार में जम कर खरीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** बुधवार शाम रमजानुल मुबारक का चांद नजर आया। चांद दिखने के बाद मुस्लिम समुदाय में खुशी का माहौल है। लोगों ने मगरिब की नमाज के बाद चांद के दीदार किए और दुआएं मांगीं।

रमजान शुरू होते ही बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। सहरी के वक्त खाए जाने वाली चीजें जैसे फेनी, खजला, खारी बिस्कुट और पापे की दुकानें व फड़ सज गए। इसी तरह इफ्तार के लिए खजूर और अन्य फलों की दुकानों पर भी काफी खरीदारी हुई। रमजान की शुरुआत के साथ ही विशेष नमाज तरावीह भी पढ़ी गई। कई स्थानों पर छह रोजा, दस रोजा शबीन आदि का आयोजन किया गया, जहां नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। रमजान के आगमन पर



अनेक मस्जिदों को सजाया गया है। आज गुरुवार को रमजान का पहला रोजा रखा गया। रमजान का महीना इस्लाम में सबसे पवित्र माना जाता है और इसी पवित्र महीने में पैगंबर मौहम्मद साहब को पहली बार अल्लाह की ओर से पवित्र पुस्तक कुरान नाजिल हुआ। इस महीने में आत्मशुद्धि, संयम, उपासना, इबादत और गरीबों के प्रति हमदर्दी दर्शाने के लिए पूरे एक महीने तक रोजे रखे जाते हैं। रोजा रखने का उद्देश्य संयम बरतना, बुरी आदतों को छोड़ना और अल्लाह के प्रति श्रद्धा (तकवा) को बढ़ावा देना है।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री सूर्यांश राठी पुत्र श्री राजवीर सिंह मौहल्ला गडरियान** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती कमला रानी पत्नी श्री राम** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 425 गडरियान, नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री मुराद अली पुत्र श्री अब्दुल फिरोज व श्रीमती नाजरीन पत्नी श्री मुराद अली पुत्री श्री यासीन मौहल्ला पठानपुरा** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती शकीला बेगम पत्नी श्री तसलीम अहमद** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 452/1 पठानपुरा नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

# भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन



## ग्रामीणों पर मुकदमे दर्ज होने का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान संघ ब्लॉक अल्हैपुर के पदाधिकारियों ने बिजनौर जिले में मेरठ-पौड़ी हाईवे पर हेमराज कॉलोनी चौराहे के पास अंडरपास की मांग को लेकर लंबे समय से चल रहे धरना-प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों पर मुकदमे दर्ज किए जाने का विरोध जताया है। संगठन की ओर से मुख्यमंत्री एवं सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी अल्हैपुर के माध्यम से प्रेषित किया गया।

ज्ञापन में बताया गया कि हेमराज कॉलोनी चौराहे पर अंडरपास की मांग को लेकर ग्रामीण बीते लगभग नौ माह से शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। यह मांग क्षेत्रवासियों की सुरक्षा और आवागमन की सुविधा को देखते हुए पूरी तरह जायज है। इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद भी मांग पूरी नहीं की गई। संगठन का आरोप है कि एनएचएआई के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन द्वारा कुछ राजनीतिक स्वार्थों एवं भूमाफियाओं के दबाव में आकर शांतिपूर्ण आंदोलन को बलपूर्वक हटाया गया।

किसान संघ ने आरोप लगाया कि आंदोलन कर रहे ग्रामीणों पर कई थानों की पुलिस फोर्स लगाकर कार्रवाई की गई और उन्हें जबरन नजरबंद किया गया। इसके साथ ही हेमराज कॉलोनी के निवासियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए गए, जिसे संगठन ने अन्यायपूर्ण और निंदनीय बताया है।

भारतीय किसान संघ मेरठ प्रांत एवं जनपद बिजनौर इकाई ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण में दोषी जिला प्रशासन एवं एनएचएआई अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा ग्रामीणों पर दर्ज किए गए मुकदमे तत्काल वापस लिए जाएं। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शासन-प्रशासन ने ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया और दमनात्मक रवैया जारी रखा, तो भारतीय किसान संघ जनपद बिजनौर मेरठ प्रांत स्तर पर बड़ा आंदोलन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपते समय ब्लॉक अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कई किसान नेता मौजूद रहे। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों और ग्रामीणों की आवाज को दबाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# मोबाइल लूट का खुलासा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पुलिस ने दो दिन पहले हुई मोबाइल लूट की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

16 फरवरी को ग्राम समसपुर निवासी परमवीर पुत्र करन सिंह ने नहटौर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि नहटौर-नूरपुर मार्ग पर अनवार के भट्टे के पास दो अज्ञात बाइक सवारों ने उसका मोबाइल छीन लिया था। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। बुधवार को उप-निरीक्षक राकेश मोहन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। टीम ने माहू नंगली जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर दो संदिग्धों को स्प्लेंडर प्लस बाइक के साथ पकड़ा। उनके पास से लूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान पिन्टू पुत्र सतपाल निवासी बम्बूगढ़, थाना अमरोहा देहात, जनपद अमरोहा और विशाल उर्फ गोलू पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी खुशहालपुर, थाना मझौला, जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई है। पुलिस टीम में उप-निरीक्षक राकेश मोहन, उप-निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, कांस्टेबल विक्रांत राणा और कांस्टेबल भजनलाल शामिल थे।

## एक नजर

### आरएसएम ने जीता कबड्डी टूर्नामेंट



**धामपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा 'खेलो भारत' आयाम के अंतर्गत नगर खेल कुम्भ के अवसर पर रामचन्द्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं को खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें आरएसएम इंटर कॉलेज और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। मुकाबले में आरएसएम इंटर कॉलेज की टीम ने 2-1 से विजय प्राप्त कर ट्रॉफी अपने नाम की। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनुज श्रीवास्तव (प्रांत सह-संगठन मंत्री, एबीवीपी मेरठ प्रांत) ने कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों का विशेष महत्व है। खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने युवाओं से पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। इस अवसर पर एबीवीपी के विभाग संगठन मंत्री सिद्धार्थ उपाध्याय, प्रांत सहमती हनी अहलावत, जिला प्रमुख सचिन चौहान, जिला संयोजक अनुज राजपूत, विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमेन्द्र कुमार, नगर उपाध्यक्ष विकास विकल, नगर मंत्री धामपुर कार्तिकेय सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता टीम को शुभकामनाएं दी।

### पत्नी को मनाने गए पति पर चाकू से हमला



**नांगल सोती।** किरतपुर निवासी अमन अली और उसकी पत्नी अलशिफा के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई थी। जिसके बाद उसकी पत्नी नांगल थाना क्षेत्र के गांव सैदपुरी में अपनी बुआ मुशायरा के यहां रहने आ गई थी। मंगलवार को अमन अली अपनी पत्नी को मनाने गांव सैदपुरी पहुंचा था। इसी दौरान पुलिस को खबर मिली कि अमन अली ने अपनी पत्नी से क्षुब्ध होकर चाकू से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर लिया है। इस खबर से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। घायल अमन अली को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया और उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। इस मामले में अमन अली के भाई रहीम अली ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि जब अमन अली अपनी पत्नी अलशिफा को घर ले जाने के लिए मना रहा था, तभी उसकी बुआ मुशायरा ने गाली गलौज करते हुए अमन अली के ऊपर छुरी से हमला करके घायल कर दिया और घर से बहार फेंक दिया। इस मामले पुलिस ने अलशिफा और मुशायरा को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**धामपुर।** धामपुर पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या बबीता गुप्ता एवं हिंदू रक्षा सेना महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू रक्षा सेना महिला मोर्चा की अध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच एवं मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण एवं आधुनिक विज्ञान से संबंधित अनेक आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है तथा उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का सफल आयोजन विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से संपन्न हुआ। यह विज्ञान प्रदर्शनी सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुई। साइंस मॉडल बनाने में छात्रों में तरंग, विवेक एवं राजवीर तथा छात्राओं में योग्यता चौधरी, यशी गोड, आकांक्षा शर्मा, रिया पाल, कशिश, दीक्षा एवं नयना पांडे ने विशेष रूप से सहभागिता की। प्रदर्शनी में शिक्षकों में दीपक एवं पुलकित तथा शिक्षिकाओं में कंचन एवं ईशा का विशेष सहयोग रहा।

### सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ



**धामपुर।** सामुहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया गया। उसके बाद महिलाओं ने भजनों को माध्यम से बसंत के आगमन का गुणगान किया। धामपुर के मौहल्ला लोहियान स्थित नीरज मित्तल के आवास पर सुंदरकांड का आयोजन किया गया। पंडित मोती शर्मा द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। सुंदरकांड के बाद महिलाओं ने बसंत के आगमन का भजनों द्वारा गुणगान किया। सुंदरकांड पाठ में योजना गुप्ता, पूनम गुप्ता, नीरज मित्तल, दीप्ति मित्तल, मुस्कान मित्तल, ज्योति गुप्ता, मोहित मित्तल, स्नेहा गुप्ता, रति जैन आदि शामिल रही।

## एक नजर

### शुगर मिल में तौल कांटों का निरीक्षण



**धामपुर।** शुगर मिल गेट पर लगे तौल कांटों का जिला गन्ना अधिकारी प्रभु नारायण सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी तौल कांटे पूरी तरह सही पाए गए, जिससे किसानों ने संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के उपरांत जिला गन्ना अधिकारी प्रभु नारायण सिंह ने किसानों को अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे कृषि यंत्रों का वितरण के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि धामपुर शुगर मिल द्वारा अब तक किसानों को आदि छठ पर 35 ट्रेंड रेजर, 10 ड्रिप फ्लो तथा 8 रैकून मैनेजर डिवाइस वितरित किए जा चुके हैं। धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने कहा कि बसंत कालीन गणना बाय प्रारंभ हो चुकी है। इसलिए सभी किसान गहरी जुताई कर ट्रैक विधि से केवल स्वीकृत गन्ना प्रजाति को ही बुवाई करें। उन्होंने बताया कि धामपुर शुगर मिल द्वारा किसानों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी तथा धामपुर शुगर मिल द्वारा किसानों को कृषि यंत्रों का वितरण लगातार जारी रहेगा। आने वाले दिनों में 250 लीटर एवं 500 लीटर टैंक वाले स्प्रे साथ ही बैटरी चालित स्प्रे मशीनों का भी वितरण किया जाएगा। स्प्रे मशीन भी मिल द्वारा किसानों को आधी छूट पर उपलब्ध कराई जा रही है और इनका वितरण प्रारंभ कर दिया गया है। इस दौरान गन्ना महाप्रबंधक ओमवीर सिंह, प्रबंधक मनोज चौहान, दिनेश राजपूत, कारखाना महाप्रबंधक विजय गुप्ता, सुनील कुमार, राजेश कुमार, विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

### मिनी गन्ना हार्वेस्टर का सफल प्रदर्शन



**चांदपुर।** पीबीएस फूड्स शुगर मिल्स चांदपुर द्वारा मशीनीकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल की गई है। हाल ही में गन्ना विकास निरीक्षक के नेतृत्व में गांवों का भ्रमण कर अत्याधुनिक मशीनों के प्रदर्शन और उनकी कार्य कुशलता का जायजा लिया गया।उन्होंने ग्राम इस्माइलपुर के किसान आशुतोष के खेत पर मिनी गन्ना हार्वेस्टर का सफल प्रदर्शन किया। यह मशीन विशेष रूप से ट्रेंच विधि से बोए गए गन्ने की कटाई के लिए बेहद कारगर साबित हुई। कम समय में सटीक कटाई इसकी मुख्य विशेषता रही। रेटून मैनेजमेंट डिवाइस कटाई के बाद पेड़ी प्रबंधन के लिए आरएमडी का उपयोग किया गया। यह मशीन फसल अवशेष प्रबंधन और अगली फसल की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पाई गई। उन्होंने ग्राम तोहफापुर मे मल्टी-टास्किंग ऑटोमैटिक प्लांटर से किसान ऊधम सिंह के खेत पर ऑटोमैटिक प्लांटर का लाइव डेमो दिया गया। चीनी मिल द्वारा वितरित यह मशीन एक साथ कई काम करने में सक्षम है, खूड (कूड़) बनाना। उन्होंने दो आंख वाले गन्ने के टुकड़ों की सटीक कटाई के बारे मे बताया कि बुवाई के दौरान बीज का प्रभावी उपचार भी करने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि सटीकता और बचत का संगम निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि इन आधुनिक उपकरणों के उपयोग से न केवल खेती की लागत में कमी आएगी, बल्कि मैन्युअल लेबर (मानवीय श्रम) पर निर्भरता भी कम होगी। गन्ना विभाग और चीनी मिल का यह साझा प्रयास क्षेत्र में कृषि क्रांति की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# कृष्णा में विधिक साक्षरता शिविर



## विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज ऑफ लॉ, बिजनौर में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर के तत्वावधान में एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अंशुमन धुन्ना, सिविल जज, (सीनियर डिविजन) प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर, महाविद्यालय संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। जिसमें विधि विद्यार्थियो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। श्री धुन्ना ने विद्यार्थियो को विधिक सेवा दिवस की बधाई देते हुए यह बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर द्वारा गत वर्ष अनगिनत लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराता है और उन्होंने विद्यार्थियो को 'नालसा एक्ट' के बारे में बताया तथा निःशुल्क विधिक सहायता के सम्बन्ध में सरकार द्वारा किये गये प्रयासों के बारे में जानकारी दी और उन्होंने बताया कि 22 फरवरी को प्रातः 10.00 बजे से आर.जे.पी. इण्टर कॉलेज, बिजनौर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर के द्वारा मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा।

विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर ने यह बताया कि महाविद्यालय में प्रत्येक शनिवार को निःशुल्क विधि स्थायी रूप से लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई है, जिसमें कोई भी व्यक्ति प्रत्येक शनिवार उपस्थित होकर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है। प्रवक्ता डा. एम. ए. खान ने विद्यार्थियों को यह अवगत कराया कि विधिक सेवा प्रदान करने के पीछे मुख्य आधार विधि शास्त्र में पाया जाता है। सहायक प्रवक्ता अभिषेक प्रताप सिंह ने यह अवगत कराया किया कि कृष्णा कालेज ऑफ लॉ, बिजनौर प्रत्येक माह ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक साक्षरता शि. विर का आयोजन करता रहता है एवं समाज के निर्धान लोगो को निःशुल्क विधि सहायता प्रदान करता है। कार्यक्रम का समापन प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां ने किया।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में तनिष्का, मसिहत जैदी व मौ. अमार हसनैन आदि रहे। जागरुकता शिविर में विधि विद्यार्थियों ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया एवं विभिन्न विषयों जैसे दहेज मृत्यु, भरण-पोषण, मोटर दुर्घटना दावे, उपभोक्ता फोरम, वैकल्पिक विवाद निस्तारण प्रणाली आदि के बारे में ग्रामीण जनता को विस्तार से अवगत कराया।

विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार, प्रवक्ता डा. एम.ए. खान, विशाल विक्रम सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह, दीपिका सिंह, खूशबू रानी व मीनू कोठारी ने शिविर को सफल बनाने में योगदान दिया।

# छात्रों को एडमिट कार्ड न मिलने की शिकायत पर पुलिस पहुंची स्कूल

## पुलिस के हस्तक्षेप पर प्रबंधन ने दिया परीक्षा में बैठने का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रेम सिंह स्वतंत्रता सेनानी इंटर कॉलेज ग्राम भाटियाना खुशहालपुर में अध्ययनरत दो छात्रों को एडमिट कार्ड न दिए जाने की सूचना पर मंगलवार शाम थाना धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने विद्यालय प्रबंधन से वार्ता कर स्थिति की जानकारी ली। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बताया गया कि दोनों छात्रों को इंटरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होने से नहीं रोका जाएगा।

जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे थाना धामपुर पर सूचना प्राप्त हुई थी कि इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र अर्स एलवी पुत्र इकरार अहमद एवं मौहम्मद राजा पुत्र अबरार निवासी ग्राम हरा को विद्यालय स्टाफ द्वारा एडमिट कार्ड नहीं दिया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम तत्काल विद्यालय पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस जांच के दौरान दोनों छात्र मौके पर उपस्थित नहीं मिले। विद्यालय के प्रबंधक दानवीर सिंह से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि संबंधित छात्रों द्वारा विद्यालय की फीस जमा नहीं की गई थी तथा उनके द्वारा पूर्व में विद्यालय स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया था। इसी कारण एडमिट कार्ड को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई।

विद्यालय प्रबंधन ने पुलिस को आश्वस्त किया कि दोनों छात्रों को इंटरमीडिएट परीक्षा की द्वितीय पाली परीक्षा में सम्मिलित होने दिया जाएगा। प्रबंधन के इस आश्वासन के बाद मौके पर स्थिति सामान्य रही।

धामपुर कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए कि छात्रों के भविष्य से जुड़ा मामला होने के कारण किसी भी प्रकार की अनावश्यक कठोरता न बरती जाए और शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही की जाए। फिलहाल धामपुर पुलिस के हस्तक्षेप के बाद दो छात्रों का साल खराब होने से बच गया।

## पतंजलि फूड एंड हर्बल प्लांट का भ्रमण

**नजीबाबाद।** डीएमआर फार्मेसी कॉलेज, भागूवाला के डी फार्मा प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने हरिद्वार स्थित पतंजलि फूड एंड हर्बल प्लांट का औद्योगिक भ्रमण किया। उन्होंने आयुर्वेदिक उत्पादों के उत्पादन की प्रक्रिया को देखा व जानकारी ली। पतंजलि के एचआर संदीप कुमार व टूर गाइड कुलदीप के नेतृत्व में पतंजलि के विभिन्न प्लांट जैसे की मसाला प्लांट, सैटर लैब, परीक्षण लैब, अचार प्लांट व पंचकर्म तेल उत्पादन की जानकारी प्राप्त की।

# कड़ी सुरक्षा व तकनीकी निगरानी के बीच बोर्ड की परीक्षाएं शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं बुधवार को कड़ी सुरक्षा और तकनीकी निगरानी के बीच शुरू हुई। प्रथम दिन हिंदी का प्रश्न पत्र हुआ, जिसमें नगर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल के 43 तथा इंटरमीडिएट के 34 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज के केंद्र व्यवस्थापक राजेश कुमार के अनुसार प्रथम पाली में हाईस्कूल के 264 में से 12 तथा इंटर के 300 में से 3 परीक्षार्थी, आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के केंद्र व्यवस्थापक शमशाद हुसैन के अनुसार प्रथम पाली में 358 में से 9 तथा इंटर के 367 में से 18 तथा पीजेएम इंटर कॉलेज के केंद्र व्यवस्थापक राजीव कुमार के अनुसार उनके केंद्र पर प्रथम पाली में हाईस्कूल के 547 में से 22 तथा इंटर के 597 में से 13 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा निशांत यादव के नेतृत्व में गठित सचल दल ने परीक्षा केंद्रों पर छापा मारा, लेकिन कोई अनुचित साधन का प्रयोग करते नही पकड़ा गया। सुरक्षा की दृष्टि से हर परीक्षा केन्द्र पर पुलिस की तैनाती के साथ-साथ थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने निरीक्षण कर केन्द्र व्यवस्थापकों से जानकारी ली।

# रसैल वाइपर सांप मिलने से हड़कंप

## सर्प मित्र ने किया रेस्क्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** सलेमपुर रोड पर स्थित एक राइस मिल के पीछे उपलों के ढेर में एक जहरीला रसैल वाइपर सांप मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर सर्प मित्र बी भास्कर ने सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया।

जानकारी के अनुसार राइस मिल के पीछे काम कर रहे कुछ लोगो ने उपलों के बीच हलचल देखी। उन्होंने एक सांप को कुंडली मारे बैठे पाया, जिसकी पहचान बाद में रसैल वाइपर के रूप में हुई। सांप के दिखने से इलाके में चिंता फैल गई।

स्थानीय सर्प मित्र बी भास्कर को इसकी सूचना दी। बी भास्कर बिना देरी किए मौके पर पहुंचे और सांप की पहचान दुनिया के सबसे खतरनाक सांपों में से एक रसैल वाइपर के रूप में की। रसैल वाइपर अपनी फुर्ती और घातक जहर के लिए जाना जाता है। बी भास्कर ने अत्यधिक सावधानी और सूझबूझ का परिचय देते हुए लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। सांप के पकड़े जाने के बाद पास के लोगों ने राहत की सांस ली। सर्प मित्र बी भास्कर ने बताया कि रसैल वाइपर का जहर इंसान के लिए जानलेवा होता है।



उन्होंने लोगों से अपील की कि सांप दिखने पर उसे मारने के बजाय विशेषज्ञ को सूचित करें। बाद में सांप को घने जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

## घर में घुसकर छात्र पर हमला

**हल्दौर।** गांव हरदासपुर गढ़ी में बीती शाम एक छात्र के घर के अंदर घुसकर हमला कर घायल कर दिया।

गांव हरदासपुर गढ़ी निवासी मनीष कुमार पुत्र वीर सिंह हल्दौर के एक विद्यालय में कक्षा दस का छात्र है। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह घर पर अकेला मौजूद था, जबकि परिवार के अन्य सदस्य पशुओं के लिए चारा लेने बाहर गए हुए थे। इसी दौरान कुछ लोग घर में घुस आए और उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में छात्र घायल हो गया। परिजनों को घटना की सूचना मिलने पर वे तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। मामले में परिजनों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।

# झूठी एफआईआर कराने वालों के विरुद्ध दर्ज होगा मुकदमा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** झूठी शिकायत और झूठी एफआईआर दर्ज कराने वालों के विरुद्ध कार्यवाही चेतावनी के बोर्ड थानों में लगाए जाने के संबंध पुलिस प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के दिशा निर्देश जारी किए गए है।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे शिकायती पत्र में अवगत कराया था कि वर्तमान में झूठी शिकायतों, झूठी एफआईआर और सोशल मीडिया पर झूठ लिखने का प्रचलन दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। आरटीआई कार्यकर्ता ने इस संबंध में झूठी शिकायत पर प्रत्येक थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 217 के बोर्ड लगाए जाने की मांग की थी, ताकि आमजन को अपने अधिकार पता चल सके क्योंकि वर्तमान मे झूठी शिकायत, झूठे आरोप प्रत्यारोप लगाने वाले बाज नहीं आ रहे है। अतः ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई आवश्यक है। इस संबंध में कानूनी विशेषज्ञों को भी पत्र लिखा गया था, जिसके परिपेक्ष मे शासन द्वारा एसपी कार्यालय को लिखा गया है।

उधर सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय ने भी सर्वोच्च न्यायालय में भी एक याचिका दायर की है ताकि विभिन्न राज्यों के विभिन्न थानो में भारतीय न्याय संहिता की धारा 217 के बोर्ड लगा सके और आमजन को पता चल सके की झूठी एफआईआर पर क्या कार्यवाही की जा सकती है। इस पर सख्त कार्यवाही से आधी समस्या का समाधान देश में हो जाएगा।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

आकिब यूनुस एड.

युवा भाजपा नेता

बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई

भीम सिंह

मूल निवासी

पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक

जिला प्रभारी

भगवती एक्वा केयर सेंटर विदुर कुटी रोड

शक्ति पेट्रोल पंप के सामने सोमिया मार्केट

बिजनौर मो.नं. 9389845824



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मकसूद अहमद अंसारी

(ठेकेदार)

संभावित प्रत्याशी

प्रधान पद

राजा का ताजपुर



# कड़ी सुरक्षा व निगरानी के बीच बोर्ड परीक्षाएं हुई शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं कड़ी और निगरानी के बीच शुरू हो गयी। परीक्षाओं को नकल-विहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कड़े इंतेजाम किए गए है।

जनपद में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं बुधवार को शुरू हो गयी। पहले दिन परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्रों के बाहर आधा घंटा पहले से ही जमा होने शुरू हो गए थे। दो पहिया वाहनों और अन्य साधनों से पहुंचे ग्रामीण अंचलों के छात्र-छात्राओं के वाहनों को स्कूल से दूर खड़ा कराया गया। जबकि परीक्षा का समय शुरू होने से पहले छात्र-छात्राओं को परीक्षा केन्द्रो के अंदर पहुंचने से पूर्व मुख्य गेट पर जांच के बाद अंदर प्रवेश करने दिया गया। डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया के नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के सख्त आदेशों पर परीक्षा कक्षों में भी गहन निगरानी रखी गई। कक्ष निरीक्षक कड़ी निगरानी रखे रहे। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के आसपास धाारा 144 के तहत निषेध ाज्ञा लागू रही। जिससे बाहरी लोगों की भीड़ न जुट सके। जिलाधिकारी ने परीक्षा डयूटी में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को पहले ही अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन निष्ठा के साथ करने के निर्देश दे रखे हैं।



सम्भल। यूजीसी बिल लागू करने की मांग को एसडीएम को ज्ञापन देते भीम आर्मी कार्यकर्ता।

# यूजीसी बिल के समर्थन में सड़क पर आए भीम आर्मी कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**◯चौधरी सराय से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकालकर ज़ोरदार प्रदर्शन, एसडीएम को दिया ज्ञापन**

**◯ यूजीसी बिल जल्द से जल्द लागू कर अनुसूची 9 में शामिल करने की मांग**

**सम्भल।** यूजीसी बिल के सर्मथन में भीम आर्मी भारतीय एकता मिशन के कार्यकर्ता सड़कों पर आ गए। कार्यकर्ताओं ने रैली का आयोजन कर जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने यू जी सी बिल को शीघ्र लागू करने की माँग करते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

यूनिवर्स्टी ग्रांड कमीशन बिल के सर्मथन में सड़क पर आए भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ता चौधारी सराय में एकत्र हुए। वहां से रैली निकालते हुए कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचे। नारेबाजी करते चल रहे कार्यकर्ताओं ने यू जी सी बिल का पूरा सर्मथन किया। जबकि उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संयोजक राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोजित रैली में शामिल कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने यू जी सी बिल को शीघ्र लागू करने की मांग करते हुए कहा कि यूनिवर्स्टी ग्रांड कमीशन बिल अनुसूचित जाति जनजाति और पिछड़ा वर्ग के अधिकारों, सम्मान और न्याय से जुड़ा हुआ है। उनका आरोप है कि इस बिल पर रोक लगने से दबे-कुचले वर्गों को आगे बढ़ने से रोका जा रहा है। यदि यह बिल लागू होता है तो शोषण और अत्याचार पर अंकुश लगेगा और वंचित समाज के लोग उच्च पदों तक पहुँच सकेंगे। राजीव कुमार ने प्रदर्शन का विरोध करने वालों पर भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने कहा कि कुछ मनुवादी सोच के लोग नहीं चाहते कि दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के लोग आगे बढ़ें उन्होंने स्पष्ट किया कि एससी-एसटी समाज कमजोर नहीं है और अपने अधिकारों के लिए न्यायपालिका और लोकतांत्रिक तरीकों से संघर्ष करता रहेगा। भीम आर्मी की ओर से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें यू जी सी बिल को जल्द से जल्द लागू करने और उसे अनुसूची-9 में शामिल करने की माँग की गई।

# पहले दिन परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों के चेहरों पर नजर आए खुशी के भाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**◯हिंदी का प्रश्न पत्र में पूछे गए सवालों को बताया काफी सरल**

**शत-प्रतिशत हल करने का दावा**

**अच्छे नम्बर आने की पूरी उम्मीद**

**सम्भल।** बोर्ड की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट हिंदी परीक्षा संपन्न देकर बाहर निकले छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी के भाव नजर आए। छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों को काफी सरल बताया। जबकि काफी छात्र-छात्राओं ने शत-प्रतिशत तो कुछ ने चंद प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में देने का दावा किया। पहले दिन छात्र-छात्राओं ने राहत की सांस ली और प्रश्नपत्र को संतुलित व सरल बताया।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षा के पहले दिन हिंदी प्रश्न पत्र की परीक्षा करायी गयी। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्रों के चेहरे पर खुशी के भाव नजर आए। परीक्षा को लेकर अधिकांश छात्र-छात्राओं ने राहत की सांस ली और प्रश्नपत्र को संतुलित व सरल बताया। छात्रा सरिता ने बताया कि प्रश्न पत्र काफी सरल था। प्रश्न पत्र में जो भी प्रश्न पूछे गए वह आसान थे और जो पढ़ाया गया था, वही आया था। जबकि छात्रा मायरा ने दावा किया कि उन्होंने लगभग 99 प्रतिशत पेपर हल कर लिया है और अच्छे अंकों की आशा है। हयातनगर निवासी महेरून को बहुत अच्छा बताया। वहीं, मोहल्ला चमन सराय निवासी आसिया के अनुसार हिंदी का प्रश्नपत्र बहुत ही आसान था और उनका पेपर उम्मीद से काफी अच्छा हुआ है। छात्रा ने 90 प्रतिशत अंक आने का भरोसा जताया। इसके अलावा छात्रों में भी काफी खुशी दिखायी दी। हिंदी का प्रश्नपत्र पाठयक्रम के अंदर से ही आने पर परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्र-छात्रायें काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। रोजाना अध्यनरत रहने वाले छात्र-छात्रायें बहुत खुश नजर आ रहे थे।

# प्रेम-प्रसंग में बनाए शारिरिक सम्बंध, कार न मिलने पर शादी से इन्कार

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** प्रेम प्रसंग में युवती ने शादी का झांसा देकर इज्जत से खिलवाड़ करने और सहमति से शादी करने और कार न देने पर शादी से इंकार कर रहा है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है।

असमोली थाना क्षेत्र के दुगावर निवासी युवती का आरोप है कि अमरोहा जनपद के डिडासैली थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर निवासी लवकुश से उसका चार साल से प्रेम पंसंग था। प्रेम प्रसंग में ही युवक ने उसे शादी का झांसा दिया और शारिरिक सम्बंध बना लिये। पीड़िता ने शादी करेन को कहा तो आरोपी इंकार करेन लगा। उसके बाद दोनों की सहमति से रिश्ता तय हो गया था। जिसमें पीडिता के पिता ने काफी सामान दिया था मगर आरोपी उससे चार पहिया गाड़ी की मांग करने लगा। आरोप है कि कार न देने पर आरोपी शादी करने से इंकार कर रहा है और कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने असमोली थाना प्रभारी को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगायी है।

# फिल्म यादव जी की लव स्टोरी का विरोध हुआ ओर तेज

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। यादव समाज के विरोध के बाद समाजवादी पार्टी का विरोध भी सामने आ गया है। सपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों तथा समाज के अन्य लोगो ने फिल्म की रिलीज का विरोध करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन सौंपकर रोक लगाने और निष्पक्ष जांच कराकर कड़ी कार्रवाइ की मांग की।

फिल्म यादव जी की लव स्टोरी का विरोध करते हुए प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि फिल्म में यादव समाज की बेटी और मुस्लिम युवक की प्रेम कहानी को गलत और आपत्तिजनक ढंग से प्रस्तुत किया गया है, जिससे सामाजिक भावनाएं आहत हो रही हैं और शांति व्यवस्था पर असर पड़ सकता है। ज्ञापन सौंपते हुए वक्ताओं ने कहा कि फिल्म के नाम में यादव जाति का उल्लेख गलत तरीके से किया गया है। ट्रेलर और प्रचार सामग्री में भी यादव समाज को नकारात्मक रूप में दिखाया गया है। उनका दावा है कि अभिनेत्री द्वारा दिए गए बयानों से स्पष्ट होता है कि फिल्म की कहानी 'लव जिहाद' जैसे संवेदनशील मुद्दे पर आधारित है, जिससे समाज में वैमनस्यता और



सम्भल। फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के विरोध में ज्ञापन देते यादव समाज के लोग।

कड़वाहट फैलने की आशंका है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि किसी एक जाति या समुदाय को टारगेट कर इस तरह की फिल्में बनाना सामाजिक सौहार्द के लिए घातक है। इसी कारण यादव समाज के साथ-साथ मुस्लिम समाज और अन्य वर्गों के लोग भी विरोध में एकजुट होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होने फिल्म के प्रदर्शन पर तत्काल रोक लगाने और फिल्म निर्माता और संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कदम उठाने की भी मांग की गई। इसके अलावा सर्वसमाज के लोगों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो विरोध को और भी तेज किया जाएगा। गुन्नौर तहसील क्षेत्र में यादव समाज के लोगो ने एकत्र होकर 27 तारीख को रिलीज होने वाली फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के निर्माता, निर्देशक व सभी कलाकारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए डिप्टी कलेक्टर बहजोई को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार से मांग की है कि यह फिल्म रिलीज न होने दी जाए और फिल्म को बैन किया जाए। इससे यादव समाज की भावनाएं आहत होंगी। जिससे शांति व्यवस्था भी बिगड़ सकती है। इस दौरान काफी संख्या में यादव समाज के लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय प्रतीकों, मान बिंदुओं का विरोध राष्ट्रद्रोह के समान: अजय शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सम्भल।** भारतीय इतिहास संकलन समित की ऑनलाइन बैठक में वंदे मातरम को अनिवार्य करने तथा गुलामी की निशानी को हटाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पाठयक्रम में गीता और रामायण पढ़ाए जाने की मांग की गई। गूगल मीट एप पर संपन्न हुई ऑनलाइन बैठक को संबोधित करते हुए समिति के जिलाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि संपूर्ण देश में हर सरकारी कार्यक्रम में वंदे मातरम का गायन या वादन अनिवार्य करने से राष्ट्रभक्तों, राष्ट्रवादियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। अब देश का हर नागरिक कह सकता है कि भारत में यदि रहना होगा- वंदे मातरम सुनना होगा। उन्होंने सभी राष्ट्रीय प्रतीकों और मान बिंदुओं का हर संभव सम्मान और सुरक्षा करने का आहवान किया। राष्ट्रीय प्रतीकों और मान बिंदुओं का विरोध राष्ट्रद्रोह के समान बताया। सुबोध कुमार गुप्ता, अतुल कुमार शर्मा, अत्यंत त्यागी, उमेश सैनी, मीनू रस्तोगी ने गुलामी की निशानियां हटाने, भारतीय संस्कृति को महत्व देने तथा राष्ट्रीय गीत के गायन या वादन को अनिवार्य करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इसे महत्वपूर्ण कदम बताते हुए केंद्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। मनीष चौधरी, वैभव गुप्ता, पंकज सांख्यधर, नेहा मलय, अशोक कुमार गर्ग, डा. अरविंद कुमार गुप्ता, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, अंकुश त्यागी, कमल शर्मा, रूपकिशोर शर्मा, सत्यवीर सिंह पाल ने पाठयक्रम में गीता एवं रामायण पढ़ने पर प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार से मांग की और कहा कि गीता और रामायण को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करते हुए पाठयक्रम में अनिवार्य विषय के रूप में सम्मिलित किया जाना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता कैला देवी धाम के महंत श्रृषिराज गिरी महाराज ने की और संचालन जिला उपाध्यक्ष अंकुश त्यागी ने किया।

## आत्मरक्षा को बेटियां बढ़-चढ़कर ले रहीं प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जिलाधिकारी के दिशा निर्देशों पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बहजोई की छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में आतम रक्षा करने के लिए प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षक सुरेश कुमार व सृष्टि ने छात्राओं को फ्रंट किक, फ्रंट जंप किक, ब्लॉक्स आदि की ट्रेनिंग दी, सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राएं मार्शल आर्ट सीखने में अत्यधिक रुचि ले रही हैं तथा काफी संख्या में उपस्थित हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा छात्रओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनायें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृति, मुख्यमंत्री बाल सेवा आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। जबकि बालिकाओं/महिलाओं को जानकारी दी।

# रमजान का चांद नजर आया, पहला रोजा आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**◯मरकजी मदरसा अजमल उलूम में रूयते हिलाल कमेटी ने किया एलान**

**सम्भल।** रमजान का चाँद नजर आ गया। चांद नजर आते ही मरकजी रूयते हिलाल कमेटी की ओर से उलेमाओं की मौजूदगी में चांद की एलान होते ही पहला रोजा गुरूवाहर को होगा। इसी के साथ मस्जिदों में तरावीह की नमाज शुरू हो गयी।

29 शाबान मुताबिक बुधवार (आज) मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम में मरकजी रुयते हिलाल कमेटी की मीटिंग शहर मुफ्ती कारी अलाउद्दीन अजमली की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नगर के विद्वान और उलेमा मौजूद रहे। बैठक में सम्भल में चाँद नजर नहीं आने पर देश के अन्य तमाम शहरों से सर्म्पक साधा गया। कई इलाकों में चाँद नजर आने पर खबर-ए-इस्तिफादा की बुनियाद पर उलमा-ए-सम्भल की मौजूदगी में 19 फरवरी (गुरूवार) को पहला रोजा यानि '01 रमजान उल मुबारक होगा। बैठक में कारी तनजीम अशरफ अजमली, मुफ्ती राशिद सकाफी, मुफ्ती आलम नूरी, इमामे ईदगाह मौलाना जहीरुल इस्लाम, मौलाना शरीफ अहमद, ख्वाजा कलीम अशरफ, मौलाना शमशाद मिस्बाही, कारी साजिद, कारी सरताज, कारी शाहिद, हाजी जफीर अहमद, सय्यद अब्दुल कदीर, फरीद एडवोकेट, मास्टर इस्माईल, तकी अशरु एडवोकेट' मौजूद रहे।

## आपरेशन मुस्कान में गुम बच्चे को माता-पिता से मिलाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रजपुरा बाजार में एक छोटा बच्चा अपने माता पिता का नाम नहीं बता पा रहा था। राहगीरों ने उसे थाने पर पहुंचा दिया। थाना प्रभारी ने टीम का गठन कि। टीम के प्रयासों से बच्चा शहरून पत्नी इन्त्याज को तलाया किया। बालक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# गुन्नौर में खुले यूनानी मेडिकल कॉलेज व डिस्पैंसरी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**◯यूनानी चिकित्सा नवाचार व गम्भीर बीमारियों के उपचार को उपलब्ध**

**बबराला।** यूनानी चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार जल्द ही नए यूनानी मेडिकल कॉलेज और डिस्पेंसरी खोलेगी। ऐसा अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने कहा है। इससे गुन्नौर क्षेत्र के लोगों को यहाँ भी मेडिकल कॉलेज की आस बलबती हुई है। लोगों ने कहा कि यूनानी चिकित्सा में नवाचार और गंभीर बीमारियों के उपचार उपलब्ध हैं। आपात चिकित्सा में यूनानी चिकित्सकों को अधिक अधिकार देने की मांग की। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि एलोपैथी और यूनानी चिकित्सा के संयोजन से कैंसर जैसे गंभीर रोगों के उपचार में बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। गुन्नौर तहसील क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की आवश्यकता है। इस मांग को सरकार जल्द पूर्ण करे। मांग करने वालों में सुमित कुमार, अमित कुमार, कल्लू वार्ष्णेय, अन्नू, रविराज वार्ष्णेय, राजेन्द्र गुप्ता आदि रहे।

## शिविर लगाकर ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था के तत्वावधान में शिविर लगाकर कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। बुधवार ग्राम फुलसिंगा में कल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों को जोड़ने को विशेष शिविर लगाया। संस्था प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और लोगों से अधिक अधिक से इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपील की। शिविर मे बताया गया कि सरकार गरीब और जरूरतमंद परिवारों के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है।जिसमें गरीब परिवारों कि बेटियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जिसमें एक लाख रूपये की सहायता मिलती है जिसका रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन किया जाता है।

# गेहूं की फसल में सर्वाधिक नाइट्रोजन की होती है आवश्यकता

**◯किसान दिवस का आयोजन कर किसानों को समस्यामूलक फसलों की दी जानकारी**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** किसान दिवस का आयोजन कर किसानों को समस्या मूलक फसलों की जानकारी दी गई।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र से आये कृषि वैज्ञानिक डा. महावीर सिंह ने समस्या मूलक फसलों की जानकारी देते हुए अवगत कराया कि वर्तमान में जनपद में सरसों, गेहूँ आदि की फसल मुख्य रूप से लगी हैं। उन्होंने गेहूं की फसल के बारे में बताया कि इस समय गेहूँ की फसल में सर्वाधिक आद्रता व नाइट्रोजन की आवश्यकता होती है। साथ ही जिन किसान भाइयों की जमीन मोटी है उनमें यूरिया डालने का सुझाव दिया। जबकि गेहूं फसल में खरपतवार नाशी का



सम्भल-कलेक्टट सभागार में किसानों को फसल मलक समस्या की जानकारी देते।

इस्तेमाल करने के लिए वाइड स्पेक्ट्रम वीडीसाइड जैसे सल्फोसल्फ यूरान, आदि का इस्तेमाल करने के लिए सुझाव दिया। उन्होने खरपतवारनाशी कृषि रक्षा ईकाइयों पर 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध होने के बारे में भी अवगत कराया गया। साथ ही गन्ने की फसल में प्रति एकड़ प्रति 150-175 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करने और खेत में यूरिया का अधिक इस्तेमाल होने वाले दुष्प्रभावों की भी जानकारी दीं इसके अलावा मिट्टी के विभिन्न प्रकारों से भी किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि किसान भाई मिट्टी परीक्षण के अनुरूप ही फसलों की बुवाई निर्धारित करें। उन्होंने मक्का एवं सरसों की फसल एवं प्रजाति तथा रोग उपचार आदि पर भी प्रकाश डाला।

## एक नज़र इधर भी

### बाइकों की भिड़ंत में पांच लोग घायल

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** दो बाइकों की भिड़ंत में पांच लोग घायल हो गये।उनको गुन्नौर अस्पताल लाया गया। मेरठ बदायूं मार्ग पर कस्बा गुन्नौर पानी की टंकी के सामने बाइक सवार ओम प्रकाश उर्फ गोविंद पुत्र नत्थूसिंह व डालचंद पुत्र सूरजपाल, दिलीप पुत्र कुमारपाल, वंश पुत्र प्रमोद निवासीगण थाना जुनावई से बबराला की तरफ आ रहे थे। जबकि दूसरा बाइक सवार महावीर पुत्र मनवीर निवासी निजामपुर थाना रजपुरा से गांव घोसली जा रहे थे। इस दौरान टक्कर हो गयी। दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। ओमप्रकाश व दिलीप को हालत गंभीर देखते हुए डा. ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### हाई स्कूल हिंदी परीक्षा में 32 अनुपस्थित

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर में यूपी बोर्ड परीक्षा में सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हाईस्कूल हिंदी विषय की परीक्षा हुई। विद्यालय प्रधानाचार्य अल्पना चौधरी ने बताया कि केंद्र पर कुल पंजीकृत 397 छात्र छात्रा थे। जिसमें 365 उपस्थित रहे। जबकि 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।



सम्भल। बनारस के बाबतपुर में कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल लेती आयुषी।

### सम्भल की आयुषी ने जीता बनारस में गोल्ड


**सम्भल। ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** बनारस के बाबतपुर में 15 वर्षीय राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता 17-19 फरवरी तक आयोजित की जा रही है। बुधवार को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची सम्भल के त्यागी स्पोर्ट्स स्कूल कन्या गुरूकुल की खिलाड़ी आयुषी सागर का कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह ने फाइनल में हाथ मिलवाया। आयुषी सागर ने कुश्ती के फाइनल में अपनी प्रतिद्वंदी खिलाड़ी को पटखनी देकर गोल्ड मेडल हासिल किया। कुश्ती कोच आर्य भोले त्यागी ने आयुषी की इस सफलता पर उसे बधाई दी और मार्च महीने में तमिलनाडू में होने वाली प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# विधायक राम खिलाड़ी यादव ने विधानसभा में उठाए क्षेत्रीय मुद्दे

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर विधायक राम खिलाड़ी सिंह यादव ने विधानसभा में क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को उठाते हुए बबराला रेलवे लाइन पर ओवरब्रिज निर्माण, विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती, सड़कों के निर्माण और गंगा में अवैध- खनन पर रोक लगाने की मांग की।

विधानसभा में बोलते हुए विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव ने कहा कि बबराला रेलवे लाइन पर फाटक बंद होते ही लंबा जाम लग जाता है, जिससे आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने यहां शीघ्र ओवरब्रिज निर्माण की मांग की। दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय नदरौली व राजकीय विद्यालय खिजरपुर में शिक्षकों की कमी दूस करने की बात कही। साथ ही बेसिक विद्यालय घोंसली राजा देवराभूरा क हेमदपुर की जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण की



सम्भल- विधानसभा में क्षेत्रीय मुददेउठाते विधायक रामखिलाड़ी यादव।

मांग उठाई। उन्होंने बताया कि 33/11 जरीफनगर (जिला बदायूं) से गुन्नौर के 70 गांवों को बिजली मिलती है, जबकि बिल जिला सम्भल में जमा होता है। गांवों को सम्भल से जोड़ने की मांग की। गंगा में भारी मशीनों से हो रहे खनन पर रोक लगाने और क्षेत्र की तीन से चार दर्जन सड़कों के निर्माण की मांग उठाई।

# प्रमुख चौराहों पर बढ़ेगी वाहनों की चेकिंग

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला सड़क सुरक्षा समिति और नारकोटिक एनकॉर्ड से सम्र्बंधित बैठक में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के तेवर सख्त रहे। डीएम एसपी ने प्रमुख चौराहों पर वाहनों की जांच करने और औषधी निरीक्षक को मादक पदार्थो की जांच करने के निर्देश दिए।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश द्वारा पूर्व में की गयी सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन की जानकारी दी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों के कार्यों कीं जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। जबकि जनपद में हेलमेट वितरण को लेकर जानकारी लेकर दिशा निर्देश दिए। बैठक में डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया ने यातायात क्षेत्राधिकारी को जिले के प्रमुख चौराहा पर वाहनों को

**◯डीएम ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश**

चेक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट को प्रत्येक दशा में चेक किया जाए। स्कूली वाहनों के फिटनेस ,नो हेलमेट नो फ्यूल,जनपद की सड़क दुर्घटनाओं की तुलनात्मक समीक्षा ई- रिक्शा आदि बिन्दुओं पर भी चर्चा की।जबकि सड़क किनारे जो वाहन खड़े रहते हैं उनको प्रत्येक दशा में चेक करने को कहा। डीएम ने जानकारी ली। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित विभाग की जो भी आवश्यक कार्रवाई है वह अपने स्तर से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। औषधि निरीक्षक को मादक पदार्थ को चेक करने के निर्देश दिए।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मौहम्मद फैजान गलत संगत में पड़ गया है। मेरा कहना नहीं मानता है और घर का माहौल खराब कर रहा है। इस कारण मैने अपने पुत्र मौहम्मद फैजान को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता उक्त मौहम्मद फैजान से नहीं है। बल्कि वह अपने कृत्य लेन-देन का स्वयं जिम्मेदार है। मैने मौ. फैजान से सम्बंध विच्छेद कर लिये है।

**मौहम्मद आरिफ पुत्र मुहम्मद अय्यूब**
नि. चारा मंडी के पास चौधरी सराय
तह. व जिला सम्भल।

# जनपद में शुरू हुईं यूपी बोर्ड की परीक्षाएं, सभी परीक्षा केंद्रों पर रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गईं। पहले दिन हाईस्कूल की हिंदी विषय की परीक्षा जिले के 112 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक आयोजित की गई। लगभग 75 हजार परीक्षार्थी इस वर्ष परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।



परीक्षाओं को नकलविहीन बनाने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की गई है।सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती के साथ-साथ जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और तैयारियों को संतोषजनक बताया।सुबह निर्धारित समय पर परीक्षा शुरू हुई।

कड़ी निगरानी में प्रश्नपत्र वित. रित किए गए और परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा समाप्त होने के बाद जैसे ही छात्र-छात्राएं केंद्रों से बाहर निकले, उनके चेहरों पर राहत और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था।

मुस्लिम इंटर कॉलेज के बाहर छात्रों ने बताया कि हिंदी का प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत आसान था। विद्यार्थियों के अनुसार प्रश्न पाठ्यक्रम के अनुरूप थे और तैयारी के मुताबिक आए।कई परीक्षार्थियों ने निर्धारित समय से पहले ही पूरा पेपर हल कर लिया। छात्राओं ने उम्मीद जताई कि यदि आगामी पेपर भी ऐसे ही संतुलित रहे तो अच्छे अंक प्राप्त करना संभव होगा। प्रशासन की सख्ती और शांतिपूर्ण माहौल के बीच परीक्षा का पहला दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार युवती गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह अपने पिता को कोर्ट छोड़ने जा रही थी।जानकारी के अनुसार आजाद नगर रेलवे हरथला कॉलोनी निवासी पूजा अपने पिता राम जन्म को स्कूटी से कोर्ट ले जा रही थी। जैसे ही वह सिविल लाइंस चौराहे पर पहुंची, तभी गलत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक बाइक ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पूजा सड़क पर गिर गई और उसका हाथ टूट गया।



हादसे में उसके पिता राम जन्म भी घायल हो गए।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को उठाया और उनके परिवार को सूचना दी। पूजा को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है, जबकि राम जन्म को प्राथमिक उपचार दिया गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि सिविल लाइंस चौराहे पर अक्सर वाहन चालक गलत दिशा से तेज गति में आते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

### एक नजर

## आयशा चौधरी ने जीता गोल्ड, एमआईटीएम रन 2026 में दिखाई शानदार रफ्तार



**कुंदरकी।** एमआईटीएम पब्लिक स्कूल में आयोजित एमआईटीएम रन 2026 का आयोजन उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में सैकड़ों बच्चों ने भाग लेकर फिटनेस और खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम में सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र रहीं आयशा चौधरी, जिन्होंने अपनी तेज रफ्तार से सभी को प्रभावित कर दिया। छोटी लड़कियों के सेकंड राउंड में आयशा चौधरी ने शुरुआत से ही बढ़त बना ली और अंत तक उसे कायम रखा। शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उनकी लगन, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास ने यह साबित कर दिया कि मेहनत का फल जरूर मिलता है। आयशा की इस उपलब्धि से स्कूल परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम का शुभारंभ चौकी प्रभारी संजय त्यागी ने फीता काटकर किया। नेवी अफसर रेहान ने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन और फिटनेस की भावना को मजबूत करते हैं। स्कूल मैनेजर मोहम्मद आसिफ ने कहा कि दौड़ जीवन का प्रतीक है और आज के मोबाइल युग में बच्चों को खेलकूद से जुड़ना बेहद जरूरी है। हबीबी स्कूल के जीशान ने भी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विजेताओ छोटी लड़कियां ख्र गोल्ड: अविरा फातिमा, सिल्वर इनाया, ब्रॉन्ज: रिफा छोटे लड़के गोल्ड हसन, सिल्वर जियान बड़े लड़के गोल्ड रेहान, सिल्वर: अर्सलान बड़ी लड़कियां गोल्ड शायना नूर प्रतियोगिता के अंत में सभी विजेताओं को मेडल प्रदान किए गए। आयोजन ने बच्चों में खेल के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास को नई दिशा दी।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने यूपी बोर्ड परीक्षार्थियों का तिलक व पुष्प वर्षा कर किया स्वागत, दी शुभकामनाएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए विशेष शुभकामना अभियान चलाया गया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं कीं। इस पहल से विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार देखने को मिला।कार्यक्रम के दौरान परिषद पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को बिना तनाव के परीक्षा देने, समय का सदुपयोग करने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि परिश्रम, आत्मविश्वास और अनुशासन ही सफलता की कुंजी हैं। परिषद ने सभी विद्यार्थियों से देश और समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान भी किया।

महानगर सहमंत्री छविनाथ अरा. ेरा ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं और उनका मनोबल बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। परिषद सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करती रही है और आगे भी ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।इस दौरान महानगर मंत्री गौरव क्षेत्रीय, सहमंत्री राजा शर्मा, रॉबिन चौधरी, अनमोल शर्मा, यश शर्मा, सचिन, दीपांशु, कार्तिक, सरल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। परिषद ने सभी परीक्षार्थियों के उत्कृष्ट परिणाम की कामना की

## इस्तकबाल-ए-रमजान: रूहानी व इल्मी प्रोग्राम संपन्न, रोजे की असल रूह पर हुई तकरीरें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के एम.आई. हाउस में "इस्तकच्बाल-ए-रमजान" शीर्षक से एक रूहानी और इल्मी कार्यक्रम अदब व एहतराम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज साजिद रजा की तिलावत-ए-कघ्रुआन से हुई, जबकि मौलाना मुमताज सहसपुरी ने नात-ए-पाक पेश कर माहौल को मुबारक बना दिया। मुख्य वक्ता मुफ्ती फैजान अशरफी ने कुरआन व हदीस की रोशनी में रमजानुल मुबा. रक की फजीलत बयान करते हुए इसे तकघ्वा, सब्र और मगफिरत का महीना बताया। वहीं मुफ्ती अशरफ गुलाम अशरफी ने कहा कि रोजा केवल खाने-पीने से रुकने का नाम नहीं, बल्कि इंसान को अपनी आंख, जबान, कान और दिल सहित तमाम आजा को गुनाहों से बचाना ही रोजे की असल रूह है। कघरी गुलाम रसूल लतीफी ने तिलावत-ए-कुरआन के कवायद समझाते हुए मखघरिज की अहमियत पर विस्तार से प्रकाश डाला और सही अदायगी के साथ कघ्रुआन पढ़ने की तरगीब दी। मुस्लिम स्कॉलर मुहम्मद उस्मान अजहरी ने रमजान में अदा की जाने वाली खास इबादतोंख्रतरावीह, तिलावत, सदका और दुआख्रकी हिकमत और उनके रूहानी असर पर प्रभावी बयान पेश किया। कार्यक्रम के कन्वीनर इंजीनियर मुहम्मद वसीम, मुहम्मद अनस और मुहम्मद हस्सान ने उपस्थित लोगों को नमाज-ए-तरावीह के बाद पढ़े जाने हेतु मरहूम विधायक हाजी मुहम्मद इरफान द्वारा लिखित "मुंतखघ्ब कंजुल ईमान फी तर्जुमा-तुल-कुरआन" का नवीन संस्करण तथा शालें भेंट कीं। समापन सत्र में पाँच आयात, शजरा-ए- कादरिया और सलातो-सलाम पढ़ा गया। मौलाना मुहम्मद रफीक अहमद नईमी ने देश में अमन-ओ-चौन की कघयमी और मरहूमीन की मगफिरत के लिए विशेष दुआ कराई। दुआ के बाद सभी प्रतिभागियों में तबर्रुक वितरित किया गया।



कार्यक्रम में मौलाना मुख्तार नईमी, शकील अहमद अशरफी, मौलाना आमिर सुहेल, मुहम्मद नदीम रजवी, मुहम्मद इल्यास, अता-उल-मुस्तफा, हसन रजा, मुमताज हुसैन सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में आइम्मा, उलेमा और नौजवानों ने शिरकत कर रमजान की आमद पर रूहानी तैयारी का संकल्प लिया।

## ताइक्वांडो एकेडमी कोच हर्ष शर्मा ने जीता गोल्ड, यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए हुआ चयन



कांठ(शाह टाइम्स) आकाश कोरियन ताइक्वांडो एकेडमी के कोच हर्ष शर्मा ने यूनिवर्सिटी गेम्स के ट्रायल में खेलते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया जिससे उनके प्ररिजनो,एकेडमी के खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। नगर के आकाश कोरियन ताइक्वांडो एकेडमी के कोच हर्ष शर्मा ने बिजनौर स्थित वर्धमान कॉलेज बिजनौर में आयोजित यूनिवर्सिटी गेम्स ट्रायल में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के साथ उनका चयन महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से आगामी यूनिवर्सिटी गेम्स में प्रतिभाग करने के लिए हुआ है। उनकी इस सफलता से एकेडमी के खिलाड़ियों, अभिभावकों और परिजनों में खुशी का माहौल है। सभी ने इसे गर्व का क्षण बताते हुए हर्ष शर्मा को बधाई दी है। खिलाड़ियों ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करना उनके लिए प्रेरणादायक है। खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने आशा व्यक्त की है कि वे आगामी यूनिवर्सिटी गेम्स में भी सफलता हासिल कर एकेडमी और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे

## गुरुवार आज रखा जाएगा पहला रोजा मस्जिदों में तैयारिया मुकम्मल

**कांठ (शाह टाइम्स)।** गुरुवार को आज पहला रोजा रखना तय हो गया इसके लिए मस्जिदों में भी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है।



बतादे की नगर की सभी मस्जिदों में रोजाना तारावी की जाती रही है इसके लिए मस्जिदों में साफ सफाई एवं नमाजिओ के लिए माकूल व्यवस्था भी हर वर्ष रमजान के महीने में होती रही है। इसका अनुसरण इस बार भी किया जाने लगा है आज गुरुवार को पहला रमजान होने के कारण नमाजियों के लिए मस्जिदों में तैयारिया पूरी कर ली गई है। साफ सफाई एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाएं मस्जिद कमेटियों ने पूर्ण कर ली है। बताया गया कि नगर की सभी मस्जिदों में ताराबी पढ़ी जाती है रमजान का शुभारंभ होने पर नगर में हर्ष का माहौल है।

## आगामी त्योहारों को लेकर एसपी सिटी कार्यालय में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

**मुरादाबाद।** एसपी सिटी कार्यालय परिसर में आगामी होली और रमजान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसपी सिटी कुंवर रणविजय सिंह ने की। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हैं, इसलिए सभी लोग मिलजुलकर इन्हें मनाएं।बैठक में शांति समिति के सदस्यों से अपील की गई कि वह सक्रिय भूमिका निभाते हुए किसी भी छोटी-बड़ी घटना की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। एसपी सिटी ने स्पष्ट किया कि माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली फेक खबरों से सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।होली के अवसर पर जबरन रंग न डालने और जिन लोगों को रंगों से परहेज है, उनका सम्मान करने की अपील की गई। साथ ही डीजे व लाउड म्यूजिक की आवाज निर्धारित सीमा में रखने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न हों।रमजान और ईद के मद्देनजर भी शांति और आपसी सम्मान बनाए रखने पर जोर दिया गया।बैठक में दोनों समुदायों के प्रमुख व्यक्ति, गणमान्य नागरिक और व्यापारीगण उपस्थित रहे। सभी ने अमन-चौन और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का संकल्प लिया।



## लटके केबिल में गन्ना फंसने से लगा रोड पर जाम, विद्युत विभाग ने केबिल ऊपर कराया

**कांठ (शाह टाइम्स)** मुख्य मार्ग पर लटक रहे बिजली के केबिल में शुगर मिल को गन्ना लेकर जा रहे ट्रक का गन्ना फस गया जिसकी वजह से ट्रक रुक गया और उसके पीछे गन्ने से भरे ट्रैकों की लंबी-लंबी लाइन लग गई। जब तक बिजली विभाग ने केबिल को ऊपर किया तब तक सड़क पर



वाहनों की लंबी लाइन लग गई। बतादे की स्टेशन रोड पर सड़क पार करने के लिए लगा हुआ बिजली का केबिल काफी नीचे लटक कर आ गया आज उसमें गन्ने के ट्रक फंसने लगे कुछ हेल्परो ने डंडे से केबिल ऊपर करके ट्रकों को निकाल लिया लेकिन जिनके पास व्यवस्था नहीं थी उनके ट्रक केबिल से पास नहीं हो पाए जिसकी वजह से ट्रकों की लंबी लाइन लग गई ट्रकों की लंबी लाइन के चलते दूसरे वाहन भी जाम में फंसने शुरू हो गए। सूचना मिलने पर बिजली विभाग का लाइनमैन नगर पंचायत की ट्राली लेकर मौके पर पहुंचा और उसने केबिल को घंटो की मशक्कत के बाद ऊपर कराया लेकिन तब तक सड़क पर जाम के हालात बेकाबू हो गए केबिल ऊंचा हुआ तो धीरे-धीरे जाम खुलना शुरू हुआ इससे आने-जाने वालों को काफी देर तक परेशानी का सामना भी करना पड़ा है।

## टीएमयू ने एआई शिखर सम्मेलन में दर्ज कराई दमदार उपस्थिति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद ने अपनी अविस्मरणीय भूमिका निभाई। कैंपस-टू-इंपैक्ट थीम के तहत प्रमुख नवाचार एवम् उद्योग विशेषज्ञों ने पैनल चर्चा में अकादमिक विचारों को वर्चुअली दुनिया में एआई समाधानों को बदलने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। सुषमा स्वराज भवन के नालंदा हॉल में हुए इस सारगर्भित डिस्कशन में एंबेसी ऑफ इजराइल की प्रतिनिधि सुश्री माया शरमन, एफआईटीटी- आईआईटी, दिल्ली के एमडी-डॉ. निखिल अग्रवाल, जेनोवा बायोफार्मास्यूटिकल्स की इंडिपेंडेंट डायरेक्टर डॉ. कविता सिंह, इकोसिस्टम एवम् इनोवेशन स्ट्रेटेजी लीडर श्री उत्कर्ष मिश्रा सरीखी हस्तियों की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की डीन एकेडमिक्स एवम् तीर्थंकर महावीर इनोवेशन फाउंडेशन- टीएमआईएफ की निद. ेशक प्रो. मंजुला जैन ने इस चर्चा के संचालन की जिम्मेदारी का निर्वाह किया। विभिन्न सेक्टरों की इन हस्तियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की खामियों और खूबियों का मंथन किया। इस सत्र में टीएमयू के तीन स्टार्टअप्स फाउंडर्स ने अपनी-अपनी खूबियां भी बताईं। टीएमयू की ओर से बतौर समन्वयक- तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी टीएमआईएफ के



इन्क्यूबेशन मैनेजर श्री प्रशांत सिंह, सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी, टीएमयू आईआईसी कोऑर्डिनेटर श्री प्रदीप कुमार वर्मा, सीसीएसआईटी से डॉ. प्रियांक सिंघल, सीओई से फैकल्टी श्रीमती निकिता जैन आदि भी शामिल रहे। उल्लेखनीय है, एआई शिखर सम्मेलन में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के 92 स्टुडेंट्स के संग-संग 17 प्री -इन्क्यूबीटी आदि की भी भागीदारी रही। तीर्थंकर महावीर इनोवेशन फाउंडेशन- टीएमआईएफ की निद. ेशक प्रो. मंजुला जैन ने पैनल डिस्कशन का शंखनाद करते हुए कहा, एआई स्वास्थ्य सेवा, जैव तकनीकी, कृषि, शिक्षा, वित्त यहां तक की नेशनल सिक्योरिटी जैसे सभी क्षेत्रों में बदलाव ला रही है। भारत बहुत ही अनोखा और आशाजनक होने के साथ-साथ बहुत ही शक्तिशाली दौर में है। हम केवल तकनीक के उपभोक्ता नहीं हैं, अब हम भारतीय तकनीक के क्रिएटर्स, प्रॉबल्म सॉल्वर्स, ग्लोबल इन्नोवेटर्स और कंट्रीब्यूटर्स भी हैं। अगर हमें वास्तव में इस एआई मिशन का नेतृत्व करना है तो हम सभी को एक स्ट्रांग और इंक्लूसिव एआई पाइपलाइन का निर्माण करना होगा, जो आइडियाज को इंप्लिमेंटेशन से कनेक्ट करती हो। इंडस्ट्री को रिसर्च से और टैलेंट को अपॉच्युनिटी से जोड़ती हो। उन्होने स्टुडेंट्स से कहा, आप भविष्य का निर्माण करोगे और केवल भारत को ही नहीं, बल्कि विश्व को भी समाधान प्रदान करोगे। इजराइल की सुश्री माया शरमन ने अपने देश में एआई की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा, तेजी से बदल रहे भारत का एजुकेशन सिस्टम दुनिया को आशान्वित कर रहा है, क्योंकि भारत एआई और पाठ्यक्रम को एकीकृत करने में सक्षम है। यूनिवर्सिटी के स्टार्टअप्स के लिए उद्योगों से जुड़ाव की वकालत करते हुए बोलीं, इजराइल में कम उम्र से ही स्टार्टअप्स हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में एक है। टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. जैन ने एक्सपर्ट्स से पूछा, तेजी से बदलते एआई और नवाचार परिदृश्य में प्रासंगिक बने रहने के लिए कैंपस को कौन-सी चीज सीखनी और अर्जित करनी चाहिए? इस सवाल के जवाब में जेनोवा बायोफार्मास्यूटिकल्स की इंडिपेंडेंट डायरेक्टर डॉ. कविता सिंह ने बताया, कैंपस को अपने स्टेक होल्डर्स को अच्छी तरह से जानना चाहिए। किसी भी स्टेक होल्डर्स को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। एफआईटीटी- आईआईटी, दिल्ली के एमडी- डॉ. निखिल अग्रवाल ने चेताया, हमें अलग-अलग नहीं मिलकर काम करने की दरकार है। पहले हमें फिजिकली जुड़ना पड़ेगा तभी हम डिजिटली जुड़ सकते हैं। इजराइल की सुश्री माया शरमन ने कहा, मशीनों पर अत्यधिक निर्भरता हमें कई तरह से नुकसान पहुंचाती है। मानव की शक्ति उसकी रचनात्मकता में निहित है। इकोसिस्टम एवम् इन्नोवेशन स्ट्रेटेजी लीडर श्री उत्कर्ष मिश्रा बोले, किसी भी समस्या के समाधान के लिए तुरंत एआई पर जाने की प्रवृति को बदलना होगा। पैनल चर्चा में वक्ताओं ने कहा, एल्युमिनाई की भूमिका को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है, क्योंकि पूर्व छात्रों का संस्थान से जुड़ाव महत्वपूर्ण होता है और तमाम प्रोजेक्ट्स के लिए सीएसआर से धन जुटाना सहज हो जाता है।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र तैमूर व पुत्रवधू श्रीमती गुलिस्ता शहजादी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। रियाज अहमद पुत्र फकीरा श्रीमति रेशमा पत्नी रियाज निवासीगण शनिवार का बाजार, मदरसे के पीछे पाकबड़ा, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्रों मोहम्मद अली, फरद अली व महबूब अली एवं उनकी पत्नियों को अपने प्रति अशोभनीय व्यवहार व गलत आचरण के चलते अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरे इन तीनों पुत्रों एवं उनकी पत्नियों का मुझसे एवं मेरे परिवार के सदस्यों से किसी प्रकार का कोई संबंध शेष नहीं रह गया है। मैं इनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य के लिए जिम्मेदार नहीं होऊंगा। वाजिद अली पुत्र अब्दुल कय्यूम निवासी जयंतीपुर मीना नगर गली नम्बर-03, थाना मझौला, तहसील व जिला मुरादाबाद

**MORADABAD MUSLIM DEGREE COLLEGE, MORADABAD**

**(Affiliated to Guru Jambheshwar University)**

**Advt. No. 01/2026** **Dated: 19.01.2026**

Applications are invited from eligible candidates for appointment to the post of Assistant Professors in various departments of studies of MMDC. The last date of application is 28-02- 2026 (Saturday) until 5:00 pm.

**Subjects:** Arabic, Drawing & Painting, Economics, Education, English, Geography, Hindi, History, Home Science, MSW, Psychology, Political Science, Sociology, Urdu, Commerce, Biotechnology, Botany, Chemistry, Computer Science, Home Science, Mathematics, Microbiology, Physics, Zoology

Eligibility & Qualification: As per UGC / Guru Jambheshwar University norms

Salary: As per UGC / Guru Jambheshwar University norms

**Application Fee: 200/-** (Demand Draft in favour of Moradabad Muslim Degree College) Interested candidates should apply on the prescribed application format available in office along with CV, self-attested copies of all academic and educational certificates/testimonials, and 2 recent passport size photographs.

**For more details contact: Email: info@mmdegreecollege.com**

**Moradabad Muslim Degree College, Katghar, Moradabad - 244001, U.P.**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय मुरादाबाद।**

**तारीख पेशी:** 26.03.2026

**विविध वाद सं०:**176 सन् 2025

**मौहम्मद इमरान बनाम निशांत मिश्रा आदि।**

मौहम्मद इमरान उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र स्व. मौ. हाफिज बब्बन निवासी दौलतबाग, मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

1. निशान्त मिश्रा पुत्र स्व. श्री दीपक मिश्रा, 2. श्रीमति दुर्गेश मिरा पत्नी स्व. श्री दीपक मिश्रा निवासीगण एमएमआईजी बी-83 रामगंगा विहार फैज द्वितीय कांठ रोड, मुरादाबाद।

चूंकि उपर्रिनामांकित मौहम्मद इमरान ने इस न्यायालय में यह आवे. दन किया जाता है आप डिक्री का अनुपालन करें। अतः एतवद्वारा सूचना दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ संदर्शित करने के लिये 2026 के मार्च माह 26 तारीख के दिवस को 10 वजे पूर्वान्ह स्वयं अथवा सम्यक रुप से अनुविष्ट अपने अधिवक्ता के द्वारा उपस्थित तथा यदि कोई आपत्ति हो तो दाखिल करें। यदि ऐसा करने में आप असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2026 के माह फरवरी की 19 दिवस को जारी किया गया।

**मुंसरिम**

**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र सचिन कुमार को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी कृत्य से मेरा और मेरे बाकी परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **लोकेश रानी पत्नी स्वर्गीय वीर सिंह, निवासी नया गांव अकबरपुर चैदरी, तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**

मिस्टर कमरुल पुत्र आले हसन के नाम पर किया गया सेल डीड, जो रजिस्ट्रार, बिलारी के ऑफिस में बुक नंबर 1, वॉल्यूम नंबर 3842, पेज 65 से 78, सीरियल नंबर 4151, तारीख 19.05. 2014 में रजिस्टर्ड था, खो गया है। अगर किसी व्यक्ति या फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन/बैंक को प्रॉपर्टी के बारे में कोई दावा या ऑब्जेक्शन है, या पिरामल फाइनेंस लिमिटेड (PFL) मुरादाबाद ब्रांच में प्रॉपर्टी के मॉर्गेज के बारे में कोई ऑब्जेक्शन या ऑब्जेक्शन है, तो कृपया इस एडवर्टाइजमेंट के पब्लिश होने के 7 दिनों के अंदर अपना ऑब्जेक्शन/क्लेम मुझे भेजें। नहीं तो, अगर प्रॉपर्टी की बिक्री या मॉर्गेज के बारे में कोई ऑब्जेक्शन नहीं मिलता है, तो कोई भी क्लेम एक्सेप्ट नहीं किया जाएगा और पिरामल फाइनेंस लिमिटेड (PFL) मुरादाबाद ब्रांच मॉर्गेज को अपने नाम पर रखेगा और लोन लेने वाले के फेवर में लोन रिलीज करेगा। **कपिल चौधरी एडवोकेट लीगल एडवाइजर पिरामल फाइनेंस लिमिटेड (PFL) मुरादाबाद। मोबाइल- 941232218**

# सीओ कोतवाली ने सर्किल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा



**मुरादाबाद।** जनपद में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशानुसार क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया ने सर्किल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस बल की उपस्थिति, ड्यूटी प्वाइंट और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं अनुशासन के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की नकल, अव्यवस्था या बाहरी हस्तक्षेप को सख्ती से रोका जाए।इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगने देने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि परीक्षार्थियों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।पुलिस प्रशासन की सक्रियता के चलते परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद दिखाई दी। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि बोर्ड परीक्षाएं निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाएंगी

# ठगी और हत्या के प्रयास में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** रुपए देने के बहाने घर बुलाकर बंधक बनाकर हत्या के प्रयास और ठगी के मामले में छजलैट पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

थाना छजलैट के ग्राम संजरपुर निवासी अजब सिंह पुत्र दल्लू सिंह ने सीजेएम चतुर्थ मुरादाबाद के न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर राजवीर सिंह निवासी आशियाना, उसके भाई राकेश कुमार एवं अभिषेक यादव पर आरोप लगाया कि 14 अगस्त 2007 से 30 जनवरी 2012 के मध्य उन्होंने 9 लाख 35 हजार रुपए चिट फंड कंपनी में तीनों के कहने से जमा किए थे। वर्ष 2018 में जब भुगतान का अनुरोध किया तो आरोपी नए-नए बहाने बनाकर टालते रहे। राजवीर सिंह ने वर्ष 2018 में एक जन लाभ कंपनी एवं हर निधि लिमिटेड बनाई और अवैध रूप से निकासी करके अनेक लोगों के लगभग 32 लाख 60 हजार धोखाधड़ी से निकालकर कंपनी को बंद कर दिया। 3 जनवरी 2026 को राजवीर सिंह राक. `श, अभिषेक यादव ने अजब सिंह को बुलाया और जब वह सुबह के नंबर में उनके घर पहुंचे तो आरोपियों ने बंधक बनाकर तमंचा कनपटी पर रख दिया और वहां से बलपूर्वक गाड़ी में हाथ पैर बांधकर हत्या करने के बहाने ले गए और सड़क पर ट्रक के आगे फेंक दिया परंतु वह बच गया। इसके बाद पुलिस अधिकारियों को घटना की जानकारी दी।

मुकदमा पंजीकृत ना होने पर न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने सभी आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश छजलैट थाना पुलिस को दिए हैं।

## एसएसपी से शिकायत के बाद दबंगों पर एफआईआर

**कांठ( शाह टाइम्स )** पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही दो किसानों बीचघ आपसी विवाद चल रहा है। पीड़ित का कहना है कि पड़ोसी दबंग व्यक्ति मेरे खेत की मेंढ़ काट लेते है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छजलैट पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम मुंडा खेड़ी निवासी अजीत सिंह पुत्र बलबीर सिंह ने गांव के ही अटल वघ्छ उदित पुत्र गजेंद्र पर आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की। पीड़ित का कहना है कि गांव के ही दबंग व्यक्ति बार-बार परेशान कर धमकी देते रहते हैं जिसकी पहले भी पुलिस से शिकायत की तो पड़ोसियों ने उनके ऊपर फायर कर दिया था। इसकी शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित की शिकायत पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गांव के ही अटल व उदित पुत्र राजेंद्र, शुभम ,मनोज , आदि घ्कुल 6 व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एक नजर

### अपना दल (कमेरावादी) ने डीआईजी कार्यालय में ज्ञापन देकर अपहरण मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की उठाई मांग




मुरादाबाद।रामपुर जनपद के थाना केमरी क्षेत्र में नाबालिग लड़की के कथित अपहरण के मामले को लेकर अपना दल (कमेरावादी) के प्रतिनिधिमंडल ने डीआईजी को ज्ञापन सौंपा। मंडल अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने आरोपी के विरुद्ध तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।ज्ञापन में बताया गया कि 20 जनवरी 2026 की रात लगभग 12 बजे थाना केमरी अंतर्गत ग्राम बिढऊ निवासी रामसुमर कश्यप की नाबालिग पुत्री को थाना भोट क्षेत्र के ग्राम मोहन की मढ़ेयान निवासी अरबिंद पुत्र रमेश कथित रूप से अपने साथियों के साथ मोटरसाइकिल पर जबरन बैठाकर ले गया। परिजनों का आरोप है कि घटना के संबंध में कई बार थाना केमरी और पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देने के बावजूद अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।डॉ. तुरैहा ने चेतावनी दी कि यदि तीन दिन के भीतर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो एडीजी बरेली से शिकायत की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में ठाकुर मंजु राठौर, धर्मेंद्र कश्यप, राकेश श्रीवास्तव, आंचल कश्यप, डॉ. कृपाल सिंह तुरैहा, रामसुमर कश्यप व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एसएसपी ने प्रशिक्षणाधीन उपनिरीक्षकों को दी पुलिस कार्यप्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां

**मुरादाबाद।** बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस कार्यालय में आयोजित सत्र के दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उपनिरीक्षकों को पुलिस कार्यप्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर उन्होंने जनसुनवाई की प्रक्रिया, कार्यालयीन कार्यप्रणाली, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव तथा जनशिकायतों के निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया। एसएसपी ने कहा कि पुलिस की छवि जनता के विश्वास पर आधारित होती है, इसलिए प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर पारदर्शी तरीके से उसका समाधान किया जाना चाहिए।उन्होंने प्रशिक्षणाधीन अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील मामलों में संयम बरतने और आमजन से संवाद कौशल विकसित करने की सीख दी। साथ ही निर्देशित किया कि पुलिसिंग के दौरान अनुशासन, ईमानदारी और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।सत्र के दौरान उपनिरीक्षकों ने भी विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका एसएसपी ने विस्तार से उत्तर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रशिक्षित अधिकारियों को व्यवहारिक पुलिसिंग के लिए तैयार करना और उन्हें जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाना रहा।



### टंकी बिना पाइपलाइन, उखड़ी सड़कें बनी मुसीबत पानी को तरसी जनता, महिलाओं का जोरदार प्रदर्शन

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के गांव कालेवाला में पेयजल योजना की लापरवाही अब ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बन चुकी है। करीब एक वर्ष पूर्व पानी की पाइपलाइन डालने के नाम पर गांव की सड़कों को जगह-जगह खोद दिया गया, लेकिन आज तक न तो पानी की टंकी का निर्माण कराया गया और न ही क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की गई। नतीजतन ग्रामीणों को न पानी मिल सका और न ही बेहतर सड़क सुविधा। गांव की मुख्य गलियों से लेकर संपर्क मार्गों तक हालत बदतर हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे होने से राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात में इन गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे कीचड़ और फिसलन के कारण आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसी समस्या को लेकर आक्रोशित महिलाओं ने एकत्र होकर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि पाइपलाइन बिछाते समय अधिकारियों ने जल्द पेयजल आपूर्ति शुरू करने और सड़क दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधूरा कार्य छोड़ दिए जाने से गांव की पूरी व्यवस्था प्रभावित हो गई है। टूटी सड़कों के कारण वाहनों का आवागमन बाधित है, वहीं पेयजल योजना शुरू न होने से लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। महिलाओं ने कहा कि विकास के नाम पर गांव को केवल समस्याएं मिली हैं। प्रदर्शन में भगवती देवी, महेंद्र देवी, उर्मिला देवी, भगवान देवी, बीना देवी, राजवती सहित कई ग्रामीण महिलाएं शामिल रहीं।

प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि शीघ्र पानी की टंकी का निर्माण कराया जाए, पाइपलाइन योजना चालू की जाए और सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

### चांद नजर आते ही गूंज उठीं मस्जिदें, कल से शुरू होगा मुकद्दस रमजान का पहला रोजा

**ठाकुरद्वारा।** मुकद्दस महीने रमजान का चांद नजर आने के साथ ही क्षेत्र में खुशी, रौनक और इबादत का माहौल बन गया है। चांद दिखाई देने की पुष्टि होने के बाद मस्जिदों से ऐलान कर दिया गया कि कल से पहला रोजा रखा जाएगा। इसी के साथ एक माह तक चलने वाले रोजा, नमाज और इबादत के सिलसिले की शुरुआत होगी। शाम को मगरिब की नमाज के बाद लोगों ने आसमान में चांद देखने की कोशिश की। चांद नजर आने की खबर मिलते ही मस्जिदों में तकबीरों की आवाज गूंज उठी। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना है, जिसे रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना माना जाता है। इस पूरे महीने में रोजेदार सुबह सहरी के समय भोजन कर रोजा शुरू करते हैं और सूर्यास्त के समय इफ्तार कर रोजा खोलते हैं। दिनभर भूखे-प्यासे रहकर अल्लाह की इबादत की जाती है और बुराइयों से दूर रहने का संकल्प लिया जाता है। नगर की मस्जिदों में ईशा की नमाज के बाद तरावीह की नमाज अदा की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल होंगे। उलेमा-ए-कराम ने बताया कि रमजान आत्मशुद्धि, संयम और सामाजिक एकता का संदेश देता है। इस महीने में जकात और फितरा अदा कर जरूरतमंदों की मदद करने का विशेष महत्व है। रमजान को लेकर बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। खजूर, फल, सेवई, सूखे मेवे और अन्य खाद्य सामग्री की दुकानों पर भीड़ देखी जा रही है।

सहरी और इफ्तार की तैयारियों में परिवार जुट गए हैं। उलेमाओं ने अपील की है कि रमजान के पाक महीने में इबादत के साथ-साथ आपसी भाईचारा, अमन-चौन और सद्भाव बनाए रखें। साथ ही स्वच्छता, संयम और सामाजिक जिम्मेदारियों का पालन करते हुए इस पवित्र माह का सम्मान करें।

### भाजपा जिला अध्यक्ष का प्राइवेट बस यूनियन के पदाधिकारीयों ने किया भव्य स्वागत

**ठाकुरद्वारा।** भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल ठाकुरद्वारा पहुंचने पर ठाकुरद्वारा स्योहारा प्राइवेट बस यूनियन के पदाधिकारीयों ने फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। बुधवार को भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल के बाबू चेनसुखदास राइस मिल स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचने पर जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा एवं ठाकुरद्वारा स्योहारा प्राइवेट बस यूनियन के अध्यक्ष सईक पठान व यूनियन के पदाधिकारीयों ने जिला अध्यक्ष का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान, महामंत्री संजीव उर्फ टिल्लू, जिला पंचायत सदस्य दिनेश प्रजापति, नरेंद्र आचार्य , पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल, मनी चौहान, कय्यूम कुरेशी, खलीक खान आदि मौजूद रहे।




## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'ग्रामीण विकास में कॅरियर के अवसर: नाबार्ड की भूमिका एवं कृषि स्नातकों के लिए संभावनाएं' विषय पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग द्वारा "ग्रामीण विकास में कॅरियर के अवसर: नाबार्ड की भूमिका एवं कृषि स्नातकों के लिए संभावनाएं" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कॅरियर की असीम संभावनाएं हैं। इस कार्यशाला में नाबार्ड, मुरादाबाद के जिला विकास प्रबंधक श्री रजत सहगल मुख्य वक्ता रहे। श्री सहगल ने नाबार्ड की योजनाओं, स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) तथा ग्रामीण उद्यमिता विकास में बैंक की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कृषि स्नातक नाबार्ड की विभिन्न परियोजनाओं, ग्रामीण बैंकिंग, माइक्रोफाइनेंस और विकास कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वहीं कार्यशाला के विशिष्ट वक्ता व जाड्र्स, एग्री क्लिनिक, मुरादाबाद के सीईओ डॉ. दीपक मेहदिरत्ता ने एग्री क्लिनिक एवं एग्री बिजनेस सेंटर (एसीएबीसी) योजना के माध्यम से स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को एग्री परामर्श, एग्री-स्टार्टअप, जैविक खेती और मूल्य संवर्धन के क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कृषि स्नातकों के लिए अपार संभावनाएं हैं तथा इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को नई दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का संचालन सह आयोजक व स्कूल के शिक्षक डॉ. ए.एन. चौबे द्वारा किया गया। अंत में संयोजक व स्कूल के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल ने सभी उपस्थितों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला के दौरान स्कूल के सभी शिक्षक व भारी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।



# भारतीय किसान यूनियन ने विभिन्न मांगों को लेकर कमिश्नर कार्यालय के बाहर किया धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंडलायुक्त कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया। भारतीय किसान यूनियन (असली अराजनैतिक संगठन) के बैनर तले आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने प्रशासन को तीन अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। ज्ञापन एसीएम द्वितीय प्रिंस वर्मा को दिए गए, जिनमें जल जीवन मिशन की उच्चस्तरीय जांच, मनरेगा जैसी ग्रामीण रोजगार योजनाओं की सुरक्षा तथा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की समीक्षा की मांग प्रमुख रही।किसानों का आरोप है कि विभिन्न योजनाओं में अनियमितताएं हो रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थियों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों की पारदर्शी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही मनरेगा जैसी योजनाओं में बजट कटौती न करने और किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रशासन ने ज्ञापन लेकर उचित कार्रवाई का आश्वा. सन दिया है।



## दुर्घटना में हुई युवक की मौत के मामले में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव भूड़ मरेसी के सुमित शर्मा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसके भाई मोहित कुमार ने 19 जनवरी को जरगांव पेट्रोल पंप से अपने गांव को आ रहे थे। तभी रास्ते में कमालपुर चंदोरा के पास अज्ञात वाहन ने उनके भाई की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एंबुलेंस से लेकर आए। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अंतिम संस्कार के कार्य में व्यस्त रहने के कारण रिपोर्ट दर्ज करने नहीं पहुंचे। अब तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## भाजपा कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वावधान में बुद्धि विहार स्थित महानगर कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने किया। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महानगर प्रभारी मोहन लाल सैनी मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। वंदेमातरम् गायन के उपरांत प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरीश भंडूला ने की तथा संचालन धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने किया।मुख्य वक्ता सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और समाज में आचरण को समझना आवश्यक है। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करती है और सेवा ही उसका मूल मंत्र है।विशिष्ट अतिथि मोहन लाल सैनी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। कार्यकर्ताओं का व्यवहार, भाषा और अनुशासन ही संगठन की छवि बनाते हैं। उन्होंने सर्वसमाज को साथ लेकर चलने और प्रत्येक उत्सव व सामाजिक कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।कार्यशाला में महानगर पदाधिकारियों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## दस लीटर कच्ची शराब के साथ पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बुधवार को कोतवाली पुलिस उपनिरीक्षक हैड कांस्टेबल राममोहन शर्मा, कांस्टेबल अरुण कुमार के साथ में शांति व्यवस्था को लेकर गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम ब्रजेश कुमार उर्फ सेठी पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम लालापुर पीपलसाना बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## आईएफटीएम में 'ऑटोमोटिव डिजाइन एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट' विषय पर हुआ दो दिवसीय वर्कशॉप का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के सहयोग से ''ऑटोमोटिव डिजाइन एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट'' विषय पर दो दिवसीय वर्कशाप का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने वर्कशॉप के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि यह वर्कशॉप इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभकारी रहेगी। वर्कशाप के पहले दिन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. दीपक कुमार मुख्य वक्ता रहे।

डॉ. कुमार ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को इलेक्ट्रिक वाहन के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों पर प्रकाश डालते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों में प्रयुक्त होने वाली बैटरी के डिजाइन और क्षमता के बारें में जानकारी दी। दूसरे दिन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली में सिविल अभियांत्रिकी विभाग के डॉ. अजय कुमार वर्कशॉप के मुख्य वक्ता रहे। डॉ. कुमार ने विद्यार्थियों को सस्टेनेबल डेवलपमेंट के बारे में जानकारी दी और भवन एवं विभिन्न निर्माणों मे पारंपरिक निर्माण सामग्री के स्थान पर पर्यावरण को होने वाली क्षति को कम करने में विभिन्न इको फ्रेंडली मैटेरियल के उपयोग की महत्ता बताई। इस मौके पर आईआईसी व कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने मुख्य अतिथियों को बुके और प्रतीक-चिन्ह भेट किए। वर्कशॉप के सफल आयोजन में सह संयोजक व सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष श्री गौरव हावडीया, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक श्री मृगेंद्र अम्ब, डॉ. विनीत सिंह, श्री संजय सिंह समेत अन्य सभी शिक्षकों की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की शिक्षिका श्रीमती रिम्पी छाबड़ा एवं सिविल इंजीनियरिंग विभाग की शिक्षिका डॉ. अपर्णा ने किया। कार्यशाला के अंत में आयोजन सचिव व मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार यादव ने आभार व्यक्त किया। इस वर्कशॉप में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के शिक्षकों समेत 70 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।




## संबंध विच्छेद सूचना

मैने और मेरी पत्नी हासमीन जहां ने अपने पुत्र मोहम्मद शाहरूख से गलत संगत में पड़ने और आए दिन मारपीट पर उतारू होने पर उससे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। मोहम्मद शाहरूख के किसी भी कृत्य की मेरी व मेरी पत्नी की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। चांद खान उर्फ चांद शाह पुत्र इकलाश हुसैन निवासी ग्राम आजादनगर मिस्सर वाला ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।



## कार्यालय ग्राम पंचायत रूस्तमपुर तिगरी
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 18.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत रूस्तमपुर तिगरी विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 27.02.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 27.02.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | असलम के घर से वीरपाल के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट, रोड़ा, बजरफुट आदि। | 41 मी0 | 223311/- | 500 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत रूस्तमपुर तिगरी**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**



## सार्वजनिक सूचना

जनता को सूचित करता है कि **महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (MMFSL)** की 1,583 गाड़ियों (पूरी लिस्ट वेबसाइट लिंक: कस्टमर डिस्क्लोजर महिंद्रा फाइनेंस पर उपलब्ध है) को MMFSL ने पोर्टल (eDIIG) और ऑफलाइन मोड के जरिए नीलाम किया था और अभी वे महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स लिमिटेड **(MFCWL)** ("गाड़ियां") के अलग-अलग यार्ड में पार्क हैं। इसलिए, MFCWL को देने वाले पार्किंग चार्ज, वापस ली गई/नीलाम की गई गाड़ियों की पार्किंग की तारीख से जमा हो रहे हैं। नीलामी के बावजूद, खरीदार MMFSL से गाड़ियों का कब्जा लेने में नाकाम रहे हैं, इन वजहों से, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- नीलामी के हिसाब से पूरी रकम का पेमेंट न करना
- पार्किंग चार्ज का पेमेंट न करना
- पेमेंट के बाद भी डिलीवरी न लेना
- खरीदार की डेथ या अन्य आकस्मिकताएं

**इसलिए, गाड़ी या उसके किसी हिस्से के टाइटल (मालिक होने) का दावा करने वाले सभी संबंधित खरीदारों से कहा जाता है कि वे इस नोटिस की तारीख से 15 (पंद्रह) दिनों के अंदर अपनी गाड़ी का कब्जा ले लें। इसके लिए वे गाड़ी की नीलामी के लिए पूरी रकम (अगर लागू हो) और पार्किंग चार्ज और उब्रिस को देय कोई भी दूसरी रकम का पेमेंट नीचे दिए गए दस्तावेज जमा करके करें:**

- पेमेंट का प्रूफ और जरूरी डॉक्यूमेंट
- सेल्फ-आइडेंटिफिकेशन प्रूफ (आधार, पैन, वगैरह)
- MMFSL द्वारा मांगे गए गाड़ी के टाइटल से जुड़े डॉक्यूमेंट
- MFCWL को पार्किंग चार्ज के पेमेंट की रसीद

ऊपर बताए गए सभी क्लेम और डॉक्यूमेंट यहां बताई गई टाइमलाइन के अंदर उऑस को जमा करने होंगे।

अगर तय समय के अंदर ऊपर दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है, तो **MMFSL** बिना किसी और नोटिस के उन गाड़ियों या उनके किसी हिस्से को फिर से नीलाम करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करेगा और उसके बाद उन लोगों का किसी भी गाड़ी पर कोई अधिकार और/या मालिकाना हक नहीं होगा।

ऐसी दोबारा नीलामी से होने वाली कमाई को पहले यार्ड पार्किंग चार्ज और उब्रिस या किसी तीसरे पक्ष को देने वाले दूसरे बकाए के लिए इस्तेमाल किया जाएगा और उसके बाद गाड़ी के संबंध में MFCWL को देने वाले किसी भी बकाया रकम के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। कोई भी सरप्लस रकम डॉक्यूमेंट्री प्रूफ मिलने और उऑस या उसके प्रतिनिधियों द्वारा पूरी जांच-पड़ताल के बाद असली मालिक को वापस कर दी जाएगी। किसी भी कमी के मामले में, उसे संबंधित व्यक्ति/व्यक्तियों से वसूला जाएगा।

ऊपर बताए गए तय समय के बाद, किसी भी हालत में कोई भी क्लेम स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी पत्र-व्यवहार **Prafull.Ruke1@mahindrafinance.com** पर करें, विषय: लंबे समय से खड़ी गाड़ी

**महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की ओर से**



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम का सामना ऑस्ट्रेलियाई क्लबों से होगा

**पर्थ, वार्ता।** भारतीय महिला नेशनल फुटबॉल टीम एएफसी महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 की अपनी तैयारियों के तहत 19 और 23 फरवरी को ऑस्ट्रेलियाई क्लब टीमों पर्थ रेडस्टार एफसी और पर्थ अजुरी के खिलाफ दो फ्रेंडली मैच खेलेगी। ब्लू टाइग्रेसेस 11 फरवरी को तुर्किए में अपना ट्रेनिग कैंप खत्म करने के बाद वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया पहुंचीं, जहां उन्होंने यूक्रेन, रूस, स्विट्जरलैंड, जर्मनी और रोमानिया की क्लब टीमों के खिलाफ छह फ्रेंडली मैच खेले। भारत ने तुर्किए में एक्सपोजर टूर के दौरान तीन जीत, एक ड्रॉ और दो हार दर्ज कीं। पर्थ रेडस्टार एफसी के खिलाफ पहला मैच डालमटिनैक पार्क में भारतीय समयानुसार 14:30 पर खेला जाएगा, जबकि पर्थ अजुरी के खिलाफ दूसरा मैच मैसेडोनिया पार्क में 16:00 पर खेला जाएगा।

### टॉप सीड सेरुंडोलो रियो ओपन के आखिरी 16 में पहुंचे

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** अर्जेंटीना के टॉप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो अपने ही देश के मारियानो नवोन को 6-3, 6-4 से हराकर रियो ओपन के आखिरी 16 में पहुंच गए।

वर्ल्ड नंबर 19 सेरुंडोलो ने पहले सर्व पर 72 परसेंट पॉइंट जीते और जॉकी क्लब ब्रासीलीरो के आउटडोर क्ले कोर्ट पर पांच में से चार ब्रेक पॉइंट बदलकर जीत हासिल की। नवोन ने पहले सर्व पर 67 परसेंट पॉइंट जीते लेकिन 12 ब्रेक पॉइंट मौकों में से सिर्फ दो को ही बदल पाए। सेरुंडोलो एटीपी 500 इवेंट के अगले राउंड में एक और अर्जेंटीना के थियागो टिरांटे से भिड़ेंगे। सेरुंडोलो के भाई, जुआन मैनुअल सेरुंडोलो ने भी इटली के दूसरे सीड लुसियानो डार्डेरी पर 6-1, 3-6, 6-4 से जीत हासिल की।

# टी-20 में अभिषेक नंबर-वन

● **आईसीसी रैंकिंग में ईशान किशन आठवें स्थान पर**



**दुबई, वार्ता।** भारत के ओपनर अभिषेक शर्मा ने हाल में मामूली प्रदर्शन के बावजूद आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में टॉप पर अपनी जगह बनाए रखी, जबकि टीम के साथी ईशान किशन पाकिस्तान के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के बाद 17 स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए। पाकिस्तान के सैम अयूब ने ऑलराउंडर रैंकिंग में फिर से नंबर 1 पर जगह बना ली है। उन्होंने मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा को पीछे छोड़ दिया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, कोलंबो में भारत के खिलाफ तीन विकेट लेने के बाद अयूब ऑलराउंडर्स की लिस्ट में टॉप पर वापस आ गए हैं, जिससे हाल के हफ्तों में उनके और रजा के बीच टॉप पर रहने की कड़ी टक्कर जारी है। रजा दूसरे स्थान पर खिसक गए, जबकि नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी दो स्थान ऊपर और अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई चार स्थान ऊपर चढ़े, दोनों ने शानदार प्रदर्शन के बाद चौथा स्थान शेयर किया। बल्लेबाजी रैंकिंग में, श्रीलंका के पथुम निसंका कैंडी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी शानदार सेंचुरी के बाद तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर आ गए। दक्षिण अफ्रीका के रयान रिकेल्टन 22 स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर और एडेन मार्करम छह स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 15वें स्थान पर पहुंच गए, जिन्होंने अहम रन बनाए, जबकि अमेरिका के बैटर सैतेजा मुक्कामल्ला 16 स्थान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर और इंग्लैंड के युवा जैकब बेथेल 22 स्थान ऊपर चढ़कर लिस्ट में 32वें स्थान पर पहुंच गए। बॉलिंग रैंकिंग में, अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान एक स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर आ गए, जिससे भारत के वरुण चक्रवर्ती से उनका अंतर कम हो गया, जो चार्ट में टॉप पर बने हैं।

# पहली बार रणजी के फाइनल में जे-के

● **आकिब नबी और सुनील के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन से बंगाल को छह विकेट से हराया**



**कल्याणी, वार्ता।** आकिब नबी और सुनील कुमार के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद वंशराज शर्मा ( नाबाद 43 ) और अब्दुल समद (नाबाद 30 ) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने बुधवार को रणजी ट्राफी के दूसरे सेमीफाइनल के चौथे दिन बंगाल के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज टूर्नामेंट के फाइनल में पहली बार जगह बना ली है। यहां जम्मू-कश्मीर ने दो विकेट पर 43 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में जम्मू-कश्मीर का तीसरा विकेट शुभम सिंह पुंडीर (27) के रूप में गिरा। उन्हें मोहम्मद शमी ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद 28वें ओवर में आकाश दीप ने कप्ताप परास डोगरा (नौ) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। जम्मू-कश्मीर ने 34-2 ओवर में चार विकेट पर 126 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। वंशराज शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के लिए विजई छक्का लगाया। वंशराज शर्मा ने 83 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 43 रनों की पारी खेली। अब्दुल समद 27 गेंदों में 30 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने तीन छक्के और एक चौका लगाया। बंगाल के लिए आकाश दीप ने तीन विकेट लिए। मोहम्मद शमी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। बंगाल ने पहली पारी में 328 और दूसरी पारी में 99 रन का स्कोर किया। जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 302 रन बनाए।

### उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर टीम को बधाई दी

**जम्मू, वार्ता।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर टीम को रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंचने पर बधाई दी और उम्मीद जताई कि इस इलाके के और खिलाड़ी इंडिया में खेलेंगे। जम्मू में रिपोर्टर्स से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी अकेले रणजी ट्रॉफी नहीं जीतता। यह पूरी टीम और सपोर्ट स्टाफ की भी सफलता है। मैं अपनी तरफ से और जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों की तरफ से उन सभी को बधाई देता हूं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे उम्मीद है कि वह दिन दूर नहीं जब हम जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ियों को नेशनल टीम में बहुत अहम भूमिका निभाई।

# अभिषेक, गिल व अर्शदीप पीपीएल में खेलेंगे



● **पीपीएल में सभी 6 टीमें फ्रेंचाइजी-बेस्ड होंगी और खिलाड़ियों को ऑक्शन के जरिये खरीदा जाएगा**

**चंडीगढ़, वार्ता।** पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) जून 2026 में पंजाब प्रीमियर लीग (पीपीएल) कराएगा। पंजाब की घरेलू टी-20 क्रिकेट लीग अब नए नाम और नए फॉर्मेट में खेली जाएगी।

पीपीएल में सभी 6 टीमें फ्रेंचइजी-बेस्ड होंगी और खिलाड़ियों को ऑक्शन के जरिए खरीदा जाएगा और इसमें सिर्फ़ पंजाब के रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही हिस्सा लेंगे। पंजाब का हर बड़ा खिलाड़ी पंजाब प्रीमियर लीग का हिस्सा होगा। भारतीय टेस्ट और लिमिटेड ओवर के ओपनर शुभमन गिल, भारत के नंबर एक टी-20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और गेंदबाज अर्शदीप सिंह को मार्की खिलाड़ियों के तौर पर शामिल किया जाएगा। इनके अलावा, पंजाब के दूसरे अनुभवी खिलाड़ी भी मार्की नामों के तौर पर शामिल हो सकते हैं, जैसे रमनदीप सिंह, नेहाल वढेरा, नमन धीर, अनमोलप्रीत सिंह, प्रभसिमरन सिंह, वगैरह। युवा खिलाड़ी विहान मल्होत्रा, जो मौजूदा इंडिया अंडर 19 टीम का हिस्सा हैं, भी इसमें शामिल होंगे। युवाओं के साथ सीनियर्स सीनियर खिलाड़ियों के साथ, पंजाब के अंडर-23 खिलाड़ियों को भी खेलने का मौका मिलेगा। मार्की नामों के अलावा, पंजाब प्रीमियर लीग में पंजाब के कई दूसरे उभरते हुए क्रिकेटर भी हिस्सा लेंगे, जिन्होंने घरेलू और आईपीएल लेवल पर अपनी पहचान बनाई है। मयंक मारकंडे, अश्विनी कुमार, गुरनूर बराड़, हरनूर सिंह, रमन धीर और हरप्रीत बराड़ जैसे खिलाड़ी टूर्नामेंट में शामिल होंगे, जिससे लीग में गहराई और मुकाबला बढ़ेगा।

इसके अलावा, सलिल अरोड़ा, रघु शर्मा जैसे टैलेंटेड खिलाड़ी और कई दूसरे होनहार खिलाड़ी भी पीपीएल का हिस्सा होंगे। सभी खिलाड़ियों का ड्राफ्ट होगा। कई खिलाड़ियों को अलग-अलग प्राइस स्लैब में रखा जाएगा, और टीमों को अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के लिए बोली लगाने का मौका मिलेगा। पंजाब प्रीमियर लीग 2026 में छह फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी, जिसमें पंजाब के कई बड़े बिजनेस घराने और कॉर्पोरेट ग्रुप मालिकाना हक हासिल करने और राज्य की सबसे बड़ी घरेलू टी-20 लीग के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हैं।

# 802 रन की विशाल बढ़त के साथ कर्नाटक का रणजी फाइनल पक्का

● **स्मरण की 127 रनों की शतकीय पारी की बदौलत उत्तराखंड के खिलाफ बढ़त बनाकर रणजी के फाइनल जमह पक्की कर ली**

**लखनऊ, वार्ता।** स्मरण रविचंद्रन (127) की शानदार शतकीय पारी की बदौलत कर्नाटक ने उत्तराखंड के खिलाफ दूसरी पारी में बुधवार को चौथे दिन छह विकेट पर 299 रन बनाकर अपनी बढ़त 802 रन पहुंचाते हुए रणजी फाइनल में जगह पक्की कर ली। कर्नाटक का घइनल में जम्मू-कश्मीर से मुकाबला होगा जिसने इससे पहले बंगाल को दूसरे सेमीफाइनल में छह विकेट से हराया। कर्नाटक ने पहली पारी में 736 रन बनाए थे और उत्तराखंड को 233 रन पर समेट कर 503 रन की विशाल बढ़त हासिल कर ली। कर्नाटक ने उत्तराखंड से फॉलोआन न कराकर दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया। कर्नाटक ने स्टंप्स तक छह विकेट पर 299 रन बनाकर कुल बढ़त को 800 रन के पार पहुंचा दिया। उत्तराखंड ने पांच विकेट पर 149 रन से अपनी पारी को आगे बघया। आदित्य रावत ने नाबाद 45 रन बनाए। विद्याधर पाटिल और विजयकुमार व्याशक ने तीन-तीन विकेट लिए। कर्नाटक ने दूसरी पारी में चार विकेट 122 रन तक गंवा दिए थे।

### रणजी सेमीफाइनल में चोटिल हुए पडिक्कल



**लखनऊ, वार्ता।** कर्नाटक के बैट्समैन देवदत्त पडिक्कल उत्तराखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2025-26 सेमीफाइनल के चौथे दिन चोटिल हो गए, जिससे उनके करियर की बेस्ट इनिंग फीकी पड़ गई। उनको उत्तराखंड की पहली इनिग के दौरान गली में डाइविग कैच लेने की कोशिश में उंगली में चोट लग गई और वह मैदान से बाहर चले गए। पडिक्कल ने नंबर 3 पर बैटिंग करते हुए इससे पहले इकाना स्टेडियम में 330 गेंदों पर 29 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 232 रन बनाए थे, जिससे कर्नाटक ने 194-4 ओवर में 736 रन का बड़ा स्कोर बनाया था। जवाब में उत्तराखंड को मुश्किल हुई और वे 233 रन पर आउट हो गए, विद्याधर पाटिल और व्यशाक विजयकुमार ने तीन-तीन विकेट लिए। यह चोट 75वें ओवर की 5वीं गेंद पर लगी जब अभय नेगी ने प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर ड्राइव किया।

# भारत आर्मी टी-20 विश्व कप एंथम में दिखाई देगी

● **आर्मी के फाउंडर राकेश पटेल ने कहा कि क्रिकेट ग्रुप के लिए पैशन और विश्वास को दिखाता है, और एंथम का हिस्सा होना उसी एकता को दिखाता है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत आर्मी प्राइम वीडियो के प्रमोशनल ट्रैक द लल्ला एंथम - ए वॉर्निंग फ्रॉम सूबेदार में शामिल है, जिसे चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान रिलीज किया गया था, जब भारत सुपर 8 स्टेज की तैयारी कर रहा था। एक मीडिया रिलीज के मुताबिक, एंथम में भारत आर्मी के सदस्य एक्टर अनिल कपूर, एक्टर राधिका मदान, भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह और स्पोर्ट्स प्रेजेंटर शेफाली बग्गा के साथ मिलकर नारे लगाते, ढोल बजाते और फैंस के सपोर्ट में सीन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह कोलेबोरेशन बड़े क्रिकेट इवेंट्स के दौरान माहौल बनाने में ऑर्गनाइज्ड सपोर्टर्स के योगदान को हाईलाइट करता है। भारत आर्मी के फाउंडर राकेश पटेल ने कहा कि क्रिकेट ग्रुप के लिए पैशन और विश्वास को दिखाता है, और एंथम का हिस्सा होना उसी एकता और गर्व की भावना को दिखाता है जो वे टीम इंडिया को सपोर्ट करते हुए स्टेडियम में लाते हैं। सपोर्टर्स ग्रुप के 22 फरवरी को अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंडिया के सुपर 8 मैच में शामिल होने की उम्मीद है, जो उनके ट्रैवल प्रोग्राम का हिस्सा है, और टूर्नामेंट के दौरान वे अलग-अलग जगहों पर अपनी मौजूदगी बनाए रखेंगे। इस एंथम को म्यूजिक जोड़ी रोहन-विनायक ने कंपोज किया है, ऋषि उपाध्याय ने लिखा है और विशाल ददलानी ने गाया है। यह ट्रैक आने वाली एक्शन-ड्रामा फिल्म सूबेदार के प्रमोशन का हिस्सा है, जिसमें अनिल कपूर, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, मोना सिंह भी हैं।

# द. अफ्रीका ने यूएई को छह विकेट से हराया

● **इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में एक भी मुकाबना हारे बिना सुपर-8 में जगह बना ली**



**नई दिल्ली, वार्ता।** कॉर्बिन बॉश (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद डेवाल्ड ब्रेविस (36 ), रायन रिकलटन (30) और कप्तान एडन मारक्रम (28) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्वकप के 34वें मुकाबले में बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 40 गेंदे शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला हारे बिना सुपर आठ में जगह बना ली है।कॉर्बिन बॉश को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को कप्तान एडन मारक्रम और क्विटन डी कॉक की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े। तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर हैदरअली ने एडन मारक्रम को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। मारक्रम ने 11 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 28 रन बनाए। छठे ओवर में मुहम्मद जवादुल्लाह ने क्विटन डी कॉक (14) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद रायन रिकलटन ने डेवाल्ड ब्रेविस ने तीसरे विकेट के लिए 49 रनों की साझेदारी कर दक्षिण अफ्रीका की जीत पक्की कर दी। 11वें ओवर में मोहम्मद फारूक ने रायन रिकलटन को आउटकर यूएई को तीसरी सफलता दिलाई। रिकलटन ने 16 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 30 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में दक्षिण अफ्रीका का चौथा विकेट डेवाल्ड ब्रेविस के रूप में गिरा। डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 36 रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका ने 13-2 ओवर में चार विकेट पर 123 रन बनाकर मुकबला छह विकेट से अपने नाम किया। यूएई के लिए हैदर अली, मुहम्मद जवादुल्लाह, मुहम्मद इरफान और मोहम्मद फारूक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां आलीशान शराफु (45) और कप्तान मुहम्मद वसीम (22) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने वर्षा प्रभावित मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 122 रनों का स्कोर बनाया। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आलीशान शराफु ने 38 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 45 रनों की पारी खेली। कप्तान मुहम्मद वसीम ने 12 गेंदों में चार चौके लगाए।

# साहिबजादा फरहान के शतक से पाक सुपर-8 में

● **फरहान की 100 रन की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत पाक ने नामीबिया को एकतरफा अंदाज में 102 रन से रौंदा**

**कोलबों, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (नाबाद 100) के शानदार शतक की बदौलत पाकिस्तान ने नामीबिया को बुधवार को एकतरफा अंदाज में 102 रन से रौंद कर टी 20 विश्व कप के सुपर आठ दौर में प्रवेश कर लिया।

पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 199 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद नामीबिया को 17.3 ओवर में 97 रन पर ढेर कर दिया। उस्मान तारिक ने 16 रन पर चार और शादाब खान ने 19 रन पर तीन विकेट लेकर नामीबिया का पुलिंदा बांध दिया। साहिबजादा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबिया के लिए पाकिस्तान का स्कोर बहुत बड़ा साबित हुआ। लॉरेन स्टीनकैंप ने 23 और अलेक्जेंडर ब्युसिंग वॉल्सचैंक ने 20 रन बनाये। अन्य बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान के स्तरीय स्पिनरों के सामने नामीबिया के बल्लेबाज विकेट पर टिक नहीं सके।

इससे पहले साहिबजादा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के पाकिस्तान के फैसले को सही ठहराते हुए 58 गेंदों पर नाबाद 100 रन में 11 चौके और चार छक्के लगाए। साहिबजादा ने सैम अयूब के साथ पहले विकेट के लिए 40 रन ,सलमान आगा के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 रन और शादाब खान के साथ चौथे विकेट की अविजित साझेदारी में 40 गेंदों में 81 रन जोड़े। पाकिस्तान के चरसड्डा के रहने वाले साहिबज़ादा फरहान ने बड़े दिन अपनी टीम की मदद की।

# कार्लोस अल्काराज ने दर्ज की 150वीं हार्ड-कोर्ट जीत



● **अल्काराज ने तनावपूर्ण दूसरे सेट में सर्व पर दो सेट पॉइंट बचाए, फिर टाई-ब्रेक में जीतकर अपनी 150 वीं टूर-लेवल हार्ड-कोर्ट जीत पक्की की**

**दोहा, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज ने कतर एक्सॉनमोबिल ओपन में अपने विरोधी जैनिक सिनर की तेज शुरुआत के साथ तालमेल बनाए रखा, हालांकि टॉप सीड को दोहा में अपने शुरुआती टेस्ट में और मेहनत करनी पड़ी। ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने के बाद पहली बार खेलते हुए, 22 साल के अल्काराज ने आर्थर रिडरकनेच को 6-4, 7-6(5) से हराया। अल्काराज ने तनावपूर्ण दूसरे सेट में सर्व पर दो सेट पॉइंट बचाए, फिर टाई-ब्रेक में जीतकर अपनी 150वीं टूर-लेवल हार्ड-कोर्ट जीत पक्की की और 2026 सीजन में अपनी शानदार शुरुआत को 8-0 तक बढ़ाया। अल्काराज ने अपनी एक घंटे, 47 मिनट की जीत के बाद कहा कि यह सच में मुश्किल था।आर्थर सच में एक खतरनाक खिलाड़ी है। कोई भी उसके खिलाफ पहले राउंड में नहीं खेलना चाहता। मैं लेवल से खुश हूं। मुझे खुशी है कि मैं मैच में मुश्किल पलों से निकल गया। मुझे खुशी है कि मैं शांत और पॉजिटिव रहा, और बढ़िया टेनिस खेला। अल्काराज ने अपने शॉटमेकिंग का पूरा स्पेक्ट्रम दिखाया, लेकिन यह उनकी सिग्नेचर ड्रॉप वॉली थी जिसने सबका ध्यान खींचा। उन्होंने अकेले शुरुआती सेट में ही नाजुक टच से तीन शानदार विनर्स मारे और अपने कुल नेट पॉइंट्स का 76 परसेंट (16/21) शानदार जीता। दूसरे सेट में, रिडरकनेच ने अपनी तेजी बढ़ाई और सटीक सर्व करके मैच को टाई-ब्रेक में पहुंचा दिया। हालांकि, 6'5" का यह फ्रेंचमैन उस मोमेंटम को और आगे नहीं ले जा सका।

## ईला ने टॉप-10 में तीसरी जीत हासिल की

**दुबई, वार्ता।** एलेक्जेंड्रा ईला का सितारा चमकता जा रहा है। मंगलवार रात दुबई में, उन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक हासिल की, जिसमें उन्होंने वर्ल्ड नंबर 8 और पूर्व चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी को 1 घंटे 40 मिनट में 6-1, 7-6 (5) से हराया। उन्होंने दूसरे सेट के तनावपूर्ण टाईब्रेक में अपना पांचवां मैच पॉइंट बदलकर जीत हासिल की।

ईला ने सेंटर कोर्ट पर एक बड़ी, मुखर फिलिपिनो भीड़ को खींचा, और उन्होंने उन्हें एक शानदार परफॉर्मेंस से इनाम दिया। 20 साल की इस खिलाड़ी ने डब्ल्यूटीए टूर पर अपनी तीसरी टॉप 10 जीत हासिल की, और पिछले साल मियामी सेमीफाइनल में शानदार जीत के बाद यह उनकी पहली जीत थी, जिसने उन्हें दुनिया के सामने ला खड़ा किया। इस जीत से वह मियामी के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट के राउंड ऑफ 16 में भी पहुंच गई हैं। एला ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा कि सारे इमोशन इसलिए आ रहे हैं क्योंकि टेंशन बहुत ज्यादा था, खासकर उस दूसरे सेट के दौरान।इसलिए मैं सच में बहुत खुश हूं कि मैं जीत गई। (पाओलिनी) एक बेहतरीन अपोनेंट हैं, जाहिर है, टॉप 10 में होने और यहां की पूर्व चैंपियन होने के नाते, इसलिए इस लेवल पर उनके साथ मुकाबला कर पाना मेरे लिए एक बड़ी कामयाबी है। अपनी सर्विंग के लिए मशहूर नहीं, ईला शुरुआती सेट में सर्व पर हावी रहीं। उन्होंने अपनी पहली सर्व में 67: पॉइंट्स लगाए और उनमें से 86प्रतिशत पॉइंट्स जीते। उन्होंने दूसरी सर्व पॉइंट्स में 57प्रतिशत पॉइंट्स जोड़े और सेट में एक भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं किया। दूसरे सेट में एक पल के लिए ऐसा लगा कि ईला 2-1 की बढ़त बनाने के बाद जीत सकती हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के टी-20 विश्व कप में 'खराब' प्रदर्शन पर भड़के रिकी पोंटिंग



● **कहा: जिम्बाब्वे से उनकी हार टूर्नामेंट से उनके जल्दी बाहर होने का अहम कारण बनी**

**दुबई, वार्ता।** रिकी पोंटिंग ने पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के कैंपेन को ष्बहुत खराब बताया है, और कहा कि जिम्बाब्वे से उनकी हार टूर्नामेंट से उनके जल्दी बाहर होने का अहम कारण बनी। ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों में से सिर्फ़ एक जीत हासिल कर पाया और सुपर आठ स्टेज की दौड़ से बाहर हो गया, पूर्व कप्तान ने चोटों और खास खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन को बड़ी नाकामी बताया। पोंटिंग ने द आईसीसी रिव्यू के लेटेस्ट एपिसोड में कहा कि यह कहना होगा कि यह बहुत खराब कैंपेन रहा है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग स्टेज पर जोश हेजलवुड, पैट कमिंस और टिम डेविड जैसे खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी ने टीम के बैलेंस को बिगाड़ दिया। पोंटिंग ने कहा कि जिम्बाब्वे से हार टीम को परेशान करेगी। उन्होंने कहा कि यह सोचना कि जिम्बाब्वे ने आईसीसी इवेंट में ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया, ए ऐसे मौके हैं जिन्हें आप इस तरह के टूर्नामेंट में नहीं छोड़ सकते कि और कहा कि श्रीलंका भी शानदार रन चेज के साथ बहुत मजबूत साबित हुआ। दो बार के वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान ने यह भी माना कि ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने के बाद उन्हें भारतीय दोस्तों से मजाक का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आप अच्छे के साथ बुरे को भी लेते हैं, और ज्यादातर बार, मैं खुद ही एक-दूसरे को मजाकिया मैसेज भेज पाता हूं, लेकिन इस टूर्नामेंट में तो बिल्कुल नहीं। पोंटिंग ने कहा कि मौजूदा टी-20 टीम में पिछली ऑस्ट्रेलियाई टीमों जैसा ऑरा नहीं था और उसने जरूरी मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने बताया कि कैमरून ग्रीन और टिम डेविड समेत टॉप ऑर्डर जरूरी कंसिस्टेंसी नहीं दिखा पाया, जबकि श्रीलंका के खिलाफ 20 रन पर छह विकेट गिरने से उनके मौके कम हो गए। उन्होंने इस बात को खारिज कर दिया कि ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप को प्रायोरिटी नहीं देता, और जोर देकर कहा कि आईसीसी ट्रॉफी ही आखिरी लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आप वर्ल्ड कप जीतने और टाइटल जीतने के लिए खेलते हैं। हमारे जितने खिलाड़ी बाहर थे

# बोर्ड परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में प्रारंभ
## पहली पारी में 231 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**कांठ ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र में बने विभिन्न परीक्षा केदो पर बुधवार को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में यूपी बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हुई पहली पारी में हाई स्कूल हिंदी एवं दूसरी पारी में इंटरमीडिएट सामान्य हिंदी की परीक्षा हुईस पहली पारी में 231 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहेस हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं लिए कांठ तहसील में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैंसस नगर के ध्यान सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज को उप संकलन केंद्र बनाया गया है सबोर्ड परीक्षाओं के लिए कांठ तहसील क्षेत्र में डीएसएम इंटर कॉलेज, बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर, राजकीय इंटर कॉलेज मानपुर मुजफ्फरपुर, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा, ऋषिबाल इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा, श्री मति शांति देवी इंटर कॉलेज फत्तेहपुर विश्नोई, केवी इंटर कॉलेज चंगेरी छजलैट, कृषक उपकारक इंटर कॉलेज सदरपुर मतलबपुर, श्री कृष्ण इंटर कॉलेज पाठंगी, पब्लिक इंटर कॉलेज उमरी कलां, मां सरस्वती इंटर कॉलेज पैगम्बरपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बोर्ड परीक्षाएं विभिन्न परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में आज प्रारंभ हुईस अप संकलन केंद्र प्रभारी राम सागर ने बताया कि पहली पारी में 4398 परीक्षार्थी पंजीकृत से जिसमें से 4167 ने परीक्षा दी पहली पारी में 231 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहेस सभी परीक्षा केदो पर शांतिपूर्वक ढंग से परीक्षाएं प्रारंभ हुई।

# संदेश भेजकर साइबर ठग केंद्रीय कर्मचारियों को बना रहे शिकार

**कांठ ( शाह टाइम्स )** आठवें वेतन आयोग को लेकर अच्छी खासी उत्सुकता हैसकेंद्रीय कर्मचारी को जानना है कि आठवां वेतन आयोग लागू होने के बाद उनका वेतन कितना बढ़ जाएगा। कर्मचारियों की इसी उत्सुकता का फायदा उठाते हुए कुछ साइबर ठग सक्रिय हो गए हैं और केंद्रीय कर्मचारियों को अपना शिकार बना रहे हैं।

आई 4 सी साइबर दोस्त ने एक पोस्ट जारी कर केंद्रीय कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि व्हाट्सऐप पर आने वाले आठवें वेतन आयोग के संदेशों को लेकर सावधानी बरतें। आई 4 सी यानी इंडिया साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर केंद्र सरकार की साइबर अपराध की रोकथाम करने वाली नोडल एजेंसी है। इस एजेंसी ने लोगों को आगाह किया है कि ८ वें वेतन आयोग के बाद कितनी होगी सैलरी? इस वेबसाइट को ना खोलें खोलते ही आपका बैंक अकाउंट खाली हो सकता है।

# शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से भविष्य की तकनीक से साक्षात्कार

**मुरादाबाद।** टिमिट, तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डिपार्मेंट द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 हेतु एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसमें प्रबंधन एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिसियल इंटेलीजेन्स), डिजिटल नवाचार, उभरती तकनीकों तथा उनके व्यावसायिक एवं प्रबंधकीय अनुप्रयोगों से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना था। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में विद्यार्थियों को उद्योग विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं, स्टार्टअप लीडर्स एवं तकनीकी नवाचारों से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ, जिससे उनके ज्ञान, दृष्टिकोण एवं करियर समझ में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इस कार्यक्रम में कॉलिज-आईआईसी का सहयोग रहा। कार्यक्रम का समन्वय शिक्षकों द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।उनके मार्गदर्शन एवं प्रयासों से यह शैक्षणिक



भ्रमण अत्यंत सुव्यवस्थित, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने कहा कि “आज के प्रतिस्पर्धात्मक और तकनीक-प्रधान युग में केवल पाठ्यपुस्तक ज्ञान पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को वास्तविक दुनिया की तकनीकों, नवाचारों और उद्योग प्रवृत्तियों से जोड़ना समय की मांग है। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट जैसे मंच विद्यार्थियों को सोचने, समझने और भविष्य के लिए स्वयं को तैयार करने की दिशा प्रदान करते हैं।” प्रो. विपिन जैन ने आयोजन से जुड़े सभी समन्वयकों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि ऐसे आयोजन भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे टिमिट के विद्यार्थी राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बना सकें।

टिमिट की उस शैक्षणिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए तैयार किया जा रहा।

## एक नजर

### 372 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**बिलारी।** मुरादाबाद जनपद के बिलारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 18 फरवरी 2026 की तड़के करीब 1:50 बजे ग्राम रोजा से सनाई जाने वाली रोड पर मोड़ से लगभग 100 मीटर आगे चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 372 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। गिरफ्तार युवक की पहचान राजबीर (25 वर्ष) पुत्र रामबीर, निवासी ग्राम सनाई थाना बिलारी के रूप में हुई है। मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। गिरफ्तारी के बाद उसे नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की गई।

### हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज डींगरपुर में हाईस्कूल हिंदी की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न




**कुंदरकी।** बुधवार को हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज डींगरपुर में हाई स्कूल हिंदी की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई आसान पेपर देखकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। यूपी परीक्षा केंद्र पर 476 परीक्षार्थी में से 450 उपस्थित हुए 26 छात्र अनुपस्थित रहे।

### नगर निगम व पुलिस विभाग की छवि खराब करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मुरादाबाद।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर नगर निगम व पुलिस विभाग की छवि धूमिल करने तथा धार्मिक भावनाएं भड़काने संबंधी कथित आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई थाना कोतवाली नगर में नगर निगम प्रशासन की तहरीर पर की गई है।नगर निगम का आरोप है कि वायरल वीडियो को आधार बनाकर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और भ्रामक व भड़काऊ सामग्री प्रसारित की गई।

जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता था। प्रशासन के अनुसार संबंधित पोस्ट पूर्णत: असत्य और निराधार हैं।तहरीर में मुख्य आरोपी के रूप में शहनवाज का नाम सामने आया है। दो अन्य व्यक्तियों की भूमिका भी संदिग्ध बताई गई है। पुलिस ने डिजिटल साक्ष्य और स्क्रीनशॉट सुरक्षित कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि बिना सत्यापन किसी भी पोस्ट को साझा न करें।

### वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार

**चन्दौसी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बनियाठेर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों राजवीर पुत्र पोपसिंह, कालू उर्फ देवेन्द्र पुत्र नत्थू सिंह, दीपक पुत्र सरनाम निवासीगण ग्राम देवापुर थाना बनियाठेर जिला संभल को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। बता दें कि 16 फरवरी 2026 को वादी राजपाल पुत्र रतनलाल निवासी ग्राम देवापुर थाना बनियाठेर जनपद संभल द्वारा तहरीर देकर बताया गया कि आरोपियों द्वारा उसके साथ गाली-गलौंच व मारपीट की गई है।

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 11 मामलों की सुनवाई, दो परिवारों में हुआ समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक बुधवार को पिंक चौकी चन्दौसी में केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह के निर्देशन में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के आपसी विवादों को काउंसलरों द्वारा आपसी सहमति और सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। इस दौरान कुल 11 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 4 मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया, जबकि 2 परिवारों को आपसी सहमति से पुन: एक साथ रहने के लिए राजी कराया गया। वहीं 2 पत्रावलियों को आवेदक द्वारा आगे कार्रवाई में रुचि न लेने के कारण बंद कर दिया गया। बैठक का उद्देश्य पारिवारिक विवादों को न्यायालय के बाहर आपसी समझौते से सुलझाकर परिवारों को टूटने से बचाना रहा। इस अवसर पर काउं. सलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह, रुचि और सुधारानी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# होलिका दहन स्थान पर लकड़ी के साथ अब उपले भिजवाएगी नगर पालिका

## पालिका अध्यक्ष ने दिए निर्देश बीस हजार से अधिक उपले भिजवाएगी नगर पालिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** होली के त्यौहार को लेकर नगर पालिका ने तैयारियां शुरू कर दी है पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर क्षेत्र के सभी होलिका दहन स्थलों पर लकड़ी के साथ उपले भेजे जाएंगे। इसके अलावा उन्होंने स्टाफ को त्योहारों पर पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त रखने की भी निर्देश दिए हैं। बुधवार की दोपहर पालिका सभागार में पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव व अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने सभी सफाई नायकों और स्टाफ के साथ बैठक की। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि होली के त्यौहार को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। नगर में जितने भी होलिका दहन स्थल है उन पर अब तक नगर पालिका द्वारा लकड़ी भिजवाई जाती थी परंतु इस बार उन्होंने गौशाला से गाय के गोबर से उपले तैयार कराए हैं। जिनकी संख्या 20 हजार से अधिक है उन्होंने बताया कि अब लकड़ी के साथ उपले भी भिजवाए जाएंगे। जिससे पेड़ों को भी संरक्षण मिल सकेगा। इसके अलावा होली के मुख्य त्योहार पर पेयजल की व्यवस्था भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं, उन्होंने कहा कि होली के त्योहार पर किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। इसके अलावा होली समिति के अध्यक्ष कौशल ठाकुर, सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान ने भी पालिका अध्यक्ष से मुलाकात की है। होली समिति के अध्यक्ष कौशल ठाकुर ने कहा कि होली के तीनों जुलूस के मार्गो पर जितने



भी गड्ढे हैं उन्हें शीघ्र ही भरवा दिया जाए। साथ ही नगर में इस समय सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है जहां पर नाले बने हैं, उन नालों को कवर्ड कर दिया जाए।

ताकि कोई नाले में गिरकर घायल ना हो। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि इस संबंध में संबंधित को निर्देशित कर दिया गया है शीघ्र ही सारे कार्य पूरे कर दिए जाएंगे, पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगरपालिका द्वारा होली के मुख्य जुलूस में टैंकर की व्यवस्था की जाती है जबकि उनकी गोल्डन वर्ड टेलीकॉम कंपनी की तरफ से हर्बल गुलाल की व्यवस्था की जाती है। इस दौरान के गौरव राय, राहुल सांवरा, शाहरुख मोहित कुमार, सुनील कुमार आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू, पहले दिन दोनों पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से हुई परीक्षा

**चन्दौसी।** प्रदेश में बुधवार से बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा कड़ी सुरक्षा और पारदर्शिता के साथ शुरू हुई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई, जिसमें प्रथम पाली सुबह 08:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 02 बजे से शाम 05:15 बजे तक संपन्न हुई। परीक्षा शुरू होने से पहले सुबह 07 बजे से ही विभिन्न परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई और छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के बाहर लगाए गए अनुक्रमांक और परीक्षा कक्ष की सूची देखकर अपने कक्ष की जानकारी प्राप्त की। परीक्षा समय नजदीक आते ही केंद्रों पर चहल-पहल बढ़ गई। केंद्रों के मुख्य



द्वार पर प्रधानाचार्यों और शिक्षकों द्वारा परीक्षार्थियों की सघन तलाशी लेने के बाद ही प्रवेश दिया गया, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके। एस.एम. कॉलेज में प्रधानाचार्य राजेश कुमार गुप्ता तथा चन्दौसी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराया गया। वहीं सीतारोड स्थित नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज और बीएमजी इंटर कॉलेज में भी छात्राओं की गहन तलाशी के बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित होती नजर आईं। परीक्षा समाप्त होने के बाद जब परीक्षार्थी हिंदी का प्रश्नपत्र देकर बाहर निकले तो उनके चेहरे पर संतोष दिखाई दिया। कई परीक्षार्थियों ने बताया कि हिंदी का प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत सरल था और उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दी।

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और अनुशासन की बेहतर व्यवस्था के चलते परीक्षा सम्पन्न हुई।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में सेमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में छत्रपति शिवाजी महाराज एवं स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों महापुरुषों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल चेयरमैन राजेश कुमार ने की तथा संचालन ज्योति शर्मा ने किया। मुख्य वक्ता माधव मिश्र ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस महान आध्यात्मिक संत, विचारक और स्वामी विवेक. ानंद के गुरु थे। उन्होंने मानव सेवा को ईश्वर की सच्ची सेवा बताते हुए प्रेम, भक्ति और निस्वार्थ कर्म का संदेश दिया। वहीं छत्रपति शिवाजी महाराज को महान योद्धा और राष्ट्रनायक बताते हुए कहा कि उन्होंने मुगल शासन से संघर्ष कर



मराठा साम्राज्य की स्थापना की और राष्ट्र की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र प्रसाद शर्मा, एन.के. शर्मा, वेदराम मौर्य, वर्षा गर्ग, पुनीत कुमार गर्ग, रजनी वार्ष्णेय, प्रियंका गुप्ता सहित अन्य अतिथियों एवं शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं आयुष वार्ष्णेय, अर्णव वार्ष्णेय एवं याचिका वार्ष्णेय ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# यूपी में विधायकों व सांसदों की सैलरी-भत्तों में लगातार इजाफा

## कर्मचारियों की पेंशन बंद होने से बढ़ी नाराजगी, विधायक-सांसदों के अलग व्यवस्था क्यों?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश में विधायकों और सांसदों को मिलने वाली सैलरी और भत्तों को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। प्रदेश के विधायकों को मूल वेतन के अलावा निर्वाचन क्षेत्र भत्ता, सचिवीय भत्ता, यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता और अन्य सुविधाएं मिलाकर प्रतिमाह लगभग 1.80 लाख से 2 लाख रुपये तक की आर्थिक सुविधा प्राप्त होती है। वहीं सांसदों को भी वेतन, संसदीय क्षेत्र भत्ता, कार्यालय व्यय, दैनिक भत्ता सहित कई प्रकार की सुविधाएं मिलती हैं, जिससे उनकी कुल मासिक आय लाखों रुपये तक पहुंच जाती है। इसके अतिरिक्त जनप्रतिनिधियों को मुफ्त सरकारी आवास, बिजली-पानी, मुफ्त रेल व हवाई यात्रा, टेलीफोन, चिकित्सा सुविधा और कार्यकाल पूरा होने के बाद आजीवन पेंशन जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं। दूसरी ओर, सरकार ने वर्ष 2005 से सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बंद कर नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू कर दी, जिससे लाखों कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली निश्चित पेंशन समाप्त हो गई। कर्मचारियों का कहना है कि वर्षों तक सेवा देने के बावजूद उन्हें अब निश्चित पेंशन की गारंटी नहीं है, जबकि जनप्रतिनिधियों को केवल एक बार विधायक या सांसद बनने पर भी पेंशन की सुविधा मिल जाती है। इस स्थिति को लेकर कर्मचारियों और आम जनता में असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों का यह भी कहना है कि कई मामलों में जनप्रतिनिधियों पर भ्रष्टाचार और अन्य गंभीर आरोप लगने के बाद भी उन्हें पेंशन और अन्य सुविधाएं मिलती रहती हैं, जबकि सरकारी कर्मचारियों के लिए नियम कहीं अधिक कठोर हैं और उनकी पेंशन तक समाप्त कर दी गई है। इससे सरकार की नीतियों में असमानता और दोहरे मापदंड होने के आरोप लग रहे हैं। सामाजिक संगठनों और कर्मचारी संगठनों का मानना है कि जब कर्मचारियों की पेंशन बंद की जा सकती है, तो जनप्रतिनिधियों की पेंशन और सुविधाओं की भी समीक्षा होनी चाहिए और इसमें पारदर्शिता लाई जानी चाहिए। प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और कर्मचारियों की लंबित मांगों के बीच जनप्रतिनिधियों की सैलरी और भत्तों में लगातार वृद्धि को लेकर जनता में नाराजगी देखी जा रही है। नागरिकों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों का मुख्य दायित्व जनता की सेवा और क्षेत्र का विकास करना है, इसलिए सरकार को पहले आम कर्मचारियों और जनता के हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए। लोगों का मानना है कि जब तक सरकार इस असमानता को दूर नहीं करेगी, तब तक जनता के बीच असंतोष बना रहेगा और लोकतंत्र में विश्वास कमजोर पड़ सकता है।

### ईशिता गुप्ता ने जेईई मेन्स में 99.57 परसेंटाइल हासिल कर बढ़ाया शहर का मान

**चन्दौसी।** शहर के आवास विकास निवासी दिनेशचंद्र गुप्ता की पौत्री ईशिता गुप्ता ने जेईई मेन्स परीक्षा में 99.57 परसेंटाइल हासिल कर अपने पिता के गृह नगर चन्दौसी और पूरे परिवार का नाम रोशन किया है। ईशिता, गाजियाबाद के राजविलास निवासी उमेशचंद्र गुप्ता की पुत्री हैं और वर्तमान में गाजियाबाद स्थित बाल जगत सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा हैं। अपनी इस शानदार सफलता के साथ ईशिता ने जिले में छात्राओं के वर्ग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। अपनी उपलब्धि पर ईशिता ने भावुक होकर कहा कि इस सफलता का श्रेय उनकी माँ शालिनी गुप्ता और बड़ी बहन प्रिशा गुप्ता को जाता है, जिन्होंने हर कदम पर उनका मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन किया। वहीं दादी भावना गुप्ता ने खुशी जताते हुए कहा कि ईशिता ने अपनी मेहनत और लगन से परिवार का सिर गर्व से ऊँचा किया है और चन्दौसी की इस बेटी से भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियों की उम्मीद है। ईशिता की इस सफलता पर परिवारजनों, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एसएम कॉलेज में जनपद स्तरीय बाल महोत्सव व क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज के बड़े मैदान में बुधवार को जनपद स्तरीय पाक कला प्रतियोगिता, बाल महोत्सव, ‘हमारा आंगन हमारे बच्चे‘, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, जिला स्तरीय पीएमश्री विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बाल महोत्सव के अंतर्गत कहानी प्रतियोगिता में मरियम जहरा (सिरसी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में किंजल (बहजोई देहात) विजेता रहीं। विज्ञान क्विज में बहजोई ने प्रथम और रजपुरा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। पाक कला प्रतियोगिता में पीएम श्री आटा विद्यालय प्रथम स्थान पर रहा। क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालक वर्ग उच्च प्राथमिक स्तर पर 100 व 200 मीटर दौड़ में अरविन्द (पीएम श्री फतेहपुर, गुन्नौर) तथा 4ञ100 मीटर रिले में



फतेहपुर गुन्नौर प्रथम रहा। प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर में अयान (भारतल सिरसी), 100 मीटर में जगदीश (फतेहपुर गुन्नौर) और 200 मीटर में सचिन (असमोली) विजेता रहे। बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक स्तर पर 100 मीटर में सोनी, 200 मीटर में अंशु तथा रिले और योगा में फतेहपुर गुन्नौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर पर संतोष और अनम विजेता रहीं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पीएम श्री फतेहपुर, गुन्नौर ने ओवरऑल चौंपियनशिप हासिल की। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता रशीद अली, खंड शिक्षा अधिकारी मुंशी लाल पटेल, पोप सिंह, जिला समन्वयक दीनदयाल शर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कपूर, जिला स्काउट मास्टर प्रफुल्ल कुमार सहित अनेक शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना रहा।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles


# उम्मीद जगाती वार्ता

यह अच्छी बात है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम व उसकी बेलेस्टिक मिसाइल को लेकर स्विटजरलैंड की राजधानी जेनेवा में अमेरिका और ईरान के बीच मंगलवार को चली बातचीत सकारात्मक दिशा की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। बातचीत के बाद ईरान के विदेश मंत्री सै. अब्बास अरागची ने वार्ता को सकारात्मक बताते हुए कहा भी कि यह बातचीत ओमान की राजधानी मसकट में हुई पहले दौर की वार्ता से बेहतर और ज्यादा रचनात्मक है। उनका कहना था कि यह विशेष बातचीत दिशा देने वाले सिद्धांतों पर दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बनने पर समाप्त हुई और जल्द ही एक संभावित समझौते का मसौदा तैयार करने की दिशा में बढ़ेंगे। इस बातचीत की मध्यस्थता ओमान कर रहा है और जेनेवा में ओमानी दूतावास में यह बातचीत हुई है। हालांकि उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच जो अविश्वास की खाई है उसको पाटने में अभी समय लगेगा। अरागची की मानें, तो बातचीत में एक टिकाऊ समाधान के लिए एक नया रास्ता खुल गया है जो ईरान के अधिकारों का सम्मान करते हुए पूरे क्षेत्र और सभी के हितों की रक्षा करेगा। ओमान के विदेश मंत्री जो इस बातचीत में मध्यस्थता कर रहे हैं, उन्होंने भी इस बातचीत को रचनात्मक बताया है, लेकिन अमेरिका की तरफ से जिस तरह का बयान आया वह संशय पैदा करता है और बताता है कि अमेरिका इस बैठक से पूरी तरह संतुष्ट नहीं है। अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वैन्स ने कहा भी है कि मंगलवार की बातचीत के कुछ पहलू सकारात्मक थे, लेकिन ईरान ने अभी तक राष्ट्रपति ट्रम्प की कुछ बातों को नहीं माना और इनसे पीछे नहीं हटा जा सकता। उन्होंने जोर देकर कहा है कि अभी भी सख्त टेबल पर हैं। मतलब साफ है कि अभी वार्ता से कोई हल नहीं निकला है और सबकुछ बातचीत की टेबल पर ही है। ईरान भी पूरी सतर्कता बरतता दिखाई दे रहा है। वार्ता के बीच ही उसने होर्मुज की खाड़ी में एक नौसेनिक अभ्यास किया। जिसमें उसने दिखाने की कोशिश की कि अगर हालात बिगड़ते हैं तो वह इस क्षेत्र को बाधित कर सकता है। हॉर्मुज की खाड़ी व्यापार के लिहाज से बेहद संवेदनशील है और एक अनुमान के अनुसार दुनिया का 20 प्रतिशत इसी रास्ते से होकर गुजरता है। ईरान की आईआरजीसी के अधिकारी समाचार आउटलेप में बताया गया है कि इस अभ्यास का मकसद नौसेना की तैयारी का परीक्षण करना और समुद्र में सुरक्षा और जवाबी हमले का अभ्यास करना था। अमेरिका भी पूरी तरह ईरान को घेरने में लगा है और उसने यूएसएस अब्राहम लिंकन व एयरक्राफ्ट बैरियर यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड को ईरान की घेराबंदी में लगाया हुआ है। फिल्हाल अच्छी बात यही है कि कोई तनाव बढ़ने की खबर सामने नहीं आई है और दोनों बातचीत से हल निकालने की बात कर रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ी दिक्कत दोनों पक्षों के बीच अविश्वास की खाई है।

## कार्यकर्ता हाथी की मस्त चाल चलते रहें



यूपी में जैसे-जैसे चुनाव पास आएंगे, जो लोग हमारे खिलाफ हैं, वे हमें सत्ता से दूर रखने की और भी को. शिश करेंगे, हमारे खिलाफ साजिश करेंगे, सिर्फ यूपी में ही नहीं, देशभर में अंबेडकरवादियों को बाबा साहेब डा. अंबेडकर का आत्म- सम्मान पाने के आंदोलन को मजबूत करने के लिए काम करते रहना चाहिए, बसपा के यूपी विधानसभा चुनाव गठबंधन में लड़ने की बात फेक न्यूज है, बसपा अकेले अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी, बसपा के लोगों को अच्छी तरह से मालूम है कि कांग्रेस, सपा व भाजपा आदि पार्टियों की सोच संकीर्ण व अंबेडकर विरोधी है, ये लोगों का ध्यान भटकाने को ही घिनौनी साजिशें करते रहते हैं, पाटी कार्यकर्ता हाथी की मस्त चाल चलते रहें।

**-सुश्री मायावती, बसपा सुप्रीमो**

# खेतों की मेढ़ पर खड़ा ग्लोबल वार्मिंग का सच





**पंकज चतुर्वेदी**

प्रकृति के कैलेंडर में फरवरी का महीना आमतौर पर गुलाबी ठंड और वसंत की मंद बयार का प्रतीक माना जाता रहा है। यह वह समय होता है जब रबी की फसलें और आम के बगीचे अपने पूर्ण यौवन पर होते हैं। लेकिन साल 2026 की यह फरवरी डराने वाली है। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर, औरैया और बुंदेलखंड के पठारों से लेकर बिहार के कैमूर और समस्तीपुर तक, सूरज की तपिश ने समय से पहले ही मार्च के अंत वाले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फरवरी के मध्य में ही देश के एक बड़े हिस्से में पारा 30 से 32 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है, जो सामान्य से करीब 5 से 7 डिग्री अधिक है। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं है, बल्कि ग्लोबल वार्मिंग का वह क्रूर चेहरा है जो सीधे हमारी थाली और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रहार कर रहा है। हालिया समाचार और कृषि विश्वविद्यालयों के आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि भारत में श्सर्दियों का संकुचन अब एक स्थाई संकट बनता जा रहा है।

जलवायु परिवर्तन का सबसे घातक प्रहार हमारी खाद्य सुरक्षा और श्फलों के राजाश आम पर हो रहा है। रबी की मुख्य फसल गेहूं के लिए फरवरी का दूसरा पखवाड़ा ग्रैन फिलिंग यानी बालियों में दाना भरने की अवस्था का होता है। इस नाजुक दौर में अचानक बढ़ी गर्मी थर्मल स्ट्रेस पैदा कर रही है। जब तापमान 30 डिग्री के ऊपर बना रहता है, तो पौधों के भीतर चयापचय की प्रक्रिया असामान्य रूप से तेज हो जाती है और दाना पूरी तरह विकसित होने से पहले ही सख्त होने लगता है। इसे वैज्ञानिक भाषा में फोर्स्ड मेच्योरिटी कहा जाता है। परिणामस्वरूप, दाना छोटा, हल्का और झुर्रियों वाला रह जाता है। कृषि वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यदि तापमान में इसी तरह की वृद्धि जारी रही, तो गेहूं की पैदावार में प्रति हेक्टेयर 15 से 20 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। सागर और औरैया के खेतों से आ रही रिपोर्टें बताती हैं कि गेहूं की बालियां समय से पहले सफेद पड़ रही हैं, जो सीधे तौर पर किसान की साल भर की मेहनत पर पानी फेरने जैसा है।

यही संकट बिहार के गौरव, आम के मंजरों पर भी मंडरा रहा है। विशेषज्ञ विश्लेषण बताते हैं कि आम का पुष्पन जाड़े के अंत और बसंत की शुरुआत में स्थिर तापमान और मध्यम आर्द्रता में होता रहा है। किंतु तापमान की वर्तमान अनिश्चितता ने इस प्रक्रिया को श्रोलर-कोस्टरश बना दिया है। लगातार 27-30 डिग्री से ऊपर का तापमान मंजर को समय से पहले परिपक्व कर देता है, जिससे फूलों की गुणवत्ता घटती है और वे झड़ने लगते हैं। इसके विपरीत, यदि अचानक तापमान गिरता है, तो फूलों का खुलना असमान हो जाता है। सुबह की अत्यधिक नमी फफूंदजनित रोगों का जोखिम बढ़ा रही है, जबकि दोपहर की शुष्क हवा पराग के अंकुरण को बाधित कर रही है। नतीजा यह है कि या तो फूल गिर रहे हैं, या निषेचन के बाद भी फल टिक नहीं पा रहे हैं। पछिया हवा की बढ़ती तीव्रता ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है, जिससे मंजरों की यांत्रिक गिरावट बढ़ गई है।

बुंदेलखंड और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में इस साल पश्चिमी विक्षोभ की विफलता ने आग में घी का काम किया है। आमतौर पर सर्दियों में होने वाली मावट या बारिश फसलों के लिए अमृत समान होती थी, लेकिन इस साल शुष्कता और बढ़ती गर्मी ने मिट्टी की नमी को सोख लिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले एक दशक में फरवरी के महीने में लू जैसी स्थितियों की आवृत्ति बढ़ी है। यह पैटर्न स्पष्ट संकेत दे रहा है कि भारत के मौसम चक्र से श्वसंतश ऋतु धीरे-धीरे गायब हो रही है और हम सीधे कंपकपाती सर्दी से झुलसाने वाली गर्मी के दौर में प्रवेश कर रहे हैं। इसका असर केवल गेहूं और आम पर ही नहीं, बल्कि सरसों और दलहन पर भी पड़ रहा है। सरसों की फलियों में तेल की मात्रा कम होने की आशंका है और चने के पौधों में फूल समय से पहले ही झड़ रहे हैं। इस विकट परिस्थिति का निदान अब केवल पारंपरिक खेती के ढर्रे पर चलकर संभव नहीं है। हमें क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर यानी जलवायु-अनुकूल कृषि की ओर युद्धस्तर पर बढ़ना होगा। मिट्टी की नमी बचाने के लिए गन्ने की सूखी पत्तियों, भूसे या सूखी घास से श्मल्चिंगश करना अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। यह तकनीक सतह के तापमान को स्थिर रखती है और पानी के वाष्पीकरण को रोकती है। इसके साथ ही, सूक्ष्म-सिंचाई ड्रिप/स्प्रिंकलर को अपनाकर कम पानी ज्यादा असर के सिद्धांत पर काम करना होगा। बागों की मेढ़ों पर कटहल, बांस या नीम जैसे विंडब्रेक वायुरोधी अवरोध लगाने चाहिए ताकि तेज पछिया हवाओं से फूलों और फलों का बचाव हो सके। यह छोटे-छोटे प्रबंधन ही बड़े आर्थिक नुकसान को रोकने में सक्षम हैं।

वैज्ञानिक परामर्श के अनुसार, पुष्पन के दौरान बोरॉन और जिंक जैसे सूक्ष्म-पोषक तत्वों का संतु. लित छिड़काव फूलों की जीवन-क्षमता को बढ़ा सकता है। साथ ही, कीटों और रोगों के प्रबंधन के लिए मौसम-पूर्वानुमान आधारित छिड़काव ही कारगर होगा। सरकार और संस्थागत सहयोग की भूमिका भी अब केवल मुआवजा वितरण तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। ब्लॉक-स्तरीय मौसम परामर्श और सटीक पूर्वानुमान आज किसानों के लिए सबसे बड़े निर्णय-सहायक उपकरण हैं। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में किस्मों का विवेकपूर्ण चयन भी महत्वपूर्ण है। आम्रपाली, मल्लिका और गेहूं की हीट टॉलरेंट किस्में जैसे डीबीडब्ल्यू 187 बदलती परिस्थितियों में बेहतर अनुकूलन दिखा रही हैं। जलवायु परिवर्तन अब कोई दूरगामी चेतावनी नहीं, बल्कि हमारे खेतों की मेढ़ पर खड़ा एक कड़वा सच है। फतेहपुर से लेकर कैमूर और सागर से लेकर समस्तीपुर तक के किसान आज जिस तनाव में हैं, वह आने वाले एक बड़े खाद्य संकट की आहट है। यदि देश के कुल अनाज उत्पादन में बड़ी गिरावट आती है, तो इसका असर केवल किसान की आय पर ही नहीं, बल्कि देश की जीडीपी और आम आदमी की रसोई पर पड़ेगा। हमें यह समझना होगा कि धरती का बढ़ता तापमान हमारे विकास के मॉडल पर प्रकृति का प्रतिघात है। मिट्टी की नमी को बचाना और बदलती जलवायु के अनुसार खुद को ढालना अब हमारी पसंद नहीं, बल्कि अस्तित्व की मजबूरी है। फरवरी की यह असाधारण तपिश एक चेतावनी है कि यदि हम आज नहीं जागे, तो भविष्य के वसंत केवल लोकगीतों में ही जीवित बचेंगे।

बुंदेलखंड की कराह, बिहार की तपिश और उत्तर भारत के मैदानी इलाकों की चिंता को सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास से ही दूर किया जा सकता है। नीति निर्माताओं, कृषि वैज्ञानिकों और स्वयं किसानों को एक मंच पर आकर इस चुनौती का सामना करना होगा। आम का मौसम अब पहले जैसा स्थिर नहीं रहा, लेकिन विज्ञान-आधारित प्रबंधन और समयबद्ध निर्णयों के साथ हम इस नई सच्चाई के साथ तालमेल बिठा सकते हैं। प्रकृति अपना अलार्म बजा चुकी है, और अब यह हमारे ऊपर है कि हम समय रहते जागते हैं या अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक झुलसा हुआ भविष्य छोड़कर जाते हैं। संपादन के पन्नों पर इस विषय का केंद्र में होना ही इसकी गंभीरता को रेखांकित करता है, लेकिन असली समाधान तब होगा जब हर खेत में बदलती जलवायु से लड़ने का सामर्थ्य होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# इबादत, मग़फ़िरत का महीना है रमज़ान

**19 फरवरी से रमजान का पाक महीना शुरू हो रहा है। ये वक्त सिर्फ रोजा रखने का नहीं, बल्कि अपने दिल-दिमाग को पाक करने, सब्र सीखने और इंसा. नियत को और मजबूत करने का महीना होता है। रमजान का चांद देखने के बाद से ही हर मुसलमान एक दूसरे को रजमान की मुबारकबाद देते हैं और गले लगते हैं। अगर आप भी अपने परिवार, दोस्तों और खास लोगों को रमजान की मुबा. रबाद देना चाहते हैं तो ये आर्टिकल आपके लिए है।**



**हाजी हारून अली**




रमजान का पाक महीना अल्लाह की इबादत करने का महीना है। रमजानुल मुबारक में अल्लाह ने खासतौर पर पांच चीजों से नवाजा है। रोजेदार के लिए दरिया की मछलियां भी मगफिरत की दुआ करती हैं। जन्नत हर दिन रोजेदारों के लिए सजाई जाती है। इस महीने में शरारती शैतान को कैद कर दिया जाता है। रमजान की आखिरी रात रोजेदारों की मगफिरत की जाती है। रमजान का महीना अल्लाह की इबादत करने व मगफिरत का महीना है।

रमजान के महीने में कुछ ऐसे काम बताए जो रोजेदारों को करने चाहिएं। रोजा रखते हुए तरावीह पढ़ें, तमाम गुनाओं से तौबा करें, कलमा और इस्तगफार ज्यादा पढ़ें। कुरआन की ज्यादा से ज्यादा तिलावत करें। ऐतकाफ में बैठें, शब-ए-कद्र की तलाश करें, सदका व खैरात करें और रोजा इफ्तार कराएं। अपनी इस्लाह की कोशिश करें, आखिरत की फिक्र पैदा करें। पांच वक्त नमाज जमाअत के साथ पढ़ें। हलाल माल से ही रोजा इफ्तार करें वरना सारे दिन की मेहनत बेकार चली जाएगी। इफ्तार के बाद भी अल्लाह से डरता रहें।

चुगली गीबत न करें, झूठ न बोलें, रिश्वत न दें और न ही लें। जादू टोना न करें और न कराएं। जिनाकारी बदकारी चोरी डकैती से परहेज करें। मस्जिदों को खेलकूद व शोर शराबे से महफूज रखें और दुनिया की बातें न करें। फिल्में, धारावाहिक, गाने सुनने व गाने से बचें। जुल्म न करें, किसी का हक न मारें, किसी का दिल न तोड़ें। किसी पर जुल्म व सितम न करें, हर उस काम से बचें जिसको अल्लाह ने और उसके नबी हजरत मुहम्मद (स.) ने मना फरमाया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# एपस्टीन फाइल्स : यही है शक्तिशाली लोगों की हकीकत





**निर्मल रानी**

इन दिनों एप्सटीन फाइल्स का भूत अमेरिका से लेकर भारत तक सड़कों पर नाच रहा है। अमेरिकी कांग्रेस के कानून के अन्तर्गत और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर हस्ताक्षर के बाद ही अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा यह फाइल्स जारी की गई हैं। इस आदेश के तहत अमेरिकी न्याय विभाग को एपस्टीन से जुड़े सभी अनक्लासिफाइड रिकॉर्ड्स, दस्तावेज, कम्युनिकेशन्स और जांच सामग्री सार्वजनिक करने का निर्देश प्राप्त है। हालांकि यह कानून 2025 में कांग्रेस के दोनों सदनों (हाउस और सीनेट) से लगभग सर्वसम्मति से पास हुआ था और राष्ट्रपति ट्रंप ने 19 नवंबर 2025 को इस पर हस्ताक्षर किए थे। इसी कानून के तहत अमेरिकी न्याय विभाग ने समय-समय पर फाइल्स जारी की परन्तु इन फाइल्स का बड़ा हिस्सा गत 30 जनवरी 2026 को जारी किया गया, जिसमें 3.5 मिलियन से ज्यादा पृष्ठ , 2,000 से अधिक वीडियो और लगभग 1,80,000 फोटो शामिल थे। एप्सटीन फाइल्स के इसी खुलासे के बाद पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया। दुनिया के जाने माने लोगों के चेहरे से नकाब हटने लगी। इन फाइल्स के सार्वजनिक होने के बाद एप्सटीन के यौन अपराधों, ट्रैफिकिंग नेटवर्क और शक्तिशाली व्यक्तियों के साथ उनके संबंधों की गहराई उजागर हुई।

गौरतलब है कि जेफरी एप्सटीन, एक अमीर फाइनेंसर और दोषी यौन अपराधी है। इसने अनेक नाबालिग लड़कियों और युवा महिलाओं का शोषण किया, और इन फाइल्स में राजनीतिक, व्यापारिक और सामाजिक हस्तियों के कई नाम सामने आए। इन खुलासों के बाद कई प्रमुख व्यक्तियों का भविष्य व जीवन प्रभावित हुआ। कई लोगों को इस्तीफे देने पड़े तो कई के विरुद्ध जांच बिठाई गई। आपना नाम आने पर कई लोग शर्मिंदगी से जहां मुंह छुपाते घूम रहे हैं यहां तक कि इस नेटवर्क में नाम आने के बाद कई लोग भूमिगत हो चुके हैं और मीडिया से मुंह छुपाते फिर रहे हैं। वहीं भारत में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी जैसे विशिष्ट भी हैं जो एप्सटीन फाइल्स के खुलासे के अनुसार तो जेफरी एपस्टीन से 14 बार मिले परन्तु वे स्वयं एपस्टीन से 8 सालों में केवल 3-4 बार की मुलाकात को ही स्वीकार करते हैं। इसके बावजूद वह इस सवाल से बच नहीं पा रहे कि 13 -14 बार या 3-4 बार नहीं बल्कि यदि एक सजायाफ्ता बदनाम यौन अपराधी से हरदीप पुरी एक बार भी मिले तो उस मुलाकात की वजह क्या थी? जो व्यक्ति खुद स्वीकार कर चुका है कि वह कम उम्र की बच्चियों से सैक्स करने का आदी था ऐसे भेड़िया मान. सिकता वाले व्यक्ति से मुलाकात क्यों की गई? किसके कहने पर या किसके लिए की गई? बहरहाल उम्मीद की जा रही है कि अभी दुनिया के और भी अनेकानेक सफेदपोश भेड़ियों के नाम सामने आएंगे और इस्तीफों की भी झड़ी लग सकती है।

दुनिया में आए दिन घटित होने वाली तमाम घटनाएं ऐसी हैं जो पितृ सत्ता या पुरुष प्रधान समाज का बार बार एहसास कराती हैं परन्तु इस घटना में तो जेफरी एप्सटीन पर 2019 में न्यूयॉर्क में संघीय अदालत ने उसपर सेक्स ट्रैफिकिंग ऑफ माइनर्स के आरोप लगाए, जिसमें दर्जनों नाबा. लिग लड़कियों यहां तक कि 14 साल से भी कम उम्र की कुछ बच्चियों का यौन शोषण शामिल था। यह उसकी स्वीकारोक्ति थी कि उसने नाबालिग लड़कियों से यौन संबंध बनाए व अवैध काम किए। इसलिए इस विश्वव्यापी नेटवर्क से पर्दा उठने के बाद अब यह सवाल भी उठने लगा है कि दुनिया के धनाढ्य और शक्तिशाली लोगों की नजर में महिलाओं, खासकर छोटी बच्चियों का क्या स्थान है? महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने का ढोंग रचने वाला सफेदपोश पुरुष प्रधान समाज जो कभी महिलाओं को आधी आबादी कहकर खुश करता है तो कभी बच्चियों को कंजक व देवी के रूप में पूजता भी है उन्हीं बच्चियों को अपने पैसे व सत्ता के बल पर अपनी हवस का निशाना बनाने वाले लोग नाबालिग लड़कियों और युवा महिलाओं का शारीरिक शोषण भी करते हैं?

निश्चित रूप से एपस्टीन फाइल्स पितृसत्ता की एक गहरी तस्वीर पेश करती हैं, जहां धनाढ्य पुरुष विश्वव्यापी नेटवर्क बनाते हैं और एक दूसरे से जानकारी साझा करते हैं और महिलाओं को परिधि पर रखते हैं। वास्तव में आधी आबादी को प्राय: सहयोगी,या यौन सुख प्रदान करने वाली के रूप में ही देखा जाता है न कि समान भागीदार के रूप में। खासकर गरीब परिवारों की छोटी बच्चियों को तो कमजोर और आसानी से नियंत्रित करने योग्य माना जाता था। एपसटीन के नेटवर्क में शामिल कुछ पुरुषों ने कथित तौर पर इन लड़कियों को उपहार के रूप में इस्तेमाल किया, जिससे व्यापारिक या राजनीतिक लाभ मिलते थे। यह दर्शाता है कि शक्तिशाली लोगों की नजर में, महिलाएं और लड़कियां अक्सर सत्ता और प्रभाव बनाए रखने का साधन बन जाती है न कि कोई सम्मानजनक मानव। महिलाओं को केवल प्रजनन उपकरण के रूप में देखना भी पितृसत्ता की ही एक गहरी साजिश है।

इसलिए एपसटीन फाइल्स से प्राप्त हो रहे ब्यौरों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि एपसटीन जैसे मामलों में जहां कुछ शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा छोटी मासूम बच्चियों को मात्र अपनी यौन संतुष्टि के लिए या अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सौदेबाजी के साधन के रूप में अथवा किसी विशिष्ट व्यक्ति को ब्लैकमेल करने की गरज से इस्तेमाल किया गया। यह एक ऐसी व्यवस्थित समस्या है जहां धन, सत्ता के बल पर और जवाबदेही की कमी से ऐसी संस्कृति पनपती है। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों के अनुसार, यह वैश्विक अपराध नेटवर्क का हिस्सा है, जहां महिलाओं और लड़कियों का वस्तुकरण नस्लवाद और भ्रष्टाचार से जुड़ा है। हालांकि, FBI की जांच में ट्रैफिकिंग रिंग के लिए पर्याप्त सबूत भले ही नहीं मिले परन्तु पीड़ितों की गवाहियां बताती हैं कि यह शोषण अत्यंत व्यापक था। यह फाइल्स यह भी दिखाती है कि सत्ता के शीर्ष पर मिसोगिनी (स्त्री-द्वेष) और यौन हिंसा कैसे सामान्यीकृत हो जाती है। यह एक ऐसी विकृत पुरुष प्रधान व्यवस्था का प्रतिबिंब भी है जहां पीड़ितों को न्याय मिलना मुश्किल रहता है। एप्सटीन फाइल्स ऐसे ही शक्तिशाली पुरुष भेड़ियों की हकीकत को उजागर करती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# खलीलुर रहमान ने दिया अराकान कॉरिडोर पर संकेत

## पश्चिमी नीति-निर्माण हलकों में सहज, अमेरिकी प्रशासन के करीब हैं बांग्लादेश के नए विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।** बंगलादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक़ रहमान के मंत्रिमंडल में खलीलुर रहमान को विदेश मंत्री बनाये जाने को देश के कूटनीतिक हलकों में विदेश नीति की 'सावधानीपूर्वक पुनर्संतुलन प्रक्रिया' के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले वह अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) रह चुके हैं।



■ पिछले वर्ष एनएसए के रूप में उनकी नियुक्ति उस समय बीएनपी नेतृत्व के कड़े विरोध के बावजूद हुई थी

विश्लेषकों का कहना है कि वह पश्चिमी नीति-निर्माण हलकों में सहज माने जाते हैं और उन्हें अमेरिकी प्रशासन के करीब समझा जाता है। ऐसे समय में यह तथ्य अहम माना जा रहा है, जब बंगलादेश अमेरिका के साथ एक असंतुलित माने जा रहे व्यापार समझौते के बीच अपने संबंधों को साधने की कोशिश कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष एनएसए के रूप में उनकी नियुक्ति उस समय बीएनपी नेतृत्व के कड़े विरोध के बावजूद हुई थी। भारत के पूर्व उच्चायुक्त पिनाक आर. चक्रवर्ती ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि बीएनपी का हिस्सा न होने के बावजूद खलीलुर रहमान को विदेश मंत्री बनाया गया है। वह तथाकथित टेक्नोक्रेट कोटे से आए हैं। उनकी नियुक्ति से संकेत मिलता है कि तारिक रहमान के कार्यकाल में भी अमेरिकी प्रभाव बना रहेगा। भारत ने आधिकारिक तौर पर उनकी नियुक्ति का स्वागत किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह आपसी प्रगति और समृद्धि के लिए सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उनके साथ काम करने को उत्सुक हैं। मुहम्मद यूनुस के कार्यकाल के दौरान खलीलुर रहमान रोहिग्या मुद्दे पर मुख्य सलाहकार के उच्च प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। उन्हें उन प्रभावशाली आवाज़ों में शामिल माना जाता है, जिन्होंने 'अराकान कॉरिडोर' के निर्माण की वकालत की थी। यह एक मानवीय मार्ग होगा, जो चटगांव से होकर म्यांमार के रखाइन राज्य तक सहायता पहुंचाने में मदद करेगा। समर्थकों का कहना है कि यह गलियारा मानवीय और रणनीतिक दोनों उद्देश्यों की पूर्ति करेगा तथा लंबे समय से चले आ रहे रोहिग्या शरणार्थी संकट को लेकर बंगलादेश पर बने अंतर्राष्ट्रीय दबाव को कम कर सकता है। आलोचकों का मानना है कि इससे संप्रभुता, सुरक्षा जोखिम और म्यांमार के आंतरिक संघर्ष में गहराई से उलझने की आशंका बढ़ सकती है। चक्रवर्ती ने यह भी कहा कि खलीलुर रहमान हालिया बंगलादेश-अमेरिका व्यापार समझौते को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं और इसी कारण वह नई बीएनपी सरकार के लिए मूल्यवान बने रहेंगे, जो भविष्य में बेहतर शर्तें हासिल करने की कोशिश करेगी।

# डिएगो गार्सिया सैन्य अड्डे के महत्व पर अमेरिका मॉरीशस में वार्ता

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि अमेरिका चागोस द्वीप समूह पर स्थित डिएगो गार्सिया सैन्य अड्डे के महत्व को रेखांकित करने के लिए वह मॉरीशस के साथ बातचीत करेगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बयान में कहा कि अमेरिका और मॉरीशस 23-25 फरवरी तक पोर्ट लुई में विचार-विमर्श करेंगे। इसका नेतृत्व विदेश विभाग का राजनीतिक-सैन्य मामलों का ब्यूरो करेगा और इसमें विभिन्न अमेरिकी अंतर-एजेंसी प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह चर्चा हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चागोस द्वीप समूह और डिएगो गार्सिया पर स्थित अमेरिका-ब्रिटेन सैन्य अड्डे के निरंतर महत्व पर केंद्रित होगी। इस वार्ता का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग के साथ-साथ सैन्य अड्डे के संचालन को सुनिश्चित करने की व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करना होगा।



मुंबई। जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में जलवायु सप्ताह 2026 के दौरान बोलती पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन।

# बेनिन उत्तरी इलाके फ्रेंच और यूक्रेनी भाड़े के सैनिकों के नियंत्रण में: त्वियानी

**अबुजा।** नाइजीरिया के राष्ट्रपति अब्दौराहमाने त्वियानी ने कहा है कि बेनिन के उत्तरी इलाके फ्रेंच और यूक्रेनी भाड़े के सैनिकों के नियंत्रण में हैं। त्वियानी ने मंगलवार को नाइजीरियाई प्रसारक आरटीएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि हम बेनिन में भी ऐसी ही हालत देख रहे हैं। हमने अपनी चिंताएं बताईं और उन्होंने हमसे कहा कि हमें बेनिन के अच्छे से एकीकृत वायु रक्षा प्रणाली से ईर्ष्या हो रही है, लेकिन यह रक्षा प्रणाली कहां है, उत्तरी बेनिन में एक भी बेनिनी सैनिक नहीं है। आतंकवादी, फ्रेंच और यूक्रेनी भाड़े के सैनिक इस इलाके के प्रभारी हैं। यही सच्चाई है। उन्होंने कहा कि 29 जनवरी की सुबह, नियामे हवाईअड्डे पर हमला हुआ।

# अमेरिका से दूसरे दौरे की बातचीत रचनात्मक: अराघची

## दिशा देने वाले सिद्धांतों पर दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बन गई है: ईरानी विदेश मंत्री

**काहिरा।** अमेरिका के साथ हुई दूसरे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता के बाद ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि यह बातचीत ओमान की राजधानी मस्कट में हुई पहले दौर की वार्ता से बेहतर और ज्यादा 'रचनात्मक' थी। अराघची ने सरकारी प्रसारक इरिब (इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टर) के साथ विशेष बातचीत में कहा कि दिशा देने वाले सिद्धांतों पर दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बन गई है और जल्द ही एक संभावित समझौते का मसौदा तैयार करने की दिशा में बढ़ेंगे।

ओमान की मध्यस्थता में स्विट्ज़रलैंड की राजधानी जिनेवा में ओमानी दूतावास में हुई इस बैठक के बाद उन्होंने कहा कि एक बार मसौदा तैयार होने पर दोनों पक्ष तीसरे दौर की बातचीत के लिए तारीख निर्धारित करेंगे। अराघची ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच की खाई पाटने में समय लगेगा। अराघची ने बैठक के बाद संयुक्त राष्ट्र के एक निरस्त्रीकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बातचीत से एक टिकाऊ समाधान के लिए एक नया रास्ता खुल गया है जो ईरान के अधिकारों का सम्मान करते हुए पूरे क्षेत्र और सभी पक्षों के हितों की रक्षा करेगे। बैठक की मध्यस्थता करने वाले ओमान के विदेश

■ ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में ईरान के साथ हुए पहले के परमाणु समझौते से हट गए थे

■ अभ्यास ने ज़रूरी शिपिंग लेन के कुछ हिस्सों को कुछ समय के लिए बंद कर दिया



मंत्री सैयद बद्र बिन हम्माद बिन हमूद अलबुसैदी ने कहा कि बातचीत रचनात्मक थी और दोनों पक्षों ने तकनीकी मुद्दों एवं सामान्य उद्देश्य पहचानने में 'अच्छी प्रगति' की है। साथ ही अंतिम समझौते के 'मार्गदर्शक सिद्धांतों' को शक्ल देने के लिए महत्वपूर्ण कोशिशें की गईं। इस बीच, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैन्स ने मीडिया को बताया कि मंगलवार की बातचीत के कुछ पहलू सकारात्मक थे, लेकिन ईरान ने अभी तक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कुछ बातों को नहीं माना है, और इनसे पीछे नहीं हटा जा सकता। उन्होंने कहा कि सब कुछ अभी भी टेबल पर है। ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में ईरान के साथ हुए पहले के परमाणु समझौते से हट गए थे। लेकिन दूसरे कार्यकाल में उन्होंने ईरान पर 'अधिकतम दबाव' बनाया है और बार-बार चेतावनी दी है कि वह ईरान की परमाणु कार्रवाई रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल कर सकते हैं। ईरान ने भी इसके जवाब में कहा है कि वह किसी भी हमले का उसी तरह जवाब देगा। इससे पहले जैसे ही वार्ताकार जिनेवा में मिले, तो ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने होर्मुज की खाड़ी में 'स्मार्ट कंट्रोल ऑफ़ द स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज' नाम का एक अभ्यास शुरू कर दिया था। इस अभ्यास ने ज़रूरी शिपिंग लेन के कुछ हिस्सों को कुछ समय के लिए बंद कर दिया। इसमें तटीय एवं द्वीपीय बिन्दुओं से मिसाइल लॉन्च, त्वरित हमलों और समुद्री लक्ष्यों पर हमलों की नकल करने वाली ड्रोन इकाइयां शामिल थीं। आईआरजीसी के आधिकारिक समाचार आउटलेट सेपा न्यूज़ ने कहा कि इस अभ्यास का मकसद नौसेना की तैयारी का परीक्षण करना और समुद्र में सुरक्षा और जवाबी हमले की योजना का अभ्यास करना था। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा था कि दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड और यूएसएस अब्राहम लिकन को पश्चिमी एशिया में तैनात किया जा रहा है, जो तीन हफ्ते से इस इलाके में हैं। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने मंगलवार को कहा कि ईरान अपनी 'शांतिपूर्ण' परमाणु तकनीक नहीं छोड़ेगा, लेकिन यह साबित करने के लिए किसी भी तरह के सत्यापन के लिए तैयार है कि उसका कार्यक्रम हथियार बनाने के मकसद से नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिका और तरराष्ट्रीय समुदाय उन 'अफवाहों' को खारिज कर देगा जिनमें यह दावा किया जाता है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है।

# आठ मुस्लिम देशों का निंदा बयान बेबुनियाद और गुमराह करने वाला: इजरायल

**तेल अवीव।** इज़रायल सरकार ने पश्चिमी तट में ज़मीन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने के हालिया फ़ैसले की आठ मुस्लिम देशों द्वारा निंदा करने वाले संयुक्त बयान को बेबुनियाद और गुमराह करने वाला बताया है। मंगलवार को तुर्की, मिस्र, जॉर्डन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, क़तर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों ने पश्चिमी तट में ज़मीन को सरकारी सम्पति घोषित करने और उनके पंजीकरण और मालिकाना हक़ के सेटलमेंट के लिए प्रक्रिया को मंज़ूरी देने के इज़रायली सरकार के फ़ैसले की निंदा की। मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि यह बयान असल में बेबुनियाद और जानबूझकर गुमराह करने वाला है। फलस्तीनी अधिकारी ही क्षेत्र सी में गैर-कानूनी ज़मीन पंजीकरण प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे है, जो कानून और मौजूदा समझौतों का उल्लंघन है। मंत्रालय ने बताया कि इज़रायली सरकार ने सिविल और सम्पति कानून के तहत प्रशासनिक कदम को मंज़ूरी दी है।

# वर्चुअल ट्रायल टेक से फैशन रिटेल को बदल रहा टीसीएस

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर बढ़ते उत्साह के बीच, नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में यह प्रदर्शित किया जा रहा है कि एआई किस तरह नीति-स्तरीय चर्चाओं से आगे बढ़कर तेजी से व्यावहारिक और वास्तविक उपयोग के चरण में प्रवेश कर रहा है। स्वास्थ्य, ऊर्जा और रिटेल जैसे क्षेत्रों में कंपनियां ऐसे नवाचार प्रस्तुत कर रही हैं, जो बुद्धिमान प्रणालियों के माध्यम से रोजमर्रा के अनुभवों को बदलने का लक्ष्य रखते हैं।

इसी क्रम में आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (टीसीएस) ने फैशन रिटेल को नया आयाम देने वाला एक उन्नत वर्चुअल ट्रायल समाधान पेश किया है। यह तकनीक कंपनी की 'फ्यूचर एक्सपीरियंस स्टोर' परिकल्पना का हिस्सा है और इसका उद्देश्य भौतिक ट्रायल रूम की आवश्यकता को समाप्त करना है। इस तकनीक के तहत ग्राहक एक वर्चुअल स्क्रीन के सामने खड़े होते हैं, जहां उनकी सहमति से फोटो ली जाती है। कंप्यूटर विजन के माध्यम से सिस्टम ग्राहक की तस्वीर पर चुने गए परिधान को

■ एआई समिट 2026: स्वास्थ्य, ऊर्जा और रिटेल जैसे क्षेत्रों में कंपनियां ऐसे नवाचार प्रस्तुत कर रही

तुरंत मैप करता है और फोटो से प्राप्त शारीरिक माप के आधार पर सबसे उपयुक्त फिट की सिफारिश करता है। लाइव डेमो के दौरान खरीदारों ने आउटफिट चुने, जिसके बाद सिस्टम ने उनके बॉडी टाइप और साइज का विश्लेषण कर यथार्थवादी प्रीव्यू तैयार किया। प्लेटफॉर्म पर उपयोगकर्ता की मूल तस्वीर और एआई-जनरेटेड लुक को साथ-साथ प्रदर्शित किया गया तथा रियल टाइम में व्यक्तिगत सिफारिशें दी गईं। इस समाधान में स्वचालित स्टाइलिग सुझावों की सुविधा भी है। साथ ही, उपयोगकर्ता अपनी तस्वीर को भारतीय कला शैलियों से प्रेरित थीम्ड विजुअल फॉर्मेट में भी बदल सकते हैं। टीसीएस की एक्सपो प्रतिनिधि रोली सितानी ने बातचीत में कहा कि यह प्लेटफॉर्म त्वरित और सहज वर्चुअल ट्रायल अनुभव प्रदान करता है तथा भारत में वैश्विक स्तर का रिटेल अनुभव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सरकारों से एआई विनियमन की अपील

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने डिजिटल उपनिवेशवाद के प्रति सचेत करते हुए बुधवार को कहा कि सरकार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग की शर्तें निर्धारित करनी चाहिये। नागेश्वरन ने यहां दलित इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) के एक कार्यक्रम में कहा कि साल 2030 तक एआई के कारण वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 15.7 लाख करोड़ डॉलर की वृद्धि हो सकती है।

■ मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने डिजिटल उपनिवेशवाद के प्रति चेताया

हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इसका लाभ सबको समान रूप से मिले। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में एआई में असमानता स्पष्ट है। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि दुनिया भर में नीति निर्माताओं ने जहां इंतजार और सीमित नियमन की नीति अपनाई हुई है, वहीं प्रौद्योगिकी के वास्तुकार समाज की संरचना तय कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी की नीति केवल तकनीकी विशेषज्ञों के हाथों में नहीं छोड़ी जा सकती। सरकारों और लोकतांत्रिक संस्थाओं का सिर्फ अधिकार ही नहीं दायित्व भी है कि वे एआई के उपयोग की शर्तों को निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि कुछ गिने-चुने देश एआई पेटेंट, सुपरकंप्यूटिंग क्षमता और निजी निवेश पर प्रभुत्व रखते हैं। जिसे उभरता हुआ 'एआई विभाजन' कहा जा रहा है, वह केवल तकनीकी क्षमता का नहीं, बल्कि मानव गरिमा का सवाल है। उन्होंने कहा कि अगले एक-डेढ़ साल में लिए गए निर्णय यह तय करेंगे कि एआई से कौन लाभान्वित होगा और इन प्रणालियों पर शासन कौन करेगा। भारत, अपने आकार, लोकतांत्रिक परंपरा और डिजिटल अवसंरचना के साथ इन मानकों को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वर्तमान परिस्थितियों को 'डिजिटल उपनिवेशवाद' की संज्ञा देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले तीन दशकों में रैम और स्टोरेज की लागत घटने से कंप्यूटिंग तक पहुंच में तेजी से इजाफा हुआ, लेकिन अब यह प्रवृत्ति उलट रही है। बड़ी कंपनियां प्रीमियम कीमत चुकाने में सक्षम हैं जिससे विशेष चिप्स, उच्च-प्रदर्शन वाले जीपीयू और उन्नत प्रोसेसिंग इकाइयों का इस्तेमाल अत्याधुनिक एआई मॉडलों के प्रशिक्षण के लिए हो रहा है और आम लोगों को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। हार्डवेयर निर्माता उत्पादन बढ़ाने के प्रति अनिच्छुक दिख रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या हम ऐसे युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां क्लाउड कंप्यूटिंग के माध्यम से कंप्यूटर तक पहुंच स्वामित्व का अधिकार नहीं बल्कि किराये की व्यवस्था बन जाएगी।

# 2022 से यूक्रेन मे कनाडा के बीस भाड़े के सैनिक मारे गए

**ओटावा।** यूक्रेन में फरवरी 2022 से रुस का विशेष सैन्य अभियान शुरु होने के बाद कम से कम बीस कनाडा के भाड़े के सैनिक मारे गए है। नेशनल पोस्ट अखबार ने ओटावा यूनिवर्सिटी के अनुबंधित प्रोफेसर जीन-फ्रेंकोइस रैटेल के हवाले से बताया कि फरवरी 2022 में रूस का विशेष सैन्य अभियान शुरू होने के बाद से यूक्रेन में कम से कम 20 कनाडाई भाड़े के सैनिक मारे गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि लगभग 130 कनाडाई भाड़े के सैनिक लड़ाई में हिस्सा लेने के लिए यूक्रेन गए हैं, और यह भी कहा कि यूक्रेन में मारे गए कनाडाई भाड़े के सैनिकों की कुल संख्या फ्रांस और जर्मन भाड़े के सैनिकों की मौत के बराबर या उससे जयादा है। कनाडा के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता थिडा इथ ने कथित तौर पर कहा कि मंत्रालय युद्ध में हिस्सा लेने के लिए यूक्रेन जाने वाले कनाडाई लोगों की संख्या या उनमें मारे गए लोगों की संख्या को ट्रैक नहीं करता है।

# रूस ने कीव पर दागे 29 मिसाइलें व 400 ड्रोन

## यूक्रेन ने इसे ऊर्जा तथा नागरिक ढांचे पर किया गया समन्वित हमला बताया

**कीव।** स्विटजरलैंड की राजधानी जिनेवा में नए सिरे से शुरू हुई शांति वार्ता के पहले ही दिन रूस ने ताकत का प्रदर्शन करते हुए यूक्रेन के 12 क्षेत्रों में 29 मिसाइलें और लगभग 400 ड्रोन दागे, जिससे कई नागरिक घायल हुए और ऊर्जा एवं नागरिक अवसंरचना को भारी नुकसान पहुंचा।



■ कई नागरिक घायल हुए और ऊर्जा एवं नागरिक अवसंरचना को भारी नुकसान पहुंचा

यूक्रेन ने इसे ऊर्जा तथा नागरिक ढांचे पर किया गया समन्वित हमला बताया है, जिससे कूटनीतिक प्रयासों की नाजुक स्थिति उजागर होती है। बातचीत के पहले दिन के बाद, रूसी मीडिया ने मंगलवार को एक अनजान सूत्र के हवाले से बताया कि बातचीत 'तनावपूर्ण' थी और छह घंटे तक चली। बातचीत बुधवार को आखिरी दिन तक जारी रहेगी। यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार रुस्तेम उमेरोव ने कहा कि बातचीत 'व्यावहारिक मुद्दों और संभावित समाधानों की कार्यप्रणाली' पर केंद्रित रही। उन्होंने वार्ता से पहले किसी बड़े घटनाक्रम की उम्मीदों को कमतर बताते हुए कहा था कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल जिनेवा वार्ता में 'अत्यधिक अपेक्षाओं के बिना' पहुंचा है। रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सलाहकार व्लादिमीर मेडिन्स्की कर रहे हैं। रूसी मीडिया के मुताबिक पहले दिन की बातचीत छह घंटे चली और माहौल 'तनावपूर्ण' रहा। वार्ता का अंतिम सत्र बुधवार को होना है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह मॉस्को की 'वास्तविक मंशा' को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि रूस के नवीनतम हमलों में बच्चों सहित नौ लोग घायल हुए हैं। ज़ेलेंस्की के अनुसार यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली ने रूस द्वारा दागी गई 29 में से 25 मिसाइलों को मार गिराया। ज़ेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर साझा वीडियो संदेश में कहा कि जिस दिन जिनेवा में त्रिपक्षीय और द्विपक्षीय नए प्रारूप शुरू हुए, उसी दिन रूस ने हमले किए। लगभग 400 ड्रोन भी छोड़े गए। यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि रूस वास्तव में क्या चाहता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल अमेरिका के साथ चर्चा में इन हमलों का मुद्दा जरूर उठाएगा। उन्होंने कहा कि यूक्रेन युद्ध नहीं चाहता। हम अपने राज्य और स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं और हम न्यायपूर्ण समझौते की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।

इस बीच ज़ेलेंस्की ने बताया कि ओडेसा में हमलों के बाद हजारों लोग पानी और हीटिंग से वंचित हो गए हैं तथा करीब 10 आवासीय इमारतों और रेलवे अवसंरचनाओं को नुकसान पहुंचा है। कुल मिलाकर 12 क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। जिनेवा वार्ता अमेरिका के नेतृत्व में चल रहे व्यापक कूटनीतिक प्रयासों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य फरवरी 2022 से जारी संघर्ष का समाधान निकालना है।

# श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा ने 'ईथा' की पुणे शेड्यूल की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा ने अपनी आने वाली फिल्म ईथा की पुणे शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। यह शेड्यूल इस हफ्ते की शुरुआत में खत्म हुआ। शहर और उसके आसपास कई जगहों पर लंबे समय तक शूटिंग की गई।

इससे पहले फिल्म की मुंबई शेड्यूल की शूटिंग भी पूरी हो चुकी है, जो जनवरी के अंत से फरवरी तक चली थी। पुणे शेड्यूल खत्म होने पर सेट पर केक काटकर जश्न मनाया गया, जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू मौजूद थे। निर्देशक लक्ष्मण उतेकर और प्रोडक्शन टीम के सदस्य भी इस मौके पर शामिल हुए। इस खास पल का एक वीडियो भी फिल्म के सेट पर बनाया गया। ईथा एक बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म है, जो प्रसिद्ध मराठी तमाशा कलाकार विठाबाई नरायणगांवकर के जीवन से प्रेरित है। इस फिल्म को मैडॉक फिल्म्स प्रोड्यूस कर रही है। फिल्म में श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, जबकि रणदीप हुड्डा उनके साथ मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।



■ ईथा एक बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म है

# कार्नी ने की देश की पहली रक्षा औद्योगिक रणनीति की घोषणा

## तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में कनाडा की रणनीतिक स्वायत्तता को सुदृढ़ करने की कवायद तेज

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने देश की पहली रक्षा औद्योगिक रणनीति की घोषणा कर दी है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना, उच्च वेतन वाली नौकरियों का सृजन करना और तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में कनाडा की रणनीतिक स्वायत्तता को सुदृढ़ करना है।



■ कनाडा की नई सरकार कनाडाई सशस्त्र बलों (सीएएफ) के पुनर्निर्माण, पुन:सज्जा और पुनर्निवेश पर केंद्रित है

कार्नी ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था के कमजोर पड़ने और प्रौद्योगिकी के कारण संघर्षों के विस्तार ने कनाडा की रक्षा नीति में बदलाव को आवश्यक बना दिया है। उन्होंने कहा कि कनाडा की नई सरकार कनाडाई सशस्त्र बलों (सीएएफ) के पुनर्निर्माण, पुन:सज्जा और पुनर्निवेश पर केंद्रित है। कनाडा इस वित्त वर्ष में नाटो के दो प्रतिशत रक्षा व्यय लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है और सीएएफ में शामिल होने के लिए आवेदनों में लगभग 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब कनाडाई सरकार सीएएफ के आधुनिकीकरण, खरीद प्रक्रियाओं को सरल बनाने और घरेलू आपूर्तिकर्ताओं को प्राथमिकता देने पर जोर दे रही है, ताकि सैनिकों को कनाडा और उसके सहयोगियों की रक्षा के लिए आवश्यक उपकरण समय पर उपलब्ध कराए जा सकें। कार्नी ने इस रणनीति को सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लिए एक खाका बताया और कहा कि कनाडा की रक्षा करना, कनाडा का निर्माण करना है। सुरक्षा और समृद्धि एक-दूसरे की पूरक आधारशिलाएं हैं। हमारी नई रक्षा औद्योगिक रणनीति यह सुनिश्चित करती है कि कनाडा एक संप्रभु राष्ट्र बना रहे और अपने भविष्य का स्वयं निर्धारण करे। नई रणनीति के तहत, रक्षा खरीद में कनाडाई आपूर्तिकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी, नवाचार में निवेश बढ़ाया जाएगा और खरीद प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जाएगा। सरकारी अनुमानों के अनुसार, इससे अगले 10 वर्षों में 180 अरब कनाडाई डॉलर के रक्षा खरीद अवसर और 290 अरब डॉलर का रक्षा-संबंधी पूंजी निवेश सृजित होगा। वर्ष 2035 तक इससे लगभग 125 अरब डॉलर का आर्थिक लाभ, 1.25 लाख उच्च वेतन वाली नौकरियां, रक्षा निर्यात में 50 प्रतिशत वृद्धि और कनाडाई कंपनियों को दिए जाने वाले रक्षा अनुबंधों का हिस्सा 70 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना है। राष्ट्रीय रक्षा मंत्री डेविड जे- मैकगिन्टी ने कहा कि सरकार की यह प्रतिबद्धता सुनिश्चित करती है कि कनाडा के पास अपने देश की रक्षा, संप्रभुता की सुरक्षा और वर्तमान एवं भविष्य के खतरों से निपटने के लिए आवश्यक क्षमताओं तक सुरक्षित, समयबद्ध और विश्वसनीय पहुंच हो।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108